नई दिल्ली
मंगलवार 21 अप्रैल 2026
वैशाख मास शुक्ल पक्ष, चतुर्थी वर्ष : 30, अंक : 02
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 39.0
न्यून. 25.0

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



11 वर्षीय अतिका का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन डब्ल्यूएसके में सेकेंड पोजीशन 11

दोनों देशों के बीच दी जाएगी रक्षा औद्योगिक रोडमैप को मंजूरी, मजबूत होगी रक्षा साझेदारी

# आज से जर्मनी की तीन दिवसीय यात्रा पर रहेंगे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

अमेरिका-ईरान युद्ध से बढ़ते वैश्विक संकट के मध्य रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मंगलवार से जर्मनी की तीन दिवसीय (21 से 23 अप्रैल तक) आधिकारिक यात्रा करेंगे। जिसमें दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय रक्षा औद्योगिक रोडमैप को अंतिम रूप प्रदान किया जाएगा। इसकी मदद से भारत और जर्मनी को एक ऐसा ढांचा मिलेगा। जिससे वह अपनी कई सैन्य हार्डवेयर से जुड़ी हुई पहल पर सह-विकास और सह-उत्पादन के जरिए आगे बढ़ेंगे। जर्मनी के रक्षा उद्योग के प्रमुख प्रतिनिधियों से भी राजनाथ की मुलाकात होगी। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान के माध्यम से यह जानकारी दी है। यहां बता दें कि रक्षा मंत्री की यह यात्रा सात साल के लंबे अंतराल के बाद हो रही है। पूर्व में वर्ष 2019 में तत्कालीन रक्षा मंत्री निर्मला सीतारमण ने जर्मनी की यात्रा की थी। जबकि बीते कुछ वर्षों में देखें तो जर्मनी के रक्षा मंत्री ने जून-2023 में भारत की यात्रा की थी। उस दौरान उनकी रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ काफी व्यापक बातचीत हुई थी।

- *जर्मनी से भारतीय नौसेना को बढ़ी अगली पीढ़ी की 6 पनडुब्बियां मिलने की संभावना*
- *रक्षा मंत्री करेंगे जर्मनी में अपने समकक्ष रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस समेत अन्य वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात*

### भारत में होगा पनडुब्बियों का निर्माण



दोनों रक्षा मंत्रियों की मुलाकात के दौरान इस बात की भी काफी संभावनाएं जताई जा रही हैं कि प्रोजेक्ट-75-आई के तहत जर्मनी से भारतीय नौसेना को अगली पीढ़ी की 6 पारंपरिक पनडुब्बियां मिल सकती हैं। जिसके लिए दोनों रक्षा मंत्रियों की मौजूदगी में एक अंतर-सरकारी समझौते (आईजीआई) पर हस्ताक्षर किए जा सकते हैं। अगर यह समझौता होता है तो इसकी कुल अनुमानित कीमत 70 हजार करोड़ रुपए से लेकर 99 हजार करोड़ रुपए तक हो सकती है। पनडुब्बियों का निर्माण भारत में मझगांव डॉकयार्ड लिमिटेड (एमडीएल) में किया जाएगा। जिसमें जर्मन कंपनी थिसेनक्रुप मरीन सिस्टम (टीकेएमएस) सहयोग प्रदान करेगी।

### टीकेएमएस, एमडीएल में बातचीत जारी

जर्मनी की रक्षा क्षेत्र की कंपनी टीकेएमएस और मुंबई स्थित मझगांव शिपबिल्डर्स के बीच नौसेना को सौंपी जाने वाली छह पनडुब्बियों के मामले में कीमतों को लेकर विचार-विमर्श चल रहा है। जिसमें जर्मनी के रक्षा मंत्रालय की अहम भूमिका रहेगी। जानकारों की राय में अगर यह समझौता परवान चढ़ता है तो यह हालिया वर्षों में मेक इन इंडिया तहत हुई अब तक की सबसे बड़ी रक्षा परियोजना होगी।

### मौजूदा रक्षा सहयोग की करेंगे समीक्षा

मंत्रालय ने यह भी स्पष्ट किया कि रक्षा मंत्री अपनी इस यात्रा के दौरान जर्मनी के साथ बने हुए मौजूदा सहयोग की समीक्षा करेंगे और उससे जुड़े हुई नई संभावनाओं पर भी मंथन करेंगे। भारत के मित्र देश के रक्षा उद्योग के साथ होने वाली मुलाकातों का उद्देश्य मेक इन इंडिया अभियान के तहत दोनों देशों के बीच सह-उत्पादन और विकास को बढ़ावा देना है।

### यूएन शांति रक्षा को लेकर होगा समझौता

बर्लिन में होने वाली रक्षा मंत्री की वार्ताओं में विशेष रूप से रक्षा औद्योगिक सहयोग सहित दोनों सेनाओं के बीच सैन्य सहयोग बढ़ाने के मुद्दे पर भी ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इसके अलावा उभरते हुए क्षेत्रों जैसे साइबर सुरक्षा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), ड्रोन जैसे विषयों पर नई संभावनाओं की तलाश की जाएगी। रक्षा औद्योगिक सहयोग रोडमैप से इतर दोनों रक्षा मंत्रियों की मौजूदगी में संयुक्त राष्ट्र (यूएन) शांति सेना अभियान में सहयोग से जुड़ी प्रशिक्षण प्रक्रिया को लागू करने के लिए भी एक दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। भारत, जर्मनी के बीच रक्षा और सुरक्षा संबंध लगातार आगे बढ़ रहे हैं। निर्यात नियंत्रण में ढील, मामलों के तीव्र निपटान ने जर्मनी से भारत में किए जाने वाले रक्षा निर्यात में बढ़ोतरी की है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
एसआरएच डीसी
शाम 7.30 बजे से

## खबर संक्षेप

### पीएम का आज होने वाला कार्यक्रम टला

**बालोतरा।** राजस्थान के बालोतरा जिले स्थित पचपदरा रिफाइनरी में सोमवार को भीषण आग लग गई। तेल मंत्रालय के मुताबिक क्रूड डिस्टिलेशन यूनिट के पास लगी आग के कारण 21 अप्रैल को प्रधानमंत्री द्वारा होने वाला रिफाइनरी का उद्घाटन फिलहाल टाल दिया गया है। तेल मंत्रालय ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है और इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है।



रिफाइनरी के उद्घाटन के लिए नई तारीख जल्द घोषित की जाएगी। हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा इस यूनिट से तकरीबन एक किलोमीटर दूर रखी गई थी और कार्यक्रम स्थल पूरी तरह सुरक्षित था। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। घटना के बाद तुरंत जांच शुरू कर दी गई है।

राजधानी में सोमवार को प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति म्युंग के बीच हुई बैठक के बाद पीएम ने की यह घोषणा

# 'चिप्स से लेकर शिप्स तक, टैलेंट से टेक्नोलॉजी तक' उन्नत होगी भारत और दक्षिण कोरिया की साझेदारी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

पश्चिम-एशिया में जारी युद्ध की वजह से तेजी से बढ़ती व्यापार बाधाओं के मुश्किल दौर में सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति ली जे म्युंग के बीच एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय तथा प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक हुई। जिसमें दोनों शीर्ष नेताओं ने अपनी व्यापक रणनीतिक साझेदारी से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों जैसे व्यापार, जहाज निर्माण, एआई, सेमीकंडक्टर, रक्षा-सुरक्षा, उभरती हुई प्रौद्योगिकियों में अब तक हुई समग्र प्रगति की समीक्षा की। साथ ही उसे भविष्य में और अधिक प्रगाढ़ बनाने के लिए संवाद प्रक्रिया की शुरुआत करने को लेकर सहमति प्रदान की है। वार्ता में साझा हितों से जुड़े हुए क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी दोनों ने गहन विचार-विमर्श किया।

संयुक्त राष्ट्र (यूएन) या किसी अन्य वैश्विक निकाय का नाम लिए बगैर पीएम मोदी और राष्ट्रपति म्युंग इस बात पर राजी हुए कि अंतरराष्ट्रीय चुनौतियों के समाधान के लिए वैश्विक संस्थानों में सुधार की आवश्यकता है। वैश्विक तनाव के इस माहौल में उन्होंने एकजुटता के साथ शांति और स्थिरता का संदेश देते हुए यह घोषणा की है कि वह एक शांत, समृद्ध और समावेशी हिंद-प्रशांत क्षेत्र के गठन के लिए लगातार अपने प्रयास जारी रखेंगे। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि दोनों देशों के बीच विशेष सामरिक भागीदारी के तहत संयुक्त रणनीतिक विजन की घोषणा से लेकर शिपबिल्डिंग, शिपिंग-समुद्री लॉजिस्टिक्स को लेकर व्यापक फ्रेमवर्क, ऊर्जा संसाधन सुरक्षा सहित कई महत्वपूर्ण घोषणाएं और एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

- *बोले, अस्थिर भू-राजनीतिक माहौल में हमने जताई वैश्विक संस्थानों में सुधार को लेकर सहमति*
- *बैठक के बाद दोनों देशों के बीच हुई कई अहम घोषणाएं, एमओयू पर किए गए हस्ताक्षर*



### 2047 के संकल्प में अहम साझेदार

प्रधानमंत्री मोदी ने लगभग 100 साल पहले गुरुदेव रविंद्रनाथ टैगोर के द.कोरिया को 'लैंप ऑफ द ईस्ट' कहे जाने वाले कथन का उल्लेख करते हुए कहा कि आज 2047 के हमारे विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए दक्षिण-कोरिया एक महत्वपूर्ण साझेदार है। उन्होंने राष्ट्रपति म्युंग से यह अपील भी की कि हम अपनी साझेदारी से दोनों देशों के साथ-साथ समूचे विश्व की प्रगति ▸▸ शेष पेज 5 पर

### 2030 तक 50 बिलियन डॉलर का होगा व्यापार

प्रधानमंत्री मोदी ने बैठक के बाद दिए संयुक्त प्रेस वक्तव्य में कहा कि हमने अपनी विश्वसनीय साझेदारी को एक भविष्योन्मुखी साझेदारी में परिवर्तित करने का निर्णय लिया है। जिसमें चिप्स से लेकर शिप्स तक, टैलेंट से लेकर टेक्नोलॉजी तक, पर्यावरण से लेकर ऊर्जा तक लगभग हर क्षेत्र में सहयोग के नए अवसरों को साकार करेंगे। भारत, दक्षिण कोरिया के द्विपक्षीय व्यापार और आर्थिक संबंधों में 2010 में हुए व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) के बाद से काफी गति देखने को मिली है। वर्तमान में हमारा द्विपक्षीय व्यापार 27 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया है। जिसे हमने 2030 तक 50 बिलियन डॉलर तक पहुंचाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। जो दोनों देशों की प्रगति और समृद्धि को सुनिश्चित करेंगे।

### बैठक के बाद सामने आए यह दस्तावेज

मंत्रालय ने कहा कि बैठक के बाद दोनों देशों के बीच कुल करीब 12 एमओयू हुए और 6 से अधिक घोषणाएं की गई हैं। जिनमें-

- विशेष रणनीतिक साझेदारी के लिए संयुक्त रणनीतिक विजन।
- आर्थिक सुरक्षा संवाद का शुभारंभ।
- जहाज निर्माण, जहाजरानी, समुद्री लॉजिस्टिक्स में साझेदारी के लिए व्यापक ढांचा।
- ऊर्जा संसाधन सुरक्षा पर संयुक्त वक्तव्य।
- विशिष्ट आगंतुक कार्यक्रम की स्थापना।
- जलवायु परिवर्तन, आर्कटिक व समुद्री सहयोग सहित वैश्विक विषय वस्तुओं पर दोनों विदेश मंत्रालय के बीच हुआ संवाद का आगाज।
- 2028-29 को भारत-दक्षिण कोरिया मैत्री वर्ष के रूप में मनाना।

### डिजिटल ब्रिज से एआई में बढ़ेगा सहयोग

उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों, बाजार अर्थव्यवस्था और नियम के शासन का सम्मान दोनों देशों के डीएनए में है। आज दोनों पक्ष मिलकर आगामी एक दशकीय सफलता की कहानी की नींव रख रहे हैं। जिसमें वित्तीय आदान-प्रदान को सरल-सुगम बनाने के लिए दोनों देशों ने वित्तीय मंच की शुरुआत की है। जिसमें व्यापारिक सहयोग को बल देने के लिए एक औद्योगिक सहयोग समिति का गठन किया है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), सेमीकंडक्टर, सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), लोगों के बीच संबंधों के मामले में साझेदारी को और प्रगाढ़ बनाने के लिए इंडिया-कोरिया डिजिटल ब्रिज लांच कर रहे हैं। जहाजों के निर्माण, सतत विकास, स्टील और बंदरगाह जैसे क्षेत्रों में हम समझौता ज्ञापन (एमओयू) कर रहे हैं।

### जटिल सप्लाई चेन में बढ़ेगा सहयोग

भारत-दक्षिण कोरिया ने जटिल तकनीक और सप्लाई चेन में सहयोग को और अधिक मजबूत प्रदान करने के लिए आर्थिक सुरक्षा संवाद का आगाज किया है। संस्कृति और रचनात्मक उद्योग में सहयोग को बढ़ाने के लिए हम फिल्म, एनिमेशन और गेमिंग में नए आयाम स्थापित करेंगे। दोनों देशों के बीच हजारों साल पुराने सांस्कृतिक संबंध हैं। जिसका प्रमाण करीब 2 हजार वर्ष पूर्व अयोध्या की राजकुमारी सूरीरत्ना और कोरिया के राजा किम सुरो की कहानी हमारी साझा विरासत में भी देखने को मिलता है। दोनों देशों के आम लोगों के बीच संबंध बढ़ाने के लिए हम 2028 में भारत-कोरिया फ्रेंडशिप फेस्टिवल आयोजित करेंगे। इसी क्रम में शिक्षा, शोध सहयोग और पर्यटन को भी बढ़ावा दिया जाएगा।

### इन क्षेत्रों में हुए समझौते-एमओयू

- बंदरगाहों के क्षेत्र में सहयोग के लिए।
- डिजिटल सेतु के लिए संरचना।
- पेरिस समझौते के अनुच्छेद 6.2 के तहत सहयोगात्मक दृष्टिकोण के लिए।
- जलवायु-पर्यावरण के क्षेत्र में सहयोग के लिए।
- औद्योगिक सहयोग समिति की स्थापना के लिए।
- समुद्री विरासत के क्षेत्र में सहयोग के लिए।
- खेल क्षेत्र में सहयोग के लिए।



जम्मू के उधमपुर में बड़ा सड़क हादसा

# तेज रफ्तार बस का टायर फटा, 100 मीटर गहरी खाई में गिरी, 21 लोगों की मौत

> हादसे में बस का ऊपरी हिस्सा पूरी तरह नष्ट



एजेंसी ⏭ उधमपुर

यहां सोमवार सुबह एक बस हादसे का शिकार हो गई। रामनगर से आ रही बस कगोत के पास सड़क से करीब 100 मीटर नीचे गिरकर पलट गई। इस हादसे में 21 लोगों की मौत हो गई, जबकि 29 से ज्यादा यात्री घायल हो गए। हादसा सुबह करीब 10 बजे हुआ। बस में 50 यात्री सवार थे, जिनमें से ज्यादातर लोग रामनगर से उधमपुर में अपने रोजाना के काम पर जा रहे थे। 15 यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि बाकी 6 लोगों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घायलों के मुताबिक बस ओवरलोड थी, रफ्तार भी तेज थी। कगोत नाले के पास अचानक बस का टायर फट ▸▸ शेष पेज 5 पर

### पीएम मोदी ने जताया दुख, मुआवजे का ऐलान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में बस दुर्घटना में हुई जानमाल की हानि के बारे में सुनकर गहरा दुख हुआ। मैं मृतकों के परिजनों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। इस दुखद दुर्घटना में जान गंवाने वाले प्रत्येक व्यक्ति के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय सुरक्षा बल ▸▸ शेष पेज 5 पर

## मणिपुर में ताज़ा हिंसा पर कांग्रेस का केंद्र से हस्तक्षेप का आग्रह, समयबद्ध जांच और शांति बहाली की मांग



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

मणिपुर में हाल ही में भड़की ताज़ा हिंसा और निर्दोष लोगों, विशेषकर दो बच्चों की हत्या पर गहरी चिंता जताते हुए कांग्रेस ने केंद्र सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। पार्टी ने कहा है कि राज्य में शांति बहाली, दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए समयबद्ध जांच सुनिश्चित की जाए। मणिपुर से कांग्रेस सांसद बीमोल अकोईजाम ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए केंद्र और राज्य सरकारों पर गंभीर आरोप। लगाया। उन्होंने कहा कि दोनों सरकारें राज्य में शांति स्थापित करने और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में पूरी तरह विफल रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकारों ने अपनी जिम्मेदारी से "पूरी तरह हाथ खींच ▸▸ शेष पेज 5 पर

## सरकार ने अतिरिक्त 25 लाख मीट्रिक टन गेहूं के निर्यात को दी मंज़ूरी

- *किसानों के लिए लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने तथा घरेलू बाजारों में स्थिरता बनाए रखने हेतु लिया फैसला*



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारत सरकार ने अतिरिक्त 25 लाख मीट्रिक टन (एलएमटी) गेहूं के निर्यात को मंजूरी दी है। केंद्रीय उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के अनुसार यह निर्णय किसानों को लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने के प्रति अपनी वचनबद्धता को सुदृढ़ किया गया है, साथ ही घरेलू बाजारों में स्थिरता बनाए रखने का भी ध्यान रखा गया है। यह निर्णय वर्तमान उत्पादन, उपलब्ध भंडार तथा मूल्य प्रवृत्तियों की व्यापक समीक्षा के पश्चात लिया गया है। मंत्रालय ने जानकारी दी है कि रबी 2026 मौसम के दौरान ▸▸ शेष पेज 5 पर

जेईई मेन के नतीजे घोषित

## 26 होनहारों ने किया 'टॉप' हासिल किए परफेक्ट 100

- *2.5 लाख अभ्यर्थियों को जेईई एडवांस्ड में मौका, राजस्थान से सर्वाधिक टॉपर*



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने देश की सबसे प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन 2026 के नतीजे घोषित कर दिए हैं। इस साल के परिणाम कई मायनों में ऐतिहासिक और चौंकाने वाले रहे हैं। एक ओर जहां देश के 26 होनहारों ने 100 परसेंटाइल का जादुई आंकड़ा छूकर अपनी मेधा साबित की है, वहीं दूसरी ओर अनुचित साधनों के इस्तेमाल के चलते 110 से अधिक छात्रों का रिजल्ट रोक दिया गया है। इस साल इंजीनियरिंग ▸▸ शेष पेज 5 पर

आज सीजफायर की मियाद भी खत्म : ईरान की शर्त के चलते दूसरी मध्यस्थ वार्ता पर संशय

> आज इस्लामाबाद में दूसरे दौर की शांति वार्ता

# हॉर्मुज को लेकर अड़ा ईरान, यूएस दल पहुंचा, मुनीर ने ट्रंप को 'मनाया'

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

इस्लामाबाद में आज अमेरिका व ईरान के बीच दूसरे दौर की शांति वार्ता होगी। इसके लिए ट्रंप की टीम इस्लामाबाद पहुंच चुकी है। ईरान से कोई नहीं पहुंचा है। दूसरे दौर की बातचीत से पहले हॉर्मुज को लेकर ईरान अड़ा हुआ है। वह चाहता है कि बातचीत तभी संभव है जब अमेरिका नाकाबंदी खोलेगा। दूसरे दौर की बात मंगलवार को हो रही है और इसी दिन सीजफायर की मियाद खत्म हो रही है। पाक भरसक कोशिश कर रहा है कि हॉर्मुज मुद्दे पर ट्रंप को समझा ले। पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने



आसिम मुनीर | डोनाल्ड ट्रंप

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से इस बारे में बात की है। उन्होंने बताया कि स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज की नाकाबंदी बातचीत में एक बाधा है। इधर, ट्रंप ने मुनीर से कहा है कि वह उनकी सलाह पर विचार करेंगे। माना जा रहा है कि ट्रंप ▸▸ शेष पेज 5 पर

### ईरान में सुपर पावर बने मेजर जनरल वाहिदी

ईरान की कूटनीति और उसकी सैन्य मशीनरी पर अब पूरी तरह से इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स का कब्जा हो गया है। आईआरजीसी कमांडर मेजर जनरल अहमद वाहिदी अब ईरान के सबसे ताकतवर शख्स बनकर उभरे हैं। उन्होंने न केवल देश के सैन्य तंत्र को अपने हाथ में ले लिया है, बल्कि अमेरिका के साथ होने वाली शांति वार्ताओं की डोर भी अब उनके और उनके करीबियों के हाथ में है। इस पूरी कवायद में ईरान के सर्वोच्च नेता मोज्तबा खामेनेई की मौन सहमति बताई जा रही है। इस पावर शिफ्ट का सबसे खतरनाक असर स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में दिख रहा है। यहां ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची इस समुद्री रास्ते को खोलने ▸▸ शेष पेज 5 पर

### दक्षिण कोरिया होर्मुज स्ट्रेट खोलने के प्रयासों पर भारत के साथ

दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे-म्युंग ने सोमवार को कहा कि होर्मुज स्ट्रेट से सुरक्षित नौवहन सुनिश्चित करने के लिए भारत और दक्षिण कोरिया को मिलकर काम करना चाहिए। उन्होंने ग्लोबल सप्लाई चेन को स्थिर रखने और ऊर्जा सुरक्षा मजबूत करने के लिए दोनों देशों के बीच घनिष्ठ सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया। एक विशेष लिखित इंटरव्यू में राष्ट्रपति ली ने कहा कि अमेरिका-ईरान तनाव के कारण होर्मुज स्ट्रेट में किसी भी तरह की रुकावट से वैश्विक तेल कीमतें बढ़ रही हैं और जरूरी औद्योगिक सामग्री की सप्लाई चेन बाधित हो रही है। राष्ट्रपति ली ने कहा कि कोरिया गणराज्य और भारत दोनों ही अपनी ऊर्जा आपूर्ति के एक बड़े हिस्से के लिए मिडिल ईस्ट पर निर्भर हैं, जिसमें कच्चा तेल और प्राकृतिक गैस शामिल है। इसलिए, महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों की सुरक्षा सुनिश्चित करना हमारे लोगों की सुरक्षा और दोनों देशों के आर्थिक हितों के लिए अत्यंत आवश्यक है।

# सीलमपुर में बुजुर्ग व्यक्ति की चाकू मारकर हत्या

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



उत्तर पूर्वी दिल्ली के सीलमपुर इलाके में सोमवार को एक बुजुर्ग शख्स की कथित रूप से चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी ने उसपर इसलिए हमला किया क्योंकि पीड़ित उसे पुराने विवाद के कारण घूर रहा था। पुलिस ने बताया कि सुबह करीब साढ़े आठ बजे सूचना मिली कि चाकू के वार से घायल एक व्यक्ति को जग प्रवेश चंद (जेपीसी) अस्पताल ले लाया गया है। पुलिस की एक टीम तुरंत अस्पताल पहुंची, जहां घायल व्यक्ति इस्माइल को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि जांच के दौरान पता चला कि इस्माइल अपने घर के पास मोहम्मद इरशाद के साथ बैठा था, तभी आरोपी दानिश वहां से गुजरा जिसके साथ उसका पहले से विवाद था। उन्होंने बताया कि पीड़ित द्वारा घूरे जाने पर दानिश चिढ़ गया और इस्माइल को गाली देने लगा, जिससे दोनों के बीच तीखी बहस हुई। पुलिस ने बताया कि बहस के दौरान शाहिद अली मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव करने की कोशिश की, लेकिन आरोपी ने उन्हें मुक्के मारे जिससे उनकी आंख में चोट आई। अधिकारी ने बताया, ₹हालात तब और बिगड़ गए जब आरोपी ने कथित रूप से इस्माइल पर चाकू से हमला कर दिया और उसकी छाती, पेट और सिर पर कई जगह वार किए।₹ इसी बीच, अपने पिता पर हुए हमले के बारे में सुनकर जफर उर्फ जीशान और फैजान (इस्माइल के दोनों बेटे) बदला लेने के इरादे से वहां पहुंच गए। अधिकारी ने बताया कि इसके बाद हाथापाई हुई और इस दौरान जफर उर्फ जीशान और फैजान ने दानिश और उसके परिवार के सदस्यों पर हमला किया, जिसमें दानिश को सीने और शरीर के अन्य हिस्सों पर चोटें आईं। उन्होंने बताया कि घायल दानिश को जेपीसी अस्पताल में भर्ती कराया गया है और जफर और फैजान के खिलाफ अलग मामला दर्ज किया गया है और मामले की जांच जारी है। अधिकारी ने बताया कि अपराध जांच दल और फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला के अधिकारियों को घटनास्थल पर बुलाया गया और उन्होंने सबूत एकत्र किए। पुलिस ने बताया कि घटनाक्रम का पता लगाने और गवाहों के बयानों की पुष्टि करने के लिए आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

## प्रीत विहार में वाहन खड़ा करने पर विवाद को लेकर व्यक्ति को मारी गोली, मौत

**एजेंसी, नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के प्रीत विहार इलाके में गाड़ी खड़ी करने पर विवाद को लेकर रविवार देर रात 34 वर्षीय व्यक्ति की कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह घटना एक घर के बाहर हुई, जहां वाहनों को खड़ा करने को लेकर दो समूहों के बीच झगड़ा हो गया था। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रीत विहार थाने में पीसीआर को रविवार देर रात दो बजकर 22 मिनट और दो बजकर 26 मिनट पर झगड़े और गोलीबारी के संबंध में दो बार सूचना दी गई। उन्होंने बताया कि पंकज नैयर (34) और उनके भाई पारस (43) का गौरव शर्मा नाम के व्यक्ति से झगड़ा हुआ था। अधिकारी ने कहा कि बहस बढ़ गई और गौरव ने कथित तौर पर गोली चला दी जो नैयर के सीने में लगी। उन्होंने बताया कि नैयर को निर्माण विहार के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अधिकारी ने बताया कि घटना के बाद आरोपी अपने साथियों के साथ मौके से फरार हो गया। उन्होंने कहा कि उनका पता लगाने के लिए पुलिस दलों का गठन किया गया है।

## जहांगीरपुरी थाने में बीमार पड़ने के बाद व्यक्ति की मौत




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर-पश्चिम दिल्ली के जहांगीरपुरी थाने में 34-वर्षीय एक व्यक्ति की तबीयत बिगड़ने के बाद मौत हो गई। प्रारंभिक चिकित्सा रिपोर्ट के अनुसार, मौत की वजह शरीर में पानी की कमी थी। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। इसे हिरासत में मौत का संदिग्ध मामला माना जा रहा है।

यह घटना रविवार तड़के उस वक्त घटी जब भलस्वा डेयरी के निवासी अनीश को गश्ती दल के कर्मचारियों ने संदेह के आधार पर हिरासत में ले लिया और सत्यापन के लिए थाने ले आए। अधिकारियों के अनुसार, नियमित रात्रि गश्त के दौरान अनीश को रविवार तड़के लगभग 3:30 बजे थाने लाया गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, ₹थाने में उसने (अनीश ने) बेचैनी की शिकायत की और उसे पानी दिया गया। हालांकि, उसकी हालत बिगड़ गई और उसे सांस लेने में तकलीफ होने लगी।₹ अधिकारी ने बताया कि अनीश के अनुरोध पर ही पुलिसकर्मियों ने उसे बाबू जगजीवन राम मेमोरियल (बीजेआरएम) अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच और चिकित्सा-कानूनी मामले (एमएलसी) की रिपोर्ट में शरीर पर किसी प्रकार की बाहरी चोट या हमले का कोई निशान नहीं मिला। इस बात की पुष्टि थाने में मौजूद पुलिसकर्मियों ने भी की, जिनमें ड्यूटी पर तैनात संतरी भी शामिल है। अधिकारी ने बताया, ₹अनीश विवाहित था। वह आज़ादपुर सब्जी मंडी में अपने पिता के साथ काम करता था। प्रारंभिक चिकित्सा रिपोर्ट के अनुसार, उसकी मृत्यु का कारण शरीर में पानी की कमी है।₹ पुलिस ने बताया कि उसकी शारीरिक स्थिति कमजोर थी और वह बीमार था। परिवार के सदस्यों के अनुसार, उसे नशे की लत थी और वह पिछले कुछ दिनों से लगातार शराब का सेवन कर रहा था। अधिकारियों ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद ही मौत के सही कारण का पता चलेगा। उनके मुताबिक, कानूनी प्रावधानों के अनुसार जांच शुरू कर दी गई है और आगे की पड़ताल जारी है।

पुलिस ने कहा कि सभी प्रक्रियाएं पूरी पारदर्शिता के साथ और कानून के अनुसार की जा रही हैं।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, वरिष्ठ अधिकारियों की एक टीम इस मामले की जांच करेगी।

## रेस्तरां में आग लगी कोई जख्मी नहीं



**एजेंसी, नई दिल्ली।** उत्तर-पश्चिम दिल्ली के रोहिणी इलाके में स्थित एक रेस्तरां में सोमवार को आग लग गई। हालांकि घटना में किसी के जख्मी होने की सूचना नहीं है। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी के मुताबिक, सूचना मिलने के बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए दमकल कर्मियों ने आग पर तुरंत काबू पा लिया। उन्होंने बताया कि रोहिणी सेक्टर 11 स्थित बीटीडब्ल्यू रेस्तरां में आग लग गई। उन्होंने बताया कि रेस्तरां के अंदर मौजूद सभी लोगों को स्थिति बिगड़ने से पहले ही सुरक्षित बाहर निकल लिया गया और इसमें किसी के घायल होने की कोई सूचना नहीं है। अधिकारी ने बताया कि आग लगने की सूचना पूर्वाह्न 11 बजकर पांच मिनट पर मिली जिसके बाद मौके पर दमकल की पांच गाड़ियां भेजी गईं। अधिकारी ने बताया कि दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पा लिया और इसे आसपास के इलाकों में फैलने से रोका। अधिकारी ने बताया कि आग लगने का कारण अभी पता नहीं चल पाया है।

## दिल्ली सरकार ने पीजी, डीएनबी और फेलोशिप पाठ्यक्रमों में 108 अतिरिक्त सीटों का किया प्रस्ताव : डॉ. पंकज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली में मेडिकल शिक्षा को बढ़ावा देने और हेल्थकेयर सर्विस को और अधिक मजबूती प्रदान करने के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने दिल्ली के विभिन्न सरकारी अस्पतालों एवं संस्थानों में वर्ष 2026 के लिए स्नातकोत्तर (पीजी) और डीएनबी कोर्स और फेलोशिप पाठ्यक्रम में 108 अतिरिक्त सीटों का प्रस्ताव किया है। विभाग के इस महत्वपूर्ण पहल से दिल्ली में मेडिकल एजुकेशन, ट्रेनिंग और स्पेशल हेल्थकेयर सर्विस को और ज्यादा मजबूती मिलेगी। इस बात की जानकारी दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने सोमवार को दी है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अनुसार दिल्ली के अलग-अलग प्रमुख अस्पतालों के लिए पोस्टग्रेजुएट कोर्स में (एमडी/एमएस) की 67 सीटें और डीएनबी की 36 सीटें प्रस्तावित की गई हैं। तो वहीं, फेलोशिप पाठ्यक्रम के अंतर्गत 05 सीटें प्रस्तावित हैं, जिनमें से 3 सीटें गुरु तेग बहादुर हॉस्पिटल (जीटीबी) और 2 सीटें दिल्ली स्टेट कैंसर संस्थान (डीएससीआई) के लिए प्रस्तावित हैं। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के मुताबिक स्नातकोत्तर (पीजी) कोर्स में मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज (एमएएमसी) में एमडी/एमएस की सबसे अधिक 35 सीटें, डॉक्टर बाबा साहेब आंबेडकर मेडिकल कॉलेज (बीएसएएमसी) में एमडी/एमएस की 24 सीटें, दिल्ली स्टेट कैंसर संस्थान (डीएससीआई) में एमडी/एमएस की 4 सीटें, यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंसेज (जीटीबी अस्पताल के साथ) में एमडी/एमएस की 4 सीटें प्रस्तावित हैं। यानी कुल मिलाकर पोस्टग्रेजुएट कोर्स में (एमडी/एमएस) की 67 सीटें प्रस्तावित हैं। वहीं, डीएनबी के तहत इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज (आईजीएमसी) में सबसे अधिक 18 सीटें प्रस्तावित हैं। इसके अतिरिक्त, दिल्ली सरकार के दीप चंद बंधु अस्पताल में डीएनबी की 8 सीटें, संजय गांधी हॉस्पिटल में डीएनबी की 4 सीटें, जीटीबी हॉस्पिटल में डीएनबी की 2 सीटें, गुरु गोबिंद सिंह सरकारी अस्पताल में डीएनबी की 2 सीटें और भगवान महावीर अस्पताल में डीएनबी की 2 सीटें प्रस्तावित हैं। यानी कुल मिलाकर डीएनबी के लिए 36 सीटें प्रस्तावित हैं। इसके साथ ही विभाग ने फेलोशिप पाठ्यक्रम के अंतर्गत 05 सीटें प्रस्तावित की हैं, जिनमें से 3 सीटें जीटीबी और 2 सीटें दिल्ली स्टेट कैंसर संस्थान में प्रस्तावित हैं। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की अनुशंसा पर दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने कहा कि यह प्रस्ताव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की सिफारिशों के आधार पर तैयार किया गया है, जिसका उद्देश्य राजधानी में चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत करना है।

*हाथरस में प्रोपर्टी डीलर व पत्रकार हत्या मामला*

# दो भाइयों को प्रेमबाड़ी नाले के पास से किया गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



उत्तर प्रदेश के हाथरस में एक प्रॉपर्टी डीलर व पत्रकार की हत्या के सिलसिले में दो भाइयों को उत्तर-पश्चिम दिल्ली से गिरफ्तार किया गया है। इन दोनों भाइयों की गिरफ्तारी पर कुल 50,000 रुपये का इनाम घोषित किया गया था। एक अधिकारी सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आरोपी कमल शर्मा (38) और गौरव शर्मा (36) को हथियारबंद संदिग्धों की गतिविधि के बारे में मिली सूचना के बाद वजीरपुर औद्योगिक क्षेत्र में प्रेमबाड़ी नाले के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपी 35 वर्षीय वेद प्रकाश शर्मा उर्फ सोनू की हत्या के सिलसिले में वांछित थे। वेद प्रकाश हाथरस में प्रोपर्टी डीलर होने के साथ-साथ एक स्थानीय समाचार मंच से भी जुड़े हुए थे। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया, ₹सोनू छह अप्रैल को लापता हो गए थे और उनका शव अगले दिन सादाबाद-जलेसर मार्ग के पास एक नाले से मिला था।₹ अधिकारी मुताबिक, जांच के दौरान पता चला कि हत्या का संबंध संपत्ति विवाद से था। आरोपियों ने सोनू पर उसकी संपत्ति बेचने का कथित तौर पर दबाव डाला था, लेकिन उसने इनकार कर दिया, जिसके बाद आरोपियों ने उसकी हत्या करने की साजिश रची। हाथरस के सहपाऊ थाने में सात अप्रैल को मामला दर्ज किया गया था और आरोपी तब से फरार थे।

अधिकारी ने बताया कि घटना के बाद उत्तर प्रदेश पुलिस ने उनकी गिरफ्तारी पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था तथा 17 अप्रैल को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने जाल बिछाकर दोनों संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान, अधिकारियों ने कमल शर्मा के पास से दो कारतूस और एक अर्ध स्वचालित पिस्तौल और गौरव शर्मा से एक कारतूस व देसी कट्टा बरामद किया। दोनों के खिलाफ अलग-अलग मामले दर्ज किए गए। पुलिस ने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपियों ने हाथरस में हुई हत्या में अपनी संलिप्तता स्वीकार की और कहा कि वे गिरफ्तारी से बचने के लिए फरार थे। पुलिस ने बताया कि आगे की जांच में पता चला कि दोनों आरोपी आदतन अपराधी हैं और पहले भी कई आपराधिक मामलों में शामिल रहे हैं। हत्या के मामले में कानूनी कार्यवाही के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस के साथ समन्वय स्थापित करने के प्रयास जारी हैं।

## मोमोज खाने के बाद बच्चों सहित 15 से अधिक लोग हुए बीमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

- दुकान संचालक फरार, पुलिस तलाश रही

पटपड़गंज इलाके में फास्ट फूड खाने के बाद कई लोगों के बीमार पड़ने का मामला सामने आया है। यहां स्थित आनंद फास्ट फूड नामक दुकान से मोमोज खाने के बाद बच्चों सहित 15 से अधिक लोग फूड प्वाइजनिंग का शिकार हो गए। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया।

जानकारी के मुताबिक, रविवार को कुछ लोगों ने दुकान से मोमोज खाए थे। इसके एक दिन बाद ही उन्हें उल्टी और दस्त की शिकायत शुरू हो गई। हालत बिगड़ने पर कई लोगों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। बीमारों में कई बच्चे भी शामिल हैं। इनमें से एक बच्चे मनु राज की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिसे आईसीयू में भर्ती कराया गया है।

लोगों ने इसकी शिकायत क्षेत्रीय निगम पार्षद रेनू चौधरी से की। जिसके बाद पार्षद ने अधिकारियों की टीम के साथ मौके पर पहुंचीं और दुकान पर छापेमारी कराई। जांच के दौरान दुकान में साफ-सफाई की भारी कमी पाई गई और खाद्य सामग्री की गुणवत्ता पर भी गंभीर सवाल उठे। बताया जा रहा है कि कार्रवाई से पहले ही दुकान संचालक फरार हो गया। मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई है और उसकी तलाश की जा रही है। जांच में यह भी सामने आया कि दुकान में नाबालिगों से काम कराया जा रहा था, जो श्रम कानूनों का उल्लंघन है। फिलहाल प्रशासन पूरे मामले की जांच में जुटा है।

## बवाना में निर्माणाधीन फैक्ट्री के बेसमेंट का लेंटर गिरा, कई घायल

**नई दिल्ली।** बवाना औद्योगिक क्षेत्र सेक्टर-2 में सोमवार दोपहर निर्माणाधीन फैक्ट्री के बेसमेंट का लेंटर और सेटरिंग गिरने से करीब आधा दर्जन श्रमिक घायल हो गए। घायलों में दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे के बाद स्थानीय पुलिस और दमकल कर्मचारियों ने राहत एवं बचाव कार्य आरंभ किया। मलबे में दबे आधा दर्जन श्रमिकों को बाहर निकाला और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। बताया जाता है कि बेसमेंट की छत के लिए लेंटर डालने की सारी तैयारी के बाद मध्याह्न 12 बजे काम आरंभ हुआ। करीब 20 श्रमिक काम कर रहे थे।

*पॉश गोल्फ लिंक इलाके का मामला*

# व्यवसायी के परिवार को बंधक बनाकर लूटपाट करने के आरोप में तीन अरेस्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली के पॉश गोल्फ लिंक इलाके में एक व्यवसायी के परिवार को बंधक बनाकर लूटपाट करने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों में परिवार का घरेलू सहायक भी शामिल है, जिसे घटना से कुछ दिन पहले ही काम पर रखा गया था। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि आरोपियों की पहचान बिहार निवासी घरेलू सहायक गुड्डू कुमार कामत उर्फ राजू (35), रमण कामत उर्फ सुशील (38) और दिल्ली के संगम विहार निवासी अमित सिंह उर्फ गब्बर (30) के रूप में हुई है। नयी दिल्ली पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) सचिन शर्मा ने बताया कि आरोपियों में से दो, गुड्डू और रमण को मुंबई से गिरफ्तार किया गया, जबकि अमित को रविवार को उत्तर प्रदेश से पकड़ा गया। पुलिस ने बताया कि यह मामला 17 अप्रैल को हुई एक डकैती से संबंधित है, जिसमें घरेलू सहायक ने कथित तौर पर पांच-छह साथियों के साथ मिलकर अपने मालिक के घर को निशाना बनाया था। शर्मा ने बताया कि जांच के दौरान यह पता चला कि रमण को घटना से महज तीन दिन पहले ही घर में काम पर रखा गया था और उसने गिरोह के सदस्यों को प्रवेश कराने के लिए जानबूझकर मुख्य द्वार खोल दिया था। उन्होंने ने बताया कि आरोपी फिर घर में घुस गए, परिवार के सदस्यों को कथित तौर पर बंधक बनाया और लगभग 25 लाख रुपये के गहने लेकर फरार हो गए। डीसीपी के मुताबिक, तकनीकी निगरानी और डेटा विश्लेषण के माध्यम से संदिग्धों के भागने के रास्ते और अन्य गतिविधियों का पता लगाया गया, जिससे अंततः उनकी पहचान और गिरफ्तारी हुई। शर्मा ने बताया, ₹गुड्डू आदतन अपराधी है और पहले भी सात बार डकैती और लूटपाट के मामलों में शामिल रहा है। वह पहले कई जगहों पर घरेलू सहायक के रूप में काम कर चुका था और उस अनुभव का इस्तेमाल उसने संवेदनशील लक्ष्यों की पहचान करने में किया।₹ रमण भी इसी तरह की आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त पाया गया। उन्होंने बताया कि अमित एक कुख्यात वाहन चोर है और वह 19 आपराधिक मामलों में संलिप्त है।

उनके मुताबिक, गिरोह ने उसे अपराध को अंजाम देने के लिए साजो-सामान संबंधी सहायता प्रदान करने के लिए शामिल किया था। पुलिस सूत्रों ने बताया था, ₹सीसीटीवी फुटेज में कई संदिग्धों को आवास के पास आते और अंदर घुसने के लिए सही मौके का इंतजार करते हुए देखा गया, जिससे सावधानीपूर्वक समय निर्धारण और समन्वय का संकेत मिला।₹ पुलिस ने बताया कि शेष आरोपियों का पता लगाने और लूटे गए गहने को बरामद करने के प्रयास जारी हैं।

## वाहन प्रदूषण की पीएसी रिपोर्ट पर कार्रवाई तेज, 31 जनवरी तक रिपोर्ट मांगी : विजेंद्र

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- ईवी और उत्सर्जन नीतियों में समन्वय की कमी पर समीक्षा, विधानसभा अध्यक्ष ने की एकजुट कार्रवाई की अपील

दिल्ली विधानसभा सचिवालय ने नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की 'दिल्ली में वाहन जनित वायु प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण' पर प्रदर्शन ऑडिट के आधार पर लोक लेखा समिति की तीसरी रिपोर्ट संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के लिए भेज दी है। इस बात की जानकारी विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने सोमवार को दी है। उन्होंने कहा कि कार्रवाई रिपोर्ट में 31 दिसंबर 2026 तक सिफारिशों के क्रियान्वयन की स्थिति स्पष्ट रूप से दर्शानी होगी और इसे 31 जनवरी 2027 तक विधानसभा सचिवालय को प्रस्तुत करना होगा। अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि वाहन जनित वायु प्रदूषण से निपटने के लिए समन्वित और समयबद्ध कार्रवाई आवश्यक है, और संस्थागत प्रक्रियाओं को ऑडिट के निष्कर्षों को जमीनी स्तर पर ठोस परिणामों में बदलना चाहिए। इन्हीं निर्देशों के अनुरूप, परिवहन मंत्री, दिल्ली सरकार और परिवहन विभाग के सचिव-सह-आयुक्त को पत्र भेजकर समिति की सिफारिशों पर व्यापक और समयबद्ध प्रतिक्रिया देने का अनुरोध किया गया है। रिपोर्ट में दिल्ली में वाहन जनित वायु प्रदूषण के महत्वपूर्ण पहलुओं की समीक्षा की गई है, जिसमें नियामक ढांचे, प्रवर्तन तंत्र और संस्थागत समन्वय में मौजूद खामियों को उजागर किया गया है, जो शहर की वायु गुणवत्ता प्रबंधन कोशिशों को प्रभावित करती हैं। इन निष्कर्षों पर ध्यान दिलाते हुए विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि दिल्ली की प्रदूषण के प्रति प्रतिक्रिया केवल छोटे-छोटे उपायों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। गुप्ता ने बताया कि समिति के आकलन में ऐसी संरचनात्मक कमियां सामने आई हैं जो प्रभावी प्रदूषण नियंत्रण में बाधा बनती हैं, जैसे योजना निर्माण में कमी, निगरानी प्रणाली की सीमाएं और प्रवर्तन में असंतुलन। उन्होंने कहा कि वायु गुणवत्ता निगरानी केंद्रों की अपर्याप्त स्थापना और संचालन, निर्धारित प्रदूषकों की अधूरी निगरानी और विश्वसनीय उत्सर्जन डेटा की कमी के कारण साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण प्रभावित होता है।

विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि सार्वजनिक परिवहन की स्थिति भी लंबे समय से चली आ रही संरचनात्मक चुनौतियों को दर्शाती है। उन्होंने बसों की कमी, सीमित रूट कवरेज, कमजोर लास्ट माइल कनेक्टिविटी, रूट रेशनलाइजेशन में देरी और वैकल्पिक परिवहन प्रणालियों के धीमे क्रियान्वयन पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि इन कारणों से लोगों की निजी वाहनों पर निर्भरता बढ़ती है, जिससे शहरी ढांचे और वायु गुणवत्ता पर दबाव बढ़ता है। प्रवर्तन से जुड़ी चुनौतियों पर बात करते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि वाहन उत्सर्जन मानकों का पालन समान रूप से नहीं हो रहा है। गुप्ता ने प्रदूषण जांच केंद्रों की सीमित उपलब्धता, पीयूसी प्रमाणपत्र जारी करने में गड़बड़ी, उत्सर्जन जांच प्रक्रिया की कमजोर निगरानी और आधुनिक तकनीकों के धीमे उपयोग की ओर ध्यान दिलाया। उन्होंने यह भी कहा कि बड़ी संख्या में पुराने वाहनों की मौजूदगी और उनके स्क्रैपिंग व पंजीकरण समाप्त करने की धीमी प्रक्रिया ने समस्या को और बढ़ाया है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82(2) (ii) Cr.P.C./84 BNSS देखिए)**

मेरे रामक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मनीष कुमार पुत्र राजेश निवासी म. नं. एच–534, जेजे कॉलोनी, शकूरपुर, दिल्ली** ने केस **एफआईआर नं. 155/2021, अंतर्गत धारा 380/382/411 आईपीसी और 25/54/59 शस्त्र अधिनियम, थाना सुभाष प्लेस, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मनीष कुमार** मिल नही रहा है, और मुझे सामाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मनीष कुमार** फरार हो गया हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा हैं) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस **एफआईआर नं. 155/2021, अंतर्गत धारा 380/382/411 आईपीसी और 25/54/59 शस्त्र अधिनियम, थाना सुभाष प्लेस, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मनीष कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **09.07.2026** को या उससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
**उपासना सतिजा**
मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट
कमरा नं. 108, उत्तर पश्चिम
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

**DP/4951/NW/2026**
**(Court Matter)**

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82(2) (ii) Cr.P.C./84 BNSS देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **(1) पवन पुत्र महेंद्र और (2) महेंद्र पुत्र राम शरण निवासी म. नं. बी–2ए, मेन गमरी रोड, टिकोना पार्क के सामने, गमरी एक्सटेंशन, भजनपुरा, दिल्ली** ने केस **(1) एफआईआर नं. 278/2019 और (2) एफआईआर नं. 368/2022, अन्तर्गत धारा 135/150 आईई अधिनियम, थाना भजनपुरा, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) पवन और (2) महेंद्र** मिल नहीं रहा/रही है, और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) पवन और (2) महेंद्र** फरार हो गया/गयी है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा/रही है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस **(1) एफआईआर नं. 278/2019 और (2) एफआईआर नं. 368/2022, अन्तर्गत धारा 135/150 आईई अधिनियम, थाना भजनपुरा, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **(1) पवन और (2) महेंद्र** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **20.05.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**आशीष रस्तोगी**
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश–05
कमरा नं. 21, प्रथम तल
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

**DP/4919/NE/2026**
**(Court Matter)**

**खबर संक्षेप**

## दिल्ली के 31 गांवों में जल्द ही जारी होंगे प्रॉपर्टी कार्ड : बिधूड़ी

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने सोमवार को कहा कि राजधानी के 31 गांवों में लालडोरा की रिहायशी जमीन के मालिकाना हक जल्दी ही ग्रामीणों को मिल जाएंगे। इससे यहां रहने वाले लोगों को बैंक से लोन मिल सकेगा तथा अन्य मूलभूत अधिकारों के लिए प्रॉपर्टी कार्ड जारी किया जाएगा। बिधूड़ी ने सरकार से अनुरोध किया है कि दिल्ली के सभी गांवों में यह व्यवस्था लागू की जानी चाहिए। बिधूड़ी ने इस संबंध में पिछले वर्ष केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल को पत्र लिखा था। बाद में यह मामला भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय को भेज दिया गया। पत्र में कहा गया था कि दिल्ली के विकास के नाम पर ग्रामीणों की जमीन अधिग्रहित कर ली गई थी और उन्हें बहुत ही कम मुआवजा मिला था।

## हीट वेव की स्थिति को लेकर रेखा सरकार नहीं है तैयार : यादव

**नई दिल्ली।** दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने आरोप लगाया है कि राजधानी में हीट वेव की स्थिति के बावजूद रेखा गुप्ता सरकार इससे निपटने के लिए गत वर्ष की तरह इस बार भी तैयार नहीं है। भारतीय मौसम विभाग के येलो अलर्ट की चेतावनी का हवाला देते हुए यादव ने कहा कि यदि इस सप्ताह गर्मी बढ़ी और 22-24 अप्रैल को हीट वेव वाला तापमान 43 डिग्री तक पहुंचा तो सरकार पिछले वर्षों की भांति उससे निपटने के लिए बिल्कुल तैयार नहीं है। यह इसलिए साबित होता हे कि अभी हीटवेव से निपटने के लिए रेखा सरकार की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष अप्रैल के मध्यांतर में रेखा सरकार ने हीटवेव से निपटने के लिए व्यापक घोषणा तो जरूर की थी। लेकिन वास्तव में पूरी गर्मी के मौसम में लोगों को राहत देने के लिए सरकार ने एक भी कार्य नहीं कर सकी।

### दिल्ली सरकार ने धारा 33 के तहत जारी की व्यापक एसओपी

# पेड़ों की अवैध कटाई और क्षति पर होगी सख्त कार्रवाई : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में पेड़ों की अवैध कटाई और क्षति पर तुरंत सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस बाबत दिल्ली सरकार ने पेड़ों से जुड़े अपराधों से निपटने के लिए व्यापक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) अधिसूचित कर दी है। यह बात सोमवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कही।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि वन एवं वन्यजीव विभाग द्वारा दिल्ली प्रिजर्वेशन ऑफ ट्रीज एक्ट 1994 की धारा 33 के अंतर्गत यह एसओपी अधिसूचित की गई है। इसके तहत पेड़ों की अवैध कटाई, क्षति पहुंचाने और अनधिकृत गतिविधियों की रोकथाम, पहचान और अभियोजन के लिए एक मजबूत, पारदर्शी और समयबद्ध तंत्र स्थापित करती है। उन्होंने कहा कि इस एसओपी के लागू होने से कानून उल्लंघन के प्रत्येक मामले में प्रभावी और जवाबदेह कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली के सभी नागरिकों से भी अपील की कि वे पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाएं और किसी भी प्रकार के उल्लंघन की सूचना तत्काल संबंधित तंत्र को दें ताकि समय रहते प्रभावी कदम उठाए जा सकें।



### मौके पर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित होगी

मुख्यमंत्री ने बताया कि एसओपी के तहत एक सुदृढ़ त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली विकसित की गई है, जिसके माध्यम से नागरिक टोल फ्री हेल्पलाइन, ऑनलाइन पोर्टल और ऑफलाइन माध्यमों से शिकायत दर्ज करा सकेंगे। सभी शिकायतें वास्तविक समय में संबंधित फील्ड अधिकारियों तक प्रेषित की जाएंगी, जिससे तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। मुख्यालय और डिवीजन स्तर पर गठित क्विक रिस्पॉन्स टीमें (क्यूआरटी) निर्धारित समय सीमा में मौके पर पहुंचकर आगे होने वाले नुकसान को रोकेंगी।

### फील्ड स्तर पर होगी सशक्त निगरानी

रेखा गुप्ता ने कहा कि एसओपी के अंतर्गत फील्ड स्तर पर प्रवर्तन को और अधिक सशक्त किया गया है। वन विभाग के अधिकारी, जिनमें बीट ऑफिसर और ट्री ऑफिसर शामिल हैं, को उल्लंघनों को रोकने के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी करने, अपराध में प्रयुक्त उपकरणों को जब्त करने और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित करने के अधिकार प्रदान किए गए हैं, जिससे पेड़ संरक्षण से जुड़े मामलों में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई संभव हो सकेगी।

### 24 घंटे निगरानी के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि 24 घंटे निगरानी सुनिश्चित करने के लिए मुख्यालय स्तर पर फॉरेस्ट कंट्रोल रूम और डिवीजन स्तर पर डिवीजन कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं, जो चौबीसों घंटे कार्य करेंगे। इन कंट्रोल रूम को आवश्यक अवसंरचना से सुसज्जित किया गया है ताकि शिकायतों की निरंतर निगरानी की जा सके और विभिन्न आपात सेवाओं के साथ समन्वित कार्रवाई सुनिश्चित हो सके।

### ग्रीन हेल्पलाइन व पोर्टल से जन-भागीदारी

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि सरकार ने ग्रीन हेल्पलाइन नंबर 1800118600 को दोबारा सक्रिय किया है। साथ ही, ग्रीन हेल्पलाइन पोर्टल (**https://ghl.eforest.delhi.gov.in**) भी है। इन्हें व्यापक स्तर पर प्रचारित किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक नागरिक इसका उपयोग कर सकें। ग्रीन हेल्पलाइन पोर्टल पूरी तरह कार्यरत है, जो शिकायत दर्ज करने और उसकी प्रगति की निगरानी के लिए सुलभ मंच प्रदान करता है।

## जल संरक्षण के लिए रेनवॉटर हार्वेस्टिंग अनिवार्य : प्रवेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

जल संरक्षण के लिए दिल्ली में रेनवॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को अनिवार्य रूप से लागू किया जाएगा और इसकी सख्ती से निगरानी भी होगी। यह बात सोमवार को दिल्ली के जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने दिल्ली सचिवालय में जल चुनौतियों को लेकर एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करने के बाद कही। इस बैठक में दिल्ली सरकार और भारत सरकार के 60 से अधिक विभागों के अधिकारी शामिल हुए। मंत्री प्रवेश ने कहा कि यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'बारिश को थामें-जहां गिरे, जब गिरे' के विजन के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाना है। अधिकतम वर्षा जल का संचयन करने से मानसून के दौरान शहरी जलभराव और अगले ग्रीष्मकाल में पानी की कमी- दोनों समस्याओं का समाधान संभव होगा। अधिकारियों को संबोधित करते हुए मंत्री प्रवेश ने कहा कि दिल्ली में पर्याप्त वर्षा होती है, लेकिन उसका सही उपयोग नहीं हो पाता। उन्होंने कहा कि हर साल चार महीने तक बारिश का पानी हमारे नालों से बहकर बेकार चला जाता है। यदि हम इस पानी को जमीन में उतारें, तो भूजल स्तर बढ़ा सकते हैं और हर साल आने वाले जल संकट को कम कर सकते हैं। मंत्री प्रवेश ने बताया कि सभी विभागों को स्पष्ट और समयबद्ध लक्ष्य दिए गए हैं। सरकारी इमारतों, पार्कों, रिहायशी कॉलोनियों और संस्थागत परिसरों में मानसून से पहले कार्यशील रेनवॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित करना अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा कि हर विभाग को जिम्मेदारी दी गई है। सबसे पहले सरकारी इमारतों को उदाहरण पेश करना होगा- जहां सिस्टम नहीं हैं, वहां तुरंत लगाए जाएं और जहां पहले से मौजूद हैं, उन्हें मानसून से पहले पूरी तरह कार्यशील बनाया जाए।

## डीएमआरसी ने अग्नि सुरक्षा सप्ताह के तहत नुक्कड़ नाटक से लोगों को किया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने अग्नि सुरक्षा सप्ताह के अंतिम दिन सोमवार को नुक्कड़ नाटक सहित अन्य तरीकों से लोगों को जागरूक किया। पूरे सप्ताह चले इस जागरूकता अभियान में डीएमआरसी ने स्टेशनों आदि जगहों पर विभिन्न तरीके से लोगों को जागरूक करने का कार्य किया। डीएमआरसी ने इस दौरान सबसे अधिक ध्यान रसोई पर दिया जहां से सबसे ज्यादा आग लगने की घटनाएं होती है और उसमें जानमाल का भारी नुकसान होता रहा है। डीएमआरसी के अनुसार अग्नि सुरक्षा सप्ताह 14-20 अप्रैल 2026 के अंतर्गत नज़फ़गढ़ स्टाफ क्वार्टर्स और मुकुंदपुर स्टाफ क्वार्टर्स में आकर्षक नुक्कड़ नाटकों का आयोजन किया गया। इन नाटकों के माध्यम से आग से बचाव, आपातकालीन तैयारियों और सुरक्षित निकासी के तरीकों से जुड़े महत्वपूर्ण संदेश दिए गए। डीएमआरसी ने कहा कि इन सशक्त प्रस्तुतियों के ज़रिए, इस पहल ने सभी को सतर्क रहने, जिम्मेदारी से काम करने और अपने दैनिक जीवन में आग से सुरक्षा को प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित किया है।

## उपराज्यपाल ने किया एफएसएमए का दौरा, जान न्यौछावर करने वाले कर्मचारियों को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

उपराज्यपाल तरनजीत सिंह ने सोमवार को फायर सर्विस मैनेजमेंट एकेडमी (एफएसएमए) की ऑपरेशनल तैयारियों और ट्रेनिंग के मानकों की समीक्षा हेतू दौरा किया। इस अवसर पर उपराज्यपाल ने एकेडमी परिसर में उन बहादुर फायरफाइटर्स को श्रद्धांजलि अर्पित की जिन्होंने ड्यूटी के दौरान अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उपराज्यपाल ने कहा कि औरों के लिए जीने वाले सच्चे सेवकों का सर्वोच्च बलिदान प्रेरणादायक है।



उन्होंने कहा कि हमारी रह संभव और सबसे पहले बेशकीमती जान माल को बचाने की होनी चाहिए। उपराज्यपाल ने कहा कि शहरी प्रशासन में, खासकर स्कूलों और अस्पतालों में आग से सुरक्षा के अत्यंत महत्व पर ज़ोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को साफ व सख्त निर्देश दिया है कि वह फायर सुरक्षा को लेकर निरीक्षण तेज़ करें। जिसमें एनओसी के लंबित पड़े आवेदनों को प्रमुखता व जल्द से जल्द निपटाएं और सुरक्षा में किसी भी तरह की चूक होने पर कड़ी कार्रवाई से पीछे नहीं हटे।

उपराज्यपाल ने गर्मियों का मौसम शुरू होने के साथ ही, सक्रिय सतर्कता, नियमित फायर ऑडिट और लगातार जन जागरूकता अभियानों की ज़रूरत को दोहराया। कहा कि हमारा मुख्य ध्यान सुरक्षा नियमों के पालन में रह गई कमियों को दूर करने और बुनियादी ढांचे को आधुनिक बनाने पर है, ताकि एक सुरक्षित और अधिक सुदृढ़ दिल्ली का निर्माण किया जा सके।

## लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम गिरने से हर वर्ग की महिलाओं में रोष व्याप्त : सचदेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

गत सप्ताह कांग्रेस एवं आम आदमी पार्टी सहित विभिन्न विपक्षी दलों के कुटिल षड्यंत्र के चलते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार द्वारा लोकसभा में प्रस्तुत नारी शक्ति वंदन अधिनियम तीन चौथाई समर्थन ना जुटा पाने के कारण गिर गया जिसके चलते समाज के हर वर्ग की महिलाओं में रोष व्याप्त है।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा शिक्षाविद हंसराज कॉलेज की प्रिंसिपल रमा शर्मा एवं भगिनी निवेदिता कॉलेज की प्रिंसिपल रूबी मिश्रा के साथ प्रैसवार्ता कर कहा कि कांग्रेस, आम आदमी पार्टी एवं समाजवादी पार्टी सहित विपक्षी दलों




की नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रति नकारात्मक कुटिलता की निंदा की है और कहा है कि भारत की आधी आबादी इस षड्यंत्र के लिए इन राजनीतिक दलों को कभी माफ नहीं करेगी। सचदेवा ने कहा कि जो कांग्रेस, समाजवादी एवं 'आप' जैसे दलों के नेता संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को गिरा कर कुटिल मुस्कान दिखा रहे थे वो यह जान लें कि उनके अपने दलों की महिला कार्यकर्ता भी उनसे रुष्ट हैं और पहली सजा उन्हे वो कार्यकर्ता ही देंगी। उन्होंने कहा कि 50 फीसदी सीटें बढ़ना और उसमें मातृशक्ति को प्रतिनिधित्व देना कहां से गलत है। आपका निर्णय तय करता है कि आपका भविष्य क्या होगा और आज विपक्ष ने जो निर्णय लिया है, उससे साबित होता है कि कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और जिन पार्टी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को रोकने का प्रयास किया है, उनकी पार्टी में महिलाओं का भविष्य अंधकारमय है। सचदेवा ने कहा कि निर्णय में विलम्ब जरूर हुआ है लेकिन देश में विपक्ष को मातृशक्ति के आक्रोश का अभी और सामना करना पड़ेगा। गृहमंत्री अमित शाह ने साफ तौर पर कहा कि जो भी अमेंडमेंट हो उसको तुरंत दीजिए पास किया जाए लेकिन विपक्ष को सिर्फ इस बिल को गिराना था।

उन्होंने कहा कि जिस परिसीमन की आड़ में विपक्ष नारी शक्ति वंदन अधिनियम को गिराया है, यह परिसीमन भी कांग्रेस द्वारा तय किया गया है लेकिन देश की आम घर की महिलाएं कही सशक्त ना बन जाए इस डर से विपक्ष नारी शक्ति वंदन अधिनियम बिल को गिराने का काम किया है।

## महापौर और उप महापौर पद के लिए प्रत्याशी मैदान में उतारेगी 'आप'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- दिल्ली नगर निगम में दिलचस्प मुकाबला होने की उम्मीद
- हम चुनाव जीतने के लिए मैदान में उतरेंगे : नारंग

आम आदमी पार्टी (आप) ने भी महापौर, उप महापौर के साथ ही स्थायी समिति के सदस्यों के चुनाव में हिस्सा लेने का फैसला लिया है। नेता प्रतिपक्ष अंकुश नारंग ने कहा कि पार्टी अपने अधिकृत प्रत्याशियों की घोषणा करने के साथ चुनाव की प्रक्रिया में हिस्सा लेगी। इसमें आप के महापौर और उप महापौर पद के लिए प्रत्याशी घोषित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि हम चुनाव जीतने के लिए मैदान में उतरेंगे। आप के अनुसार 23 अप्रैल को नामांकन के आखिरी दिन आप के पार्टी द्वारा तय किए गए प्रत्याशी नामांकन करेंगे।

ज्ञात हो कि वर्ष 2022 में एमसीडी के आम चुनाव हुए थे। 250 सीटों वाले निगम में आप ने 134 सीटें जीतकर सत्ता प्राप्त की थी। लेकिन 2023 से ही आप के पार्षदों ने बागी होना शुरू कर दिया था। 2025 में आप दो फाड़ हो गई थी। आप के 15 पार्षदों ने बागी होकर इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी नाम से अलग पार्टी बना ली थी। अभी 250 सदस्यों वाले निगम सदन में भाजपा के 123 पार्षद हैं। आप के पास 100, इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी के पास 15, कांग्रेस के पास नौ, दो निर्दलीय,जबकि एक पद रिक्त है।

नारंग ने बताया कि भाजपा पार्षद अंदर खाने अपनी नाराजगी जताते हैं। ऐसे में आप प्रत्याशी उतारेगी तो जरुर विपक्षी समेत भाजपा के नाराज पार्षदों का भी समर्थन मिलेगा और हमारे प्रत्याशी जीत दर्ज करेंगे। भाजपा सरकार में कोई काम लोगों के नहीं हो रहे हैं। खुद भाजपा पार्षद इस बात से परेशान हैं लेकिन, एक ही पार्टी की सरकार होने की वजह से पार्षद खुलकर बोल नहीं पा रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष आप ने सत्ता में होने के बाद भी महापौर व उप महापौर चुनाव से किनारा कर लिया था। पार्टी ने जोड़-तोड़ की राजनीति से किनारा करने की बात कहकर प्रत्याशी नहीं उतारे थे। जबकि कांग्रेस ने अपने प्रत्याशी उतार दिए थे। चुनाव वाले दिन भी आप ने सदन से वाकआउट कर दिया था। हालांकि भाजपा प्रत्याशी राजा इकबाल सिंह ने 133 वोट पाकर जीत दर्ज की थी।

### रेखा गुप्ता ने आजादपुर के आस-पास के इलाकों का किया निरीक्षण

# विकास कार्यों में लापरवाही पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली मेट्रो और लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के चल रहे विकास के कामों में देरी, अव्यवस्था और खराब स्वच्छता व्यवस्था को देखकर मुख्यमंत्री रेखा गुप्त ने सोमवार को कड़ी नाराजगी जताई और अधिकारियों को सख्त फटकार लगाई। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि विकास कार्यों में लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी और अब काम केवल कागजों में नहीं, बल्कि जमीन पर साफ तौर पर दिखाई देना चाहिए। मुख्यमंत्री ने सभी संबंधित विभागों को सख्त निर्देश दिए कि कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए और किसी भी तरह की ढिलाई न बरती जाए।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को आजादपुर के पास गुप्ता मार्केट, आजादपुर चौक और त्रिपोलिया चौक के साथ-साथ आसपास के इलाकों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने दिल्ली मेट्रो और लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के चल रहे विकास कार्यों का मौके पर जाकर जायजा लिया और अधिकारियों से विस्तृत प्रगति रिपोर्ट तलब की। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि काम के दौरान स्थानीय लोगों की आवाजाही, सुरक्षा और सुविधाओं पर कोई असर न पड़े।

मुख्यमंत्री ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, गति और नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के सभी पहलुओं पर अधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी कार्य पूर्ण पारदर्शिता के साथ, निर्धारित समय-सीमा के भीतर और गुणवत्ता से बिना किसी समझौते के पूरे किए जाएं ताकि जनता को समय पर सभी आवश्यक सुविधाएं मिल सकें। मुख्यमंत्री ने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को आदेश दिया कि आजादपुर, आदर्श नगर और त्रिपोलिया चौक में नए मास्टर प्लान के तहत ड्रेनेज सिस्टम का पुनर्निर्माण और नालों की तत्काल डीसिल्टिंग (गाद निकालना) सुनिश्चित की जाए, ताकि जलभराव का स्थायी समाधान हो सके। उन्होंने सड़कों की मरम्मत, गड्ढामुक्त रोड और फुटपाथों के सौंदर्यीकरण के माध्यम से पैदल यात्रियों के लिए सुगम व्यवस्था विकसित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार राजधानी में बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर और नागरिकों की जरूरतों के अनुरूप सुविधाओं के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। वर्षों से उपेक्षित क्षेत्रों में भी विकास कार्यों को गति दी जा रही है और इन्हें समयबद्ध तरीके से पूरा कर जनता को समर्पित किया जाएगा। उन्होंने दोहराया कि सरकार चौबीसों घंटे और सातों दिन मिशन मोड में कार्य कर रही है और माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित दिल्ली' के संकल्प को साकार करने के लिए निरंतर प्रयासरत है।



### निर्माण कार्यों में सुरक्षा मानकों और गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं होगा

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने मेट्रो निर्माण कार्यों की तकनीकी और संरचनात्मक स्थिति की सख्त समीक्षा की। आजादपुर चौक क्षेत्र में निर्माण कार्यों का जायजा लेते हुए उन्होंने पिलर्स (स्तंभों) की मजबूती और गुणवत्ता को परखा और किसी भी तरह की लापरवाही पर नाराजगी जताई। फुटपाथों पर बने पिलर्स को लेकर मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्य पूरा होते ही फुटपाथों को तुरंत पहले जैसी स्थिति में बहाल किया जाए। उन्होंने दो टूक कहा कि आम लोगों की सुविधा में बाधा किसी भी हालत में स्वीकार नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा निर्माण कार्यों में सुरक्षा मानकों, गुणवत्ता और स्वच्छता के साथ कोई समझौता नहीं होगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण स्थलों पर जल निकासी की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और पीडब्ल्यूडी के साथ बेहतर समन्वय बनाकर सभी परियोजनाओं को पूरी पारदर्शिता के साथ तय समय-सीमा में हर हाल में पूरा किया जाए।

### डीटीसी ने शुरू किया विशेष जांच अभियान

## चालक परिचालक से लेकर रखरखाव पर रहेगी नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) ने सोमवार 20 अप्रैल 2026 से चालक परिचालक के व्यवहार से बसों के रखरखाव तक को लेकर एक विशेष जांच अभियान शुरू किया है। डीटीसी के प्रबंध निदेशक जितेंद्र यादव (आईएएस) के दिशा निर्देश पर बसों के सुरक्षित और सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए सुबह और शाम, दोनों पालियों में यह विशेष जांच अभियान चलाया जाएगा।

डीटीसी के अनुसार इस अभियान के दौरान परिचालन में आने वाली अनियमितताओं पर विशेष रूप से नजर रखी जाएगी, और नियमों का उल्लंघन करते पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त व उचित कार्रवाई की जाएगी। जबकि अभियान के तहत 7 मुख्य बिंदुओं पर फोकस रहेगा। जानकारी अनुसार इनमें बसों की साफ-सफाई और सेवा की गुणवत्ता और प्रस्तुति को प्रभावित करने वाले मुद्दे शामिल हैं। चालक दल के सदस्यों यानी चालक व परिचालक द्वारा नियमों का पालन न करना, जैसे बिना वर्दी के ड्यूटी पर होना, किराया लेने के बाद टिकट जारी न करना, टिकटों की जांच न करना आदि शामिल है।

इसके अलावा टिकटिंग से संबंधित उल्लंघन करना, जिसमें बिना टिकट यात्रा करना, ईटीएम का अनुचित उपयोग या उपयोग नहीं करना और एनसीएमसी कार्ड स्वीकार न करना शामिल है। यात्रियों से संबंधित अनियमितताओं में बसों में अत्यधिक भीड़, ओवरलोडिंग और नकली अथवा फर्जी पास का उपयोग करके यात्रा करना शामिल है। यातायात और परिचालन संबंधी उल्लंघन के तहत लापरवाही से गाड़ी चलाना, गलत जगह पार्किंग करना, बस लेन के नियमों का पालन न करना, और अनधिकृत मार्गों पर बसें चलाना शामिल है।

# प्लम्बेक्स इंडिया 2026 में जल स्थिरता और टिकाऊ बुनियादी ढांचे पर जोर

*आईपीए के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरमीत सिंह अरोड़ा ने कहा कि प्लंबेक्सइंडिया 2026 ने एक बार फिर भारत की प्रमुख जल चुनौतियों से निपटने में सहयोग की शक्ति को प्रदर्शित किया है। यहां हुई चर्चाएं, नवाचार और साझेदारियां सरकार, उद्योग और अकादमिक क्षेत्र के बीच साझा प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं...*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

प्लम्बेक्स इंडिया 2026 में जल स्थिरता और टिकाऊ बुनियादी ढांचे पर विशेष जोर दिया गया। यह आयोजन तीन दिन तक बेंगलुरु इंटरनेशनल एग्जिबिशन सेंटर में संपन्न हुआ। जिसमें अमेरिका, जर्मनी, इटली, स्पेन, डेनमार्क, फ्रांस, इजराइल, जापान, ताइवान और चीन जैसे देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यक्रम को भारत सरकार के दो प्रमुख मंत्रालयों आवास और शहरी कार्य मंत्रालय तथा जल शक्ति मंत्रालय और कायाकल्प और शहरी परिवर्तन के लिए अटल मिशन (अमृत मिशन) का समर्थन प्राप्त हुआ, जो नीति और उद्योग के बीच बढ़ते समन्वय को दर्शाता है।



### जल, स्वच्छता मानकों को मजबूत करने को लेकर करार

आईपीए और मान्यता प्राप्त स्वास्थ्य संगठनों का कंसोर्टियम सीएएचओ के बीच स्वास्थ्य अवसंरचना में जल, स्वच्छता और प्लंबिंग मानकों को मजबूत करने को लेकर करार हुआ। कार्यक्रम में शहरी जल प्रबंधन, भूजल स्थिरता, इंजीनियरिंग आधारित अवसंरचना समाधान और डिजाइन आधारित नवाचार जैसे विषयों पर उच्च स्तरीय चर्चाएं आयोजित की गईं, जिनमें विभिन्न क्षेत्रों के प्रमुख विशेषज्ञों ने भाग लिया। वहीं 21 इंडस्ट्री के लीडर को आईपीए अवॉर्ड्स ऑफ एक्सीलेंस के माध्यम से सम्मानित किया गया। जबकि माय वाटर माय स्टोरी पहल के विजेताओं को भी सम्मानित किया गया, जो आईपीए वनीता (इंडियन प्लंबिंग एसोसिएशन की महिला शाखा) द्वारा संचालित है और जल संरक्षण में जमीनी स्तर के योगदान का सम्मान करती है। प्रतिभागियों में अन्विथा ए राष्ट्रीय विजेता के रूप में घोषणा हुई। जिन्होंने माय वाटर माय स्टोरी पहल में अपने उत्कृष्ट योगदान से विशेष

### जमीनी क्रियान्वयन के एकीकरण के महत्व को मजबूत किया

आईपीए के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरमीत सिंह अरोड़ा ने कहा कि प्लंबेक्सइंडिया 2026 ने एक बार फिर भारत की प्रमुख जल चुनौतियों से निपटने में सहयोग की शक्ति को प्रदर्शित किया है। यहां हुई चर्चाएं, नवाचार और साझेदारियां सरकार, उद्योग और अकादमिक क्षेत्र के बीच साझा प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं। जो मजबूत, कुशल और सतत जल प्रणालियों के निर्माण के लिए आवश्यक हैं। आईपीए के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चंद्र शेखर गुप्ता ने कहा कि इस वर्ष के प्लंबेक्सइंडिया ने इंजीनियरिंग उत्कृष्टता, नीति दिशा और जमीनी क्रियान्वयन के एकीकरण के महत्व को और मजबूत किया है।

## खबर संक्षेप

### सागर दुआ बने भाजपा युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष

**फरीदाबाद।** भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष सचिन ठाकुर ने भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से विचार-विमर्श



कर युवा भाजपा नेता सागर दुआ को भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। सागर ने अपनी नियुक्ति पर केंद्रीय राज्य मंत्री चौधरी कृष्णपाल गुर्जर से मुलाकात कर आशीर्वाद लिया । मौके पर मुख्य रूप से भाजपा युवा मोर्चा के जिला प्रभारी एवं जिला भाजपा उपाध्यक्ष गोल्डी अरोड़ा मौजूद रहे।

### स्लीप डिसऑर्डर के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर

**गुरुग्राम।** स्लीप एप्निया अवेयरनेस डे पर नारायणा हेल्थ द्वारा निद्राकॉन-2026 का आयोजन



किया गया। जिसका उद्देश्य स्लीप डिसऑर्डर्स के प्रति जागरूकता बढ़ाना, निदान को प्रोत्साहित और प्रभावी उपचार विकल्पों पर चर्चा था। संस्थानों के प्रमुख ईएनटी विशेषज्ञों व चिकित्सकों ने भाग लिया। जिससे स्लीप से जुड़ी बढ़ती समस्याओं पर चर्चा करने का एक महत्वपूर्ण मंच मिला।

### चलते ट्रक में लगी आग चालक ने बचाई जान

**फरीदाबाद।** सेक्टर-16 में दिल्ली-मथुरा हाईवे की सर्विस लाइन पर सोमवार दोपहर करीब 12



बजे एक चलती ट्रक में अचानक आग लग गई। ट्रक के अगले हिस्से से पहले तेज धुआं निकलना शुरू हुआ। कुछ ही देर में आग भड़क उठी। ड्राइवर को धुआं निकलता दिखाई दिया तो उसने तुरंत ट्रक को सर्विस लाइन के किनारे खड़ा कर तुरंत गाड़ी से नीचे उतर गया।

### फोन हैक कर 3,17,078 की ठगी, 4 गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** साइबर थाना एनआईटी की टीम ने अंकित निवासी सीकर राजस्थान, दीपक निवासी डीडवाना



राजस्थान, पुनीत व लक्की निवासी झोटवाड राजस्थान को गिरफ्तार किया है।एक महिला ने साइबर थाना एनआईटी में दी अपनी शिकायत में बताया कि उसके फोन को किसी ने हैक कर उसके खाते से 3,17,078 रुपए निकाल लिए। जिस संबंध में साइबर थाना एनआईटी में मामला दर्ज किया गया था।

### वाहन चोर काबू, चोरीशुदा बाइक बरामद

**फरीदाबाद।** थाना खेडीपुल में दर्ज वाहन चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा सेक्टर-85



ने एक आरोपी को चोरी की मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अभिषेक उर्फ मनीष निवासी सेक्टर-86 फरीदाबाद के रूप में हुई है, जिसे सेक्टर-86 एरिया से चोरी की मोटरसाइकिल सहित काबू किया गया है।

### सैलरी बढ़ाने को लेकर वर्करों का प्रदर्शन

**फरीदाबाद।** सेक्टर-6 स्थित एक निजी कंपनी के बाहर सोमवार को सैकड़ों की संख्या में मजदूर एकत्रित होकर विरोध प्रदर्शन करने लगे। वर्करों ने आरोप लगाया कि सरकार द्वारा न्यूनतम वेतन बढ़ाए जाने के बावजूद कंपनी प्रबंधन उनकी सैलरी में बढ़ोतरी नहीं कर रहा है।प्रदर्शन कर रहे मजदूरों का कहना है कि वे कई-कई वर्षों से कंपनी में काम कर रहे हैं, लेकिन आज भी उन्हें पुरानी दरों पर ही वेतन दिया जा रहा है। मजदूरों ने कहा कि किराया, गैस सिलेंडर, राशन और बच्चों की स्कूल फीस लगातार बढ़ रही है, लेकिन उनकी आमदनी वहीं की वहीं बनी हुई है।

## शक्ति को शक्तिविहीन करने विपक्ष की सुनियोजित साजिश

*महिला आरक्षण पर कांग्रेस का दोहरा चरित्र उजागर, देश की आधी आबादी का छीना हक*

# कांग्रेस और इंडी गठबंधन ने किया 70 करोड़ महिलाओं से विश्वासघात

भारत के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज हो सकता था, लेकिन कांग्रेस और विपक्षी दलों की सुनियोजित साजिश के चलते यह लोकतंत्र का एक काला दिन बन गया। 17 अप्रैल 2026 को संसद में नारी शक्ति वंदन केवल एक विधेयक ही नहीं गिराए बल्कि विपक्ष का देश की 70 करोड़ माताओं, बहनों और बेटियों की आकांक्षाओं और सपनों पर सीधा प्रहार था...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

पूर्व शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा ने सोमवार को भाजपा जिला कार्यालय अटल कमल पर आयोजित प्रेस वार्ता में संसद में महिला सशक्तिकरण से जुड़े महत्वपूर्ण विधेयक के गिरने पर कांग्रेस और इंडी गठबन्धन पर तीखा हमला बोला।

उन्होंने कहा कि 17 अप्रैल का दिन भारत के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज हो सकता था, लेकिन कांग्रेस और विपक्षी दलों की सुनियोजित साजिश के चलते यह लोकतंत्र का एक काला दिन बन गया। 17 अप्रैल 2026 को संसद में नारी शक्ति वंदन केवल एक विधेयक ही नहीं गिराए बल्कि विपक्ष का देश की 70 करोड़ माताओं, बहनों और बेटियों की आकांक्षाओं और सपनों पर सीधा प्रहार था। यह दिन देश के सामने यह स्पष्ट कर गया की कौन नारी सशक्तिकरण के पक्ष में खड़ा है और कौन उसके रास्ते में बांधा बनकर अड़ा है।




त्रिखा ने कहा कि देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने अपनी विरासत पार्टी कार्यकर्ताओं को सौंपने के बजाय अपनी बेटी इंदिरा गांधी को आगे किया। उसी परिवार के राहुल गांधी को अवसर मिला तो उन्होंने आम महिला कार्यकर्ता को आगे बढ़ाने के बजाय अपनी बहन प्रियंका को सांसद बनाया। उन्होंने कहा कि यह मानसिकता दर्शाती है कि ये लोग परिवारवाद से बाहर नहीं निकलना चाहते और अपने परिवार के अलावा किसी आम महिला को संसद में पहुंचा कर जनता की सेवा का अवसर नहीं देना चाहते।

यह पूरा मुद्दा परिवारवाद बनाम सामान्य महिला की लड़ाई को उजागर करता है। विपक्ष नहीं चाहता कि गांव, गरीब और मध्यम वर्ग की महिलाएं संसद में पहुंचें, क्योंकि इससे उनकी पारिवारिक और वंशवादी राजनीति को चुनौती मिलेगी।

### दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है बिल गिरने का जश्न

सीमा त्रिखा ने विपक्षी दलों के रवैये पर कड़ा सवाल उठाते हुए कहा कि जिस प्रकार कांग्रेस और उसके सहयोगियों ने विधेयक गिरने के बाद जश्न मनाया, जयघोष किया, वह न केवल दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है, बल्कि देश की नारी शक्ति का घोर अपमान है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष ने महिलाओं को रोकने के लिए अपनी ही महिला जनप्रतिनिधियों को आगे करके महिलाओं के हक को छीनने का काम किया है।

### भाजपा की लोकतंत्र से खिलवाड़ करने की साजिश हुई बेनकाब

**फरीदाबाद।** कांग्रेस के जिलाध्यक्ष बलजीत कौशिक ने भाजपा को महिला विरोधी बताते हुए कहा कि महिला आरक्षण के नाम पर भाजपा की लोकतंत्र से खिलवाड़ करने की साजिश बेनकाब हो गई है क्योंकि भाजपा का असली चेहरा देश के सामने पूरी तरह उजागर हो चुका है। कौशिक सोमवार को आयोजित पत्रकार सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। कहा कि सरकार महिला आरक्षण के नाम पर परिसीमन का ऐसा जाल बुन रही थी, जिससे राजनीतिक संतुलन बिगाड़ता व लोकतांत्रिक व्यवस्था को अपने पक्ष में मोड़ा जा सके। यह केवल महिलाओं के साथ छल नहीं, बल्कि संविधान की मूल भावना पर भी सीधा प्रहार है।



## जांच करने पहुंची टीम पर हमला

# भाजपा एमएले बोले- जिहादियों को कुचलकर रख देंगे,पीढ़ियां याद रखेंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

यहां लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र में मीट की दुकान पर जांच करने पहुंचीं महिला फूड इंस्पेक्टर के चालक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। महिला फूड इंस्पेक्टर मीरा सिंह का आरोप है- यहां अवैध मांस की दुकानें चल रही थीं। हमें गौकशी की शिकायत मिली थी। हम इनकी जांच करने आए तो भीड़ ने मेरे ड्राइवर के साथ मारपीट की। इस पर लोनी विधायक ने चेतावनी देते हुए कहा- अगर ये हमारी बहन-बेटियों और अधिकारियों पर हमला करेंगे, तो कुचलकर रख देंगे। ये योगी जी की सरकार है। 7 पीढ़ियां याद करेंगे इनकी। महिला फूड इंस्पेक्टर ने कहा- हमें सीएम सर के पोर्टल पर मुख्यालय में इन दुकानों को हमारे विभाग की तरफ से कोई लाइसेंस नहीं दिया गया है।

### विधायक ने दोहराई गाय काटने की बात

लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर का कहना है कि कोई गौतस्कर है, जो मांस की दुकान खोलकर अवैध मांस बिक्री का काम करता है। वो यहां गाय भी काटकर बेचता है। जांच करने पहुंची महिला अधिकारी ने किसी घर में छुप गईं। ड्राइवर को लोगों ने मारा है। विधायक ने कहा- हमने एसडीएम लोनी से कहा है कि नगर पालिका लाइसेंस दे नहीं सकती, तो ये अवैध दुकानें कैसे चल रही हैं। एक शिकायत प्राप्त हुई थी, जिसमें लोनी नहर रोड, मौलाना आजाद कॉलोनी में अवैध मीट की दुकानों और गौकशी की शिकायत मिली थी। इसका निस्तारण करने हम आए थे। हम गाड़ी से उतरकर दुकानों की तरफ गए।



## ड्रग्स डिस्पोजल कमेटी ने किया आग के हवाले

# अलग-अलग अभियोगों में बरामद नशीले पदार्थ नष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

फरीदाबाद पुलिस द्वारा नशा तस्करों पर लगातार प्रहार करके मादक पदार्थों को जब्त किया जा रहा है और समय-समय पर इन मादक पदार्थों को नष्ट भी किया जाता है। इसी कड़ी में फरीदाबाद पुलिस द्वारा विभिन्न मुकदमों में बरामद किये गये मादक पदार्थों को पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता की अध्यक्षता वाली ड्रग्स डिस्पोजल कमेटी ने आग के हवाले कर नष्ट किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि 20 अप्रैल को जिला फरीदाबाद की ड्रग डिस्पोजल कमेटी ने फरीदाबाद पुलिस के विभिन्न थानों के 203 अभियोगो में बरामद 568 किलोग्राम गांजा, 24214 कैप्सूल, 30.66 ग्राम हेरोइन, 14.368 किलोग्राम पोपी हस्क, 1080 प्रतिबंधित टैबलेट व 101 इंजेक्शन्स मादक पदार्थों को गोल्डन ईगल वैस्ट मैनेजमेंट कंपनी तिगांव रोड गांव जसाना में नष्ट किया गया।

### व्यक्ति पर चाकू से हमला करने के मामले में 2 गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** थाना शहर बल्लभगढ के अंतर्गत लडाई झगडा में व्यक्ति पर चाकू से हमला करने के मामले में क्राईम ब्रांच उंचा गांव की टीम ने अमरजीत व अरमान निवासी तिरखा कालोनी बल्लभगढ को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता अनुसार शीशपाल निवासी तिरखा कालोनी फरीदाबाद ने पुलिस चौकी अग्रसेन चौक में दी अपनी शिकायत में बताया कि उसके लडके भारत भूषण का झगडा मार्च 2026 में उसी कालोनी के रहने वाले अमरजीत नाम के लडके के साथ हुआ था। जिस पर दिनांक 18-4-2026 को महाराणा प्राताप चौक, तिरखा कालोनी पर समय करीब 11.30 बजे अमरजीत व उसके दो साथियों ने उसके बेटे भारत भूषण पर चाकू से हमला कर दिया।



*हिमाचल में प्रशिक्षण के दौरान शहीद, 3 महीने पहले हुई थी शादी*

# राजकीय सम्मान के साथ जवान का अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



हिमाचल प्रदेश के जिला चंबा स्थित बकलोह सैन्य छावनी के स्पेशल फोर्सेस ट्रेनिंग स्कूल में प्रशिक्षण के दौरान शहीद हुए 26 साल के भारतीय सेना के जवान मोहित का फरीदाबाद जिले के उनके पैतृक गांव साहूपुरा में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। मोहित के बड़े भाई ने उसकी चिता को मुखाग्नि दी। इस दौरान भारी संख्या में लोग जवान की अंतिम यात्रा में शामिल हुए।

18 अप्रैल को गांव साहूपुरा निवासी मोहित चंबा स्थित बकलोह सैन्य छावनी के स्पेशल फोर्सेस ट्रेनिंग स्कूल में बाक्सिंग का अभ्यास कर रहा था। इस दौरान उसको कान के पास सर में चोट लग गई। जिसके बाद उनको इलाज के लिए बकलोह स्थित सैन्य अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उनका इलाज शुरू किया। इलाज के दौरान उनकी हालत बिगड़ गई और रविवार को मौत हो गई। मोहित के अंतिम यात्रा में केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, बल्लभगढ़ विधायक मूलचंद शर्मा सहित कई राजनितिक दलों के लोग पहुंचे। सभी से मोहित के परिवार को सांत्वना दी। मोहित भारतीय सेना की 29 पैरा इकाई से जुड़ा हुआ था, इस समय वह आगरा में तैनात था।

मोहित भारतीय सेना में 8 साल पहले भर्ती हुआ था। उसकी पोस्टिंग आगर में थी। 40 दिन पहले ही वह हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले में स्थित बकलोह सैन्य छावनी के स्पेशल फोर्सेस ट्रेनिंग स्कूल में ट्रेनिंग के लिए गया था। 5 अप्रैल को मोहित यहां पर ट्रेनिंग के गया था।

**पैतृक गांव साहूपुरा में हुआ अंतिम संस्कार:** मोहित की शादी इसी साल फरवरी में हुई थी, वह तीन भाइयों में सबसे छोटा था।

मोहित का बड़ा भाई सरकारी अफसर है और बीच वाला भाई प्राइवेट जॉब करता था। मोहित अपने परिवार का सबसे छोटा बेटा था। मोहित का शव पहले उनके त्रिखा कालोनी निवास पर ले जाया गया। जहां से उसकी अंतिम यात्रा निकाली गई और उनके पैतृक गांव साहूपुरा के शमशान घाट में उनका अंतिम संस्कार किया गया। मोहित के परिवार के लोगों ने बताया कि वह शुरू से ही सेना में रहकर देश की सेवा करना चाहता था।

इसके लिए उसने सेना की तैयारी की और पहली ही बार में सेना में सिपाही के पद पर भर्ती हो गया, उनको मोहित की शहादत पर गर्व है।

## नगरपालिका कर्मचारियों ने काले बिल्ले लगाकर किया प्रदर्शन

# अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों की हड़ताल को और तेज करने का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों की हड़ताल 13 वें दिन में प्रवेश सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा एवं नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने फायर स्टेशन पर पहुंचकर हड़ताली कर्मचारियों का हौंसला बढ़ाते हुए आंदोलन को तेज करने का ऐलान किया है।

उन्होंने 22 से 25 अप्रैल तक न्याय की पुकार विधायकों के दरबार कार्यक्रम के तहत विधायकों एवं मंत्रियों को ज्ञापन देने एवं 27 अप्रैल से अग्निशमन एवं पालिका कर्मचारी संघ ने संयुक्त रूप से क्रमिक भूख हड़ताल का ऐलान किया है। नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा के आह्वान पर प्रदेश के 11 नगर निगमों, 22 नगर परिषदों एवं 59 नगर पालिकाओं के कर्मचारियों ने काले बिल्ले लगाकर जनता के बीच काम करते हुए सरकार के कर्मचारी एवं दलित विरोधी चेहरे को बेनकाब करने का अभियान शुरू किया है। जानकारी देते हुए सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा व राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने बताया कि फायर कर्मचारी की चल रही हड़ताल को सफल बनाने एवं प्रदेश के पालिका कर्मचारियों की वर्षों से लंबित मांगों के लिए नपा कर्म संघ ने संयुक्त राज्य स्तरीय कन्वेंशन कर संयुक्त आंदोलन की रणनीति बनाई थी जिसके तहत अब 24 से 25 अप्रैल को प्रदेश के सभी 90 शहरों के बाजारों में उल्टी झाड़ू प्रदर्शन कर सरकार की पोल जनता के दरबार में खोलेंगे।



### राजनगर एक्सटेंशन में धूमधाम से मनाया गया परशुराम जन्मोत्सव

**गाजियाबाद।** राजनगर एक्सटेंशन की फॉरच्यून रेजिडेंसी के क्लब मै परशुराम जन्मोत्सव प्रतिवर्ष की भाँति धूमधाम से मनाया गया, जिसमें भजन संध्या, मनमोहन झांकियां,फूलों की होली व पारिवारिक मंगल मिलन कार्यक्रम हुआ और भक्तों ने कार्यक्रम का आनंद लिया। कार्यक्रम मै 500 से अधिक ब्राह्मण परिवार शामिल हुए मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा का समिति के सदस्यों ने फरसा भेट कर स्वागत किया।



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **पवन कुमार, पुत्रः ओम प्रकाश, निवासीः मकान संख्या एफ–54ए, गली संख्या 6, विजय विहार फेज–2, दिल्ली** ने **FIR No. 133/24, U/s: 392/411 IPC, पुलिस थाना उत्तर रोहिणी, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **पवन कुमार** मिल नही रहा है। और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि **पवन कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना उत्तर रोहिणी, दिल्ली** के अभियुक्त **पवन कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **03.06.2026** या इससे पहले हाजिर हो। **आदेशानुसार,**

**सुश्री इब्बानी अग्रवाल**
**जेएमएफसी–03, कमरा नं.107**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/5068/RD/2026**

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **दिलशाद, पुत्रः जलीम, निवासीः ई–73/बी–59, संजय कॉलोनी, गोकल पुरी, दिल्ली** ने **FIR No. 459/20, U/s: 25 Arms Act, पुलिस थाना गोकल पुरी, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **दिलशाद** मिल नही रहा है। और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **दिलशाद** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना गोकल पुरी, दिल्ली** के अभियुक्त **दिलशाद** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **22.05.2026** या इससे पहले हाजिर हो। **आदेशानुसार**

**सुश्री श्रुति सारस्वत**
**जेएमएफसी–03, उत्तर पूर्व, कमरा नंबर 22,**
**करकड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

**DP/5100/NE/2026**

## खबर संक्षेप

### झारखंड में भीषण गर्मी व लू की चेतावनी



रांची। झारखंड में लू की आशंका को देखते हुए सरकार ने 21 अप्रैल से स्कूलों के समय में बदलाव किया है। शिक्षा विभाग की तरफ से जारी आदेश में बताया गया कि नए शेड्यूल के अनुसार केजी से 8 तक की कक्षाएं सुबह 7 से 11:30 बजे तक तथा कक्षा 9 से 12 तक की कक्षाएं सुबह 7 बजे से 12 बजे तक संचालित होंगी। सरकार ने यह फैसला बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले बुरे प्रभाव को देखते हुए लिया है।

### आजम,अब्दुल्ला की सजा घटाने की अपील खारिज



रामपुर। दो पैन कार्ड मामले में सजा काट रहे सपा नेता आजम खां व उनके बेटे अब्दुल्ला आजम को राहत नहीं मिली है। एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट ने सजा कम करने की उनकी अपील खारिज कर दी। मामले में पहले मजिस्ट्रेट कोर्ट ने दोनों को सात-सात साल की कैद व 50-50 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई थी। फैसले के खिलाफ बचाव पक्ष ने सजा कम करने की अपील की थी।

### पूर्व डीजीपी पर सम्राट सरकार का भरोसा कायम



पटना। बिहार सरकार ने प्रशासनिक स्तर पर एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग के अध्यक्ष केएस द्विवेदी के कार्यकाल को विस्तार दे दिया है। गृह विभाग (आरक्षी शाखा) द्वारा सोमवार को जारी आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार, अब वह 68 वर्ष की आयु तक या अगले आदेश तक इस पद पर बने रहेंगे।

जनसेवा सरकार का कर्तव्य

# जनता दर्शन में योगी सरकार ने दोहराई 25 करोड़ लोगों की सेवा की प्रतिबद्धता

*मुख्यमंत्री योगी ने जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को समयबद्ध समाधान के निर्देश दिए। आवास, इलाज, शिक्षा, अवैध कब्जे और पुलिस मामलों पर त्वरित कार्रवाई करने को कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनसेवा सरकार का कर्तव्य है और हर जरूरतमंद को योजनाओं का लाभ मिलेगा...*

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को 'जनता दर्शन' में प्रदेश भर से आए फरियादियों से मुलाकात की, उनकी शिकायतें सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा के अंदर निस्तारण कराने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनसेवा सरकार का कर्तव्य है और सरकार अपने कर्तव्य पथ पर चलकर प्रदेश की 25 करोड़ जनता की सेवा कर रही है। हर उचित समस्याओं के समाधान के लिए सरकार संकल्पित है।

**दर्द लेकर आईं, दुआ देकर गईं :** बरेली की रहने वालीं दीप्ति 'जनता दर्शन' में पहुंचीं। उन्होंने मुख्यमंत्री के समक्ष अपना दर्द बयां किया। बताया कि वह किराए के मकान में रहती हैं और ठेला लगाकर जीवनयापन कर रही हैं। आर्थिक विपन्नता के कारण बच्चों के लालन-पालन में काफी परेशानी हो रही है।

इस पर मुख्यमंत्री ने बरेली के जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि महिला की समस्या सुनकर पीएम स्वनिधि योजना का लाभ दिलाते हुए स्थानीय स्तर पर समस्या का त्वरित समाधान कराएं। सीएम की संवेदनशीलता को देखकर दीप्ति की आंखें भर आईं। चेहरे पर खुशी का भाव लिए हुए उन्होंने जाते-जाते मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया और उन्हें ढेर सारी दुआएं भी दीं।



### अवैध कब्जे, पुलिस मामलों में त्वरित कार्रवाई के आदेश

'जनता दर्शन' में कुछ लोगों ने आवास की मांग से संबंधित प्रार्थना पत्र सौंपे। मुख्यमंत्री ने उनकी बातें सुनते हुए आश्वस्त किया कि सरकार हर पात्र व्यक्ति को प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत आवास उपलब्ध करा रही है। सीएम ने संबंधित जनपदों के जिलाधिकारियों को आवेदकों का पत्र भेजते हुए उन्हें निर्देशित किया कि पात्रता के आधार पर इन्हें भी आवास योजना का लाभ दिलाएं। इन लोगों ने भी मुख्यमंत्री के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की। मुख्यमंत्री के पास कुछ लोगों ने इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लगाई। इस पर सीएम योगी ने तत्काल एस्टिमेट बनवाकर शासन को उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने कहा कि आप परिजन की चिंता कीजिए, इलाज की चिंता सरकार करेगी। वहीं कुछ अभिभावकों ने आर्थिक परेशानी का जिक्र करते हुए बच्चों की पढ़ाई पर चिंता जताई। इस पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी बच्चे का स्कूल नहीं छूटना चाहिए।

## उच्चस्तरीय बैठक में नए सिरे से मानक तय करने पर सहमति बनी

# यूपी के नए शहरी क्षेत्र में सड़क बनाने का मानक बदलने जा रही योगी सरकार

*यूपी में योगी सरकार नए शहरी क्षेत्र में सड़क बनाने का मानक बदलने जा रही है। सीवर और जलापूर्ति के लिए पाइप लाइन न पड़ने वाले क्षेत्रों में केवल इंटरलॉकिंग सड़कें बनाई जाएंगी। इसकी सुविधा जहां हो जाएगी, वहां सीसी रोड बनेंगे।*

एजेंसी ▶▶ लखनऊ



उत्तर प्रदेश में योगी सरकार नए शहरी क्षेत्रों में सड़क बनाने का मानक बदलने जा रही है। सीवर और जलापूर्ति के लिए पाइप लाइन न पड़ने वाले क्षेत्रों में केवल इंटरलॉकिंग सड़के बनाई जाएंगी। इसकी सुविधा जहां हो जाएगी, वहां सीसी रोड बनेंगे।

उच्चाधिकारियों का मानना है कि इससे सड़कें बनने के बाद बार-बार काटी नहीं जाएंगी और विभागीय पैसे की बचत होगी। दरअसल, सीवर और जलापूर्ति के लिए पाइप लाइन के बिना सीसी रोड बन जाने से बाद में सड़कें खोदी जाती हैं। इससे लोगों को असुविधा होती है और दोहरा खर्च भी पड़ता है। इसी सब से बचने के लिए यह कदम उठाने जाने की तैयारी है। नगर विकास विभाग शहरी क्षेत्र की रास्ते और गलियों में सड़कों का निर्माण कराता है। इसके लिए निकायों को हर साल भारी-भरकम बजट दिया जाता है। इसके बावजूद इसके जरूरतभर सड़कें नहीं बन पाती हैं। इसीलिए उच्चस्तर पर हुई बैठक में सड़कें बनाने के लिए नए सिरे से मानक तय करने पर सहमति बनी है। नगर विकास विभाग को इसके लिए जरूरी सुझाव भेज दिए गए हैं। इसके मुताबिक ऐसी सड़कें, रास्ते और गलियां जिनमें सीवर या जलापूर्ति संबंधी काम नहीं हुए हैं वहां यथासंभव इंटरलॉकिंग सड़कों का निर्माण कराया जाए। जिन गलियों में सीवर या जलापूर्ति संबंधी काम हो चुके हैं वहां सीसी रोड का निर्माण कराया जाएगा। सड़कों पर आवश्यक रोड साइनेज लगाए जाएं। सड़क सुरक्षा के सभी जरूरी उपाय किए जाएं। शहरी क्षेत्र की सड़कों में डार्क स्पॉट और बलैक स्पॉट चिह्नित किए जाएं। स्पीड ब्रेकर के स्थान स्पीड टेबल बनाए जाएं, जिससे खासकर बुजुर्गों को आने-जाने में किसी तरह की समस्या न हो। स्पीड ब्रेकर की वजह से परेशानियां होने की बात सामने आई है। इन सभी तरह की परेशानियों को दूर करने की कोशिश की नगर विकास विभाग में लगा रहा हुआ। नगर विकास विभाग अब इसके आधार पर निकायों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी करने जा रहा है, जिससे नए मानक के आधार पर सड़कें बनाई जाएं। इससे एक ही सड़क को बार-बार बनाना का झंझट खत्म हो जाएगा और जहां सड़कें नहीं बनी हैं, वहां बनाने का रास्ता भी साफ हो जाएगा। सड़कें बन जाने के बाद लोगों को आने-जाने में हो रही समस्या दूर हो जाएगी।

### बंगाल में चुनावी मंच से सीएम योगी का दावा

***'नो कर्फ्यू, नो दंगा; यूपी में सब चंगा,***

*लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पश्चिम बंगाल के बांकुरा में सोमवार को चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने दावा किया कि अब उत्तर प्रदेश में दंगे नहीं होते। सीएम योगी ने कहा, 'नो कर्फ्यू, नो दंगा; यूपी में सब चंगा। जितने माफिया थे, वे सभी जहन्नुम की यात्रा पर चले गए। यूपी में अब कोई माफिया और गुंडा नहीं है। अब वहां पर हर एक नागरिक सुरक्षित है।' मुख्यमंत्री ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश भारत की इकोनॉमी में ग्रोथ इंजन की भूमिका निभा रहा है।पश्चिम मेदिनीपुर में चुनावी मंच से योगी आदित्यनाथ ने कहा, 'कांग्रेस, टीएमसी और इंडी गठबंधन ने भारत पर 60 वर्ष से अधिक समय तक शासन किया। लेकिन उनके पास अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए कोई एजेंडा नहीं था। ये लोग बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर का अपमान करते हैं। उन्होंने बंगाल में राष्ट्रपति के दौरे के दौरान प्रोटोकॉल का उल्लंघन किया और उनका अपमान किया।*



## फिर बिहार यात्रा पर निकलेंगे पूर्व सीएम

# जेडीयू विधानमंडल दल का नेता चुनेंगे नीतीश, बैठक में फैसला

एजेंसी ▶▶ पटना

पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश को जदयू विधानमंडल दल का नेता चुनने के लिए पार्टी ने अधिकृत किया है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के तौर पर वह नेता और उपनेता दोनों का फैसला करेंगे। सोमवार को जेडीयू की अहम सांगठनिक बैठक में नीतीश कुमार को सर्व सम्मति से इसके लिए अधिकृत कर दिया गया। बैठक में नीतीश कुमार ने बताया कि वे फिर की यात्रा पर निकलेंगे। सोमवार को उनके आवास एक अणे मार्ग पर पार्टी की अहम बैठक हुई जिसमें सभी विधायक और सांसद शामिल हुए।

**बैठक में सभी विधायक व विधान पार्षद शामिल:** सोमवार को एक अणे मार्ग में दिन के 11 बजे से यह बैठक शुरू हुई। इसमें पार्टी के सभी विधायक और विधान पार्षद शामिल हुए। नीतीश कुमार के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद विधानमंडल दल के नए नेता का चयन किया जाना है। इसको लेकर ही यह बैठक बुलाई गई थी। वर्तमान में जदयू के दो वरिष्ठ मंत्री विजय कुमार चौधरी और बिजेंद्र प्रसाद यादव सरकार में उपमुख्यमंत्री बने हैं।

**केवल संसदीय कार्य के लिए दिल्ली में रहेंगे नीतीश:** बैठक के बारे में एमएलसी नीरज कुमार ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विधायक दल के नेता और उपनेता का नाम तय करने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष को अधिकृत किया गया है। बैठक में नीतीश कुमार ने कहा कि केवल संसदीय कार्य के लिए दिल्ली में रहेंगे। उसके बाद बिहार में समय देंगे।

## पेज एक का शेष

### 2047 के संकल्प में ...

और समृद्धि का रास्ता बनाएं। भारत ने खुशी जताई कि आज कोरिया अंतरराष्ट्रीय सौर संघ, हिंद-प्रशांत महासागर पहल से जुड़ रहा है। ग्लोबल ग्रीन ग्रोथ इंस्टीट्यूट में कोरिया की पहले की भागीदारी रही है।

### मणिपुर में ताज़ा ...

लिया है", जिसके चलते आम नागरिक असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। कांग्रेस ने इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा है, जिसमें हालिया हत्याओं और लगातार जारी अशांति को ध्यान में रखते हुए तत्काल सरकारी हस्तक्षेप, संस्थागत सुधार और निश्चित समय सीमा के भीतर जांच पूरी करने की मांग की गई है।

**दर्दनाक घटनाओं का जिक्र :** सांसद अकोइजाम ने 6-7 अप्रैल की दरम्यानी रात को बिष्णुपुर जिले के त्रोंगलाओबी गांव में हुई एक बेहद भयावह घटना का उल्लेख किया, जिसमें दो मासूम बच्चों की हत्या कर दी गई और उनकी मां गंभीर रूप से घायल हो गईं। इसके अलावा गेलमोन गांव में सीआरपीएफ पोस्ट पर हुई गोलीबारी में तीन लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हुए।

कांग्रेस ने यह भी बताया कि फरवरी से उखरुल और कामजोंग जिलों में लगातार हिंसा जारी है, जिसमें आगजनी और हत्याओं की घटनाएं सामने आई हैं। इस दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग-202 भी बंद रहा, जिससे आम लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। हालिया घटना में 10 अप्रैल को एक बीएसएफ जवान की हत्या भी हुई, जिसने स्थिति की गंभीरता को और बढ़ा दिया है।

**मणिपुर हिंसा पर कांग्रेस की प्रमुख मांगें:**

1. त्रोंगलाओबी हत्याकांड सहित सभी घटनाओं की समयबद्ध जांच कर दोषियों को जल्द से जल्द सजा दी जाए।
2. उखरुल और कामजोंग जिलों में तत्काल शांति बहाली सुनिश्चित की जाए।
3. बंद पड़े राष्ट्रीय राजमार्ग को जल्द खोला जाए और सामान्य जनजीवन बहाल किया जाए।
4. अवैध गतिविधियों में शामिल हथियारबंद समूहों और व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।
5. मणिपुर पुलिस का पुनर्गठन और सशक्तिकरण किया जाए ताकि कानून-व्यवस्था प्रभावी रूप से कायम रह सके।
6. नागरिकों को अपने घरों और आवश्यक सेवाओं—जैसे सड़क, हवाई अड्डे, अस्पताल और शिक्षण संस्थानों—तक सुरक्षित पहुंच सुनिश्चित की जाए।

**जांच आयोग और राहत पर जोर:** कांग्रेस ने 3 मई 2023 से शुरू हुई हिंसा की जांच के लिए केंद्र द्वारा 4 जून 2023 को गठित आयोग की रिपोर्ट को तत्काल सार्वजनिक करने की भी मांग की है। पार्टी का कहना है कि इससे सच्चाई सामने आएगी और जवाबदेही तय होगी। इसके साथ ही, हिंसा से प्रभावित लोगों के लिए पर्याप्त आर्थिक और भौतिक सहायता, लंबे समय से जारी अशांति के आर्थिक प्रभाव को कम करने के लिए नीतियां बनाने और सभी हितधारकों के साथ संवाद शुरू करने की मांग भी की गई है।

**जनगणना और नागरिकता से जुड़े मुद्दे :** कांग्रेस ने यह भी मांग की है कि जब तक राज्य में कानून-व्यवस्था सामान्य नहीं हो जाती, तब तक जनगणना और परिसीमन प्रक्रिया को स्थगित रखा जाए। इसके अलावा, नागरिकों और गैर-नागरिकों की पहचान के लिए निष्पक्ष प्रक्रिया अपनाने पर जोर दिया गया है। पार्टी ने अवैध आव्रजन के मामलों से निपटने के लिए फॉरेनर्स ट्रिब्यूनल गठित करने की भी मांग की है।

### सरकार ने अतिरिक्त...

गेहूं का रकबा बढ़कर लगभग 334.17 लाख हेक्टेयर हो गया है, जबकि पिछले वर्ष यह 328.04 लाख हेक्टेयर था। यह वृद्धि गेहूं की खेती के प्रति किसानों के मजबूत विश्वास को दर्शाती है, जिसे सुनिश्चित न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) और सुदृढ़ खरीद तंत्र का समर्थन प्राप्त है, तथा यह एक और शानदार फसल की संभावना का संकेत देती है। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा 10 मार्च 2026 को जारी द्वितीय अग्रिम आकलन के अनुसार, वर्ष 2025–26 के लिए गेहूं उत्पादन का अनुमान 1202 एलएमटी लगाया गया है। उत्पादन परिदृश्य के अनुकूल होने तथा भंडार की उच्च उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त निर्यात की अनुमति देना उपयुक्त माना गया। इससे पूर्व, डीएफपीडी ने जनवरी 2026 में 5 एलएमटी गेहूं उत्पादों के निर्यात को मंजूरी दी थी। इसके पश्चात फरवरी 2026 में अतिरिक्त 5 एलएमटी गेहूं उत्पादों तथा 25 एलएमटी गेहूं के निर्यात को भी स्वीकृति प्रदान की गई। नवीनतम स्वीकृतियों के साथ अब कुल 50 एलएमटी गेहूं तथा 10 एलएमटी गेहूं उत्पादों के निर्यात की अनुमति दी जा चुकी है। अतिरिक्त 25 एलएमटी गेहूं के निर्यात की अनुमति देने का यह नवीनतम निर्णय बाजार में तरलता को बढ़ाने, भंडार के कुशल प्रबंधन को सुगम बनाने तथा चरम आवक के मौसम के दौरान संकटपूर्ण बिक्री को रोकने की अपेक्षा है। यह घरेलू मूल्यों को स्थिर रखने और किसानों की आय को सुदृढ़ करने में भी सहायक होगा, साथ ही देश की खाद्य सुरक्षा पूर्णतः सुरक्षित बनी रहेगी। सरकार किसानों और उपभोक्ताओं के हितों में संतुलन बनाए रखने के साथ-साथ कृषि क्षेत्र में सतत विकास को प्रोत्साहित करने हेतु संतुलित और समयोचित उपाय अपनाने के प्रति वचनबद्ध है।

### 26 होनहारों ने ....

एंट्रेंस में 26 उम्मीदवारों ने 100 एनटीए स्कोर हासिल किया है। दिल्ली के श्रेयस मिश्रा, आंध्र प्रदेश के नरेंद्रबाबू और बिहार के शुभम कुमार जैसे छात्रों ने देश भर में टॉप किया है। राज्यों की बात करें तो राजस्थान का प्रदर्शन शानदार रहा है, जहां से सबसे ज्यादा टॉपर निकले हैं।

परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए एनटीए इस बार बेहद सख्त नजर आया। एजेंसी ने जानकारी दी कि 110 से ज्यादा उम्मीदवारों के परिणाम अनुचित साधनों के प्रयोग के कारण रोक दिए गए हैं। इनमें फर्जी दस्तावेज पेश करने और परीक्षा के दौरान संदिग्ध गतिविधियों में शामिल होना शामिल है।

**दो सवाल हटाए गए, कट-ऑफ पर नजर:** सोमवार को जारी हुई फाइनल आंसर-की में फिजिक्स सेक्शन से दो सवालों को हटा दिया गया है। अब छात्रों का रिजल्ट इसी संशोधित आंसर-की के आधार पर तैयार किया गया है। जानकारों के मुताबिक, इस साल जनरल कैटेगरी का कट-ऑफ 93 से 94 परसेंटाइल के आसपास रह सकता है। जो छात्र जेईई-मेन में सफल हुए हैं और टॉप 2.5 लाख की सूची में जगह बनाएंगे, वे अब जेईई एडवांस्ड 2026 के लिए रजिस्ट्रेशन कर सकेंगे। एडवांस्ड परीक्षा के लिए आवेदन प्रक्रिया 23 अप्रैल 2026 से शुरू होगी, जिसकी जिम्मेदारी इस बार आईआईटी रुड़की संभाल रहा है।

### तेज रफ्तार बस ....

गया। इससे ड्राइवर उसे कंट्रोल नहीं कर सका। और बस सड़क से नीचे गिर गई। हादसे में बस का ऊपरी हिस्सा पूरी तरह नष्ट हो गया है। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट पर बताया कि हादसे का शिकार हुई बस पब्लिक ट्रांसपोर्ट की थी। घायलों का इलाज जीएमसी ऊधमपुर में किया जा रहा है।

### पीएम मोदी ने ...

(पीएमएन आरएफ) की ओर से 2 लाख रुपए की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50,000 रु. दिए जाएंगे।

### हॉर्मुज को लेकर ...

मान जाएंगे और ईरान शांति वार्ता में शामिल हो जाएगा।

जोलघाद्र को भेजना चाहते थे वाहिदीः मेजर जनरल वाहिदी ने बातचीत के लिए जाने वाली टीम में जोलघाद्र को शामिल करने की कोशिश की थी, लेकिन प्रतिनिधिमंडल के नेताओं संसद स्पीकर मोहम्मद बागेर गालिबफ और अराघची ने इसका विरोध किया। इसका कारण ये था कि जोलघाद्र के पास कूटनीतिक अनुभव नहीं था। माना जा रहा है कि उन्हें बातचीत पर निगरानी रखने और तेहरान को रिपोर्ट देने के मकसद से भेजा जाना था। जोलघाद्र ने बाद में आईआरजीसी के वरिष्ठ नेताओं से शिकायत कि थी कि बातचीत के दौरान अराघची ने अपनी सीमाएं लांघीं और एक्सिस ऑफ रेजिस्टेंस पर नरम रुख अपनाया।

### ईरान में सुपर पावर ...

पर सहमत होते दिख रहे थे, वहीं आईआरजीसी ने इस फैसले को पलट दिया है। वाहिदी के आदेश पर ईरान की फास्ट अटैक शिप्स ने इस सामरिक रास्ते को पूरी तरह ब्लॉक कर दिया है। पिछले 48 घंटों में तीन जहाजों को निशाना बनाया गया है।

**ट्रंप के चार प्रतिनिधि पाक पहुंचेः** अमेरिका के शांति मिशन के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और राष्ट्रपति ट्रंप के दामाद जेरेड कुशनर ईरान के साथ दूसरे दौर की शांति वार्ता के लिए इस्लामाबाद पहुंच गए हैं। अमेरिकी सेना के कमांडर इन चीफ के हवाले से बताया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मध्य पूर्व के दूत (स्टीव विटकॉफ) ईरान युद्ध को खत्म करने के लिए बातचीत को फिर से शुरू करेंगे। पाकिस्तान के नूरखान एयरबेस पर अमेरिका के चार सैन्य विमान लैंड किए हैं। अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल में चार लोग शामिल हैं। इसके अलावा 22 अमेरिकी सीक्रेट सर्विस के ऑफिसर भी पाकिस्तान पहुंचे। राष्ट्रपति पेजेशकियान ने न्यूक्लियर प्रोग्राम को लेकर कहा था कि हमारे देश के टेक्नोलॉजी अधिकार को कोई नहीं छीन सकता है।


## योगी सरकार का फैसला

# काशी विश्वनाथ मंदिर व गंगा घाट के पास लगाएगी डिजिटल लगेज लॉकर

### महंगे सामान सुरक्षित, श्रद्धालुओं को बड़ी राहत

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

काशी विश्वनाथ मंदिर में बाबा का दर्शन और गंगा में आस्था की डुबकी लगाने वालों को अब अपने सामान की चिंता नहीं करनी पड़ेगी, कपड़े हों या महंगे सामान, इन सबको सुरक्षित रखने के लिए योगी सरकार खास इंतजाम करने जा रही है। सरकार विश्वनाथ मंदिर और घाट के आसपास डिजिटल लगेज लॉकर लगवाने जा रही है। डिजिटल लॉकर में मोबाइल से लेकर सूटकेस तक सुरक्षित रखा जा सकेगा। डिजिटल लॉकर के इस्तेमाल के लिए डिजिटल पेमेंट की सुविधा रहेगी। काशी में अब श्रद्धालुओं के लिए डिजिटल लगेज लॉकर की सुविधा होगी। जहां अपने कीमती सामानों और कपड़ों को रख कर आप बेफिक्र घाटों पर घूम सकेंगे और गंगा स्नान कर काशीपुराधिपति समेत अन्य मंदिरों में दर्शन कर सकेंगे। काशी विश्वनाथ मंदिर के आसपास और दशाश्वमेध घाट के पास भी डिजिटल



### 225 डिजिटल लॉकर की सुविधा रहेगी

नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए डिजिटल लगेज लॉकर की व्यवस्था दशाश्वमेध घाट के पास दशाश्वमेध प्लाजा ,गोदौलिया, टाउन हॉल और बेनियाबाग पार्किंग में डिजिटल लॉकर लगाया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने जानकारी दी कि 225 डिजिटल लॉकर की सुविधा रहेगी जिसमे छोटे, मध्यम ,बड़े और एक्स्ट्रा लार्ज चार तरह के डिजिटल लॉकर उपलब्ध होंगे। इसमें मोबाइल,छोटे बैग, बड़े और सबसे बड़े लॉकर में दो सूटकेस रखे जा सकेंगे। इससे श्रद्धालुओं को बड़ी राहत मिलने के आसार है।

## किसान पहचान पत्र बनाने में लापरवाही

# 48 लेखपालों और 3 पंचायत सचिवों पर कार्रवाई, 4 सस्पेंड

### सैदपुर तहसील के 2 लेखपाल व 3 पंचायत सचिव हैं

एजेंसी ▶▶ गाजीपुर

गाजीपुर में किसान पहचान पत्र (फार्मर आईडी) बनाने के काम में लापरवाही करना कुछ कर्मचारियों को भारी पड़ा।

जिला प्रशासन ने इस मामले में 48 लेखपालों और 3 पंचायत सचिवों के खिलाफ विभाग ने कार्रवाई की है। इनमें से 4 लेखपाल और 3 पंचायतसचिव को निलंबित कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार, 28 लेखपालों को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। वहीं 14 की सैलरी को रोक दिया गया है। 2 के खिलाफ डिपार्टमेंटल एक्शन ( विभागीय कार्रवाई) की पहल की गई है। तहसील वार विवरण पर नजर डालें तो जिन कर्मचारियों को निलंबित किया गया है।

उसमें सैदपुर तहसील के दो लेखपाल और तीन पंचायत सचिव हैं। सदर तहसील के दो लेखपाल भी शामिल है।



जखनिया, सेवराई जमानिया, मोहम्मदाबाद तहसील के भी कई लेखपालों के खिलाफ वेतन रोकने और विभागीय नोटिस जारी करने की कार्रवाई की गई है। किसान पहचान पत्र के बिना किसानों को कई सुविधाएं नहीं मिल पाएंगी।

जैसे किसानों को खाद, बीज, कृषि यंत्र खरीदने ,न्यूनतम समर्थन मूल्य और गेहूं की बिकवाली के साथ ही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की अगली किश्त मिलने में परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

इसको लेकर 6 अप्रैल से अभियान चलाया गया। इसके तहत 900 से अधिक ग्राम पंचायत में शिविर भी लगाया गया। इसके जरिए अब तक 38000 से ज्यादा किसानों की आईडी बनाई गई है।

# नेपाल की 100 रुपए वाली भंसार सख्ती से बढ़ा तनाव, छोटे व्यापारी प्रभावित

एजेंसी ▶▶ मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)

भारत-नेपाल सीमा पर वर्षों से चली आ रही सहज आवाजाही अब बदलती नजर आ रही है। नेपाल सरकार द्वारा 100 रुपए से अधिक मूल्य के सामान पर कस्टम ड्यूटी को सख्ती से लागू करने के फैसले के बाद सीमावर्ती इलाकों में तनाव और असहजता बढ़ गई है। इसका असर सबसे ज्यादा आम लोगों और छोटे व्यापारियों पर पड़ रहा है।

**रोजमर्रा की जिंदगी पर असरः** नेपाल के तराई क्षेत्र में रहने वाले लोगों के लिए भारत आना-जाना रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा रहा है। नमक, तेल, दवा से लेकर अन्य जरूरी सामान के लिए वे भारतीय बाजारों पर निर्भर रहे हैं। लेकिन अब नए नियमों के कारण यह सहज व्यवस्था बाधित हो गई है।

**जांच और सख्ती से बदला माहौलः** सीमा पर अब पहले जैसी ढील नहीं दिख रही। कस्टम चेकपोस्ट से लेकर छोटे रास्तों तक निगरानी बढ़ा दी गई है। सुरक्षाकर्मी हर सामान की जांच कर रहे हैं और 100 रुपए से अधिक कीमत के सामान पर टैक्स लगाया जा रहा है। लाउडस्पीकर के जरिए भी लोगों को नियमों की जानकारी दी जा रही है।

**बढ़ी झड़प और असंतोषः** हाल ही में सप्तरी जिले के कुनौली बॉर्डर पर एक घटना ने हालात को और स्पष्ट कर दिया। भारत से सामान लेकर लौट रहे लोगों और सुरक्षा बलों के बीच झड़प हो गई।

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय
नैक द्वारा 'ए' ग्रेड मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय
महेंद्रगढ़ - 123031 (हरियाणा)

विज्ञापन स.: 01/NT/C/2026 — रोजगार सूचना — दिनांक: 16.04.2026

संविदा आधार पर विभिन्न गैर शैक्षणिक पदों पर नियुक्ति के लिए भारतीय नागरिकों (जिनमें भारत के प्रवासी नागरिक भी शामिल हैं) से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। ऑनलाइन आवेदन पत्र और अन्य विस्तृत विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.cuh.ac.in पर उपलब्ध हैं। इस संबंध में किसी भी प्रकार की अन्य जानकारी केवल विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी। ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 15.05.2026 है।

कुलसचिव

"ROF अतुलयस"
लाइसेंस संख्याः 2020 का 19 दिनांक – 01.08.2020
HARERA संख्याः 2021 का 05 दिनांक – 29.01.2021

फ्लैट्स का ई–ड्रॉ


आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेसर्स पेगासस लैंड एंड हाउसिंग प्राइवेट लिमिटेड द्वारा विकसित किए जा रहे "ROF अतुलयस" (सेक्टर–93, गुरुग्राम, हरियाणा) के फ्लैटों का ई–ड्रॉ, किफायती आवास नीति 2013 के तहत, **गुरुवार, 23 अप्रैल 2026 को शाम 4:00 बजे** रामाडा बाय विन्धम, गुड़गांव सेंट्रल, सेक्टर–44, गुरुग्राम–122003 (हरियाणा) में सरकारी अधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित किया जाएगा। सभी आवेदकों को फ्लैटों के इस ई–ड्रॉ में शामिल होने के लिए सादर आमंत्रित किया जाता है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हरियाणा सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार पूरी पारदर्शिता बरती गई है। आवेदक नीचे दिए गए यूट्यूब लाइव लिंक पर लॉग इन करके इस ई–ड्रॉ में भाग ले सकते हैं।

यूट्यूब लिंकः **https://youtube.com/live/KFQkAqflOW0?feature=share**

**नोटः** प्रवेश केवल आवेदकों के लिए ही सीमित रहेगा। कृपया अपनी पावती और वैध पहचान पत्र साथ लाएँ।

हरिभूमि सहेली

नई दिल्ली, मंगलवार
21 अप्रैल 2026



विशेष : विश्व पुस्तक दिवस, 23 अप्रैल

किताबें पढ़कर एक अलग ही आनंद मिलता है, सिर्फ आनंद ही नहीं मिलता एक अलग तरह की दृष्टि भी मिलती है। हम बहुत कुछ गहराई से देखने-समझने लगते हैं। किताबें अंतर्ज्ञान बढ़ाकर हमें जागरूक बनाती हैं। सशक्त बनने के लिए हर स्त्री का किताबें पढ़ना जरूरी है।

# किताबें केवल आनंद ही नहीं एक अलग नजरिया भी देती हैं

आवरण कथा



कल्पना मनोरमा, साहित्यकार

किताबें केवल पढ़ने का ही सुख नहीं देतीं, देखने की दृष्टि भी बदल देती हैं। बदली हुई दृष्टि ही बदलते समय को गहराई से देख सकती है। एक ही काम, एक ही दिनचर्या, एक ही जीवन, किताबों के बिना भी चलता है, लेकिन किताबों के साथ वही जीवन समझ में आने लगता है, उसके भीतर छिपे अर्थ धीरे-धीरे समझ में आने लगते हैं। कहने का आशय यह है कि साहित्य मनुष्य को उसके भीतर के सत्य से परिचित कराता है।

### पढ़ने से मिलती है नई दृष्टि



एक स्त्री, जो दिन भर घर के कामों में लगी रहती है जैसे रसोई, सफाई, बच्चों की देखभाल। वह इन सबको अपने कर्तव्य की तरह निभाती है। उसका दिन एक निश्चित ढर्रे में बीतता है, जिसमें उसके लिए ठहरने की जगह बहुत कम होती है। लेकिन उसे पढ़ने का अवसर मिले, तो संभव है कि वह इन्हीं कामों को एक अलग नजर से देखे। वह यह समझे कि उसका श्रम अदृश्य क्यों है, उसका समय उसका अपना क्यों नहीं है, और उसका मौन कब, कैसे उसकी आदत बन गया?

### आप बनती हैं जागरूक

स्त्री को किताबें पढ़ने का समय जरूर निकालना चाहिए, क्योंकि किताबें उसे उसके काम से अलग नहीं करतीं, बल्कि उसी काम के भीतर एक नई जागरूकता भर देती हैं। किताबें स्त्री को यह नहीं सिखातीं कि क्या करना है, बल्कि यह समझने का साहस और बुद्धि देती हैं कि जो वह कर रही है, उसका क्या अर्थ है, क्या महत्व है? पढ़ना किसी निर्देश का पालन करना नहीं, अपने ही जीवन को नए प्रश्नों के साथ देखना है। यही वह बिंदु है, जहां पढ़ना, जीवन को केवल जीने से आगे बढ़ाकर उसे समझने की प्रक्रिया में बदल देता है।

### समझ में आते हैं जीवन के नए अर्थ

स्त्री न तो घर की शोभा मात्र है, न वह भोग की वस्तु है। वह स्वयं एक संपूर्ण व्यक्तित्व है। यह समझ केवल बाहर से दी नहीं जाती, भीतर से जगती है और किताबें इस चेतना को संभव बनाती हैं। जब कोई स्त्री पढ़ती है, तो वह केवल दूसरों की कहानी नहीं पढ़ती, वह धीरे-धीरे अपने ही जीवन को पढ़ना शुरू करती है। उसे एहसास होने लगता है, उसकी थकान केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि एक साझा संरचना का हिस्सा है। उसका संघर्ष अकेला नहीं, अनेक स्त्रियों का साझा संघर्ष है। यहीं से स्त्री के भीतर एक सूक्ष्म परिवर्तन जन्म लेता है, जहां वह केवल पढ़ती नहीं, अपने ही जीवन को नए अर्थों में समझने लगती है। नारी के जीवन की करुणा केवल उसकी दुर्बलता नहीं, उसकी संवेदना की शक्ति भी है। जब यह समझ भीतर बैठती है, तो वह अपनी भावनाओं को बोझ नहीं, एक ऊर्जा के रूप में देखने लगती है।

#### जरूरी है पढ़े हुए को जीवन में उतारना

**केवल किताबों** तक पहुंचना पर्याप्त नहीं, दृष्टि तब सही मायने में बनती है, जब पढ़ा हुआ जीवन में उतरता है। कई बार शिक्षित स्त्रियों का जीवन भी पुराने ढर्रे पर चलता रहता है। इसका कारण केवल परिस्थितियां नहीं, वे मान्यताएं हैं जो भीतर गहरे बैठ जाती हैं। पढ़ा हुआ और जिया हुआ अलग-अलग रह जाते हैं। ऐसे में किताबें एक हलचल पैदा करती हैं। यही हलचल धीरे-धीरे भीतर एक धीमी, लेकिन स्थाई स्वतंत्रता को जन्म देती है। यह प्रक्रिया तेज नहीं होती। यह धीरे-धीरे, लगभग अनदेखे ढंग से घटित होती है। पहले केवल प्रश्न उठते हैं, फिर उन प्रश्नों के साथ जीने की आदत बनती है, और फिर एक दिन वही प्रश्न दृष्टि में बदल जाते हैं।

### पढ़ना केवल एक क्रिया नहीं

यह प्रश्न भी महत्वपूर्ण है कि क्या स्त्री को पढ़ने की परिस्थितियां मिलती हैं? पढ़ना केवल अक्षरों को देखना नहीं, यह समय, एकांत और मानसिक अवकाश मांगता है। अनेक स्त्रियों का समय टुकड़ों में बंटा होता है। वे लगातार काम में लगी रहती हैं, उन्हें अपने लिए समय निकालना भी एक तरह का अपराधबोध बन जाता है। ऐसे में किताबें पास होकर भी दूर रह जाती हैं। इसलिए साक्षरता से आगे बढ़कर हमें उन सामाजिक संरचनाओं को देखना होगा, जो स्त्री को अपने लिए समय लेने से रोकती हैं। जब वह बिना अपराधबोध के अपने समय में ठहर पाती है, तभी पढ़ना संभव हो पाता है। पढ़ना केवल एक क्रिया नहीं, बल्कि अपने अस्तित्व को महत्व देने का एक शांत निर्णय भी है।

### किताबें भीतर एक रोशनी जलाती हैं

किताबें स्त्री के जीवन में कोई बाहरी बदलाव थोपती नहीं, वे भीतर एक धीमी रोशनी जलाती हैं। यह रोशनी उसे अपने ही अनुभवों को देखने, समझने और स्वीकारने की क्षमता देती है। हर स्त्री किताब तक पहुंचे, यह बहुत जरूरी है। पर उससे भी अधिक जरूरी है कि वह अपने जीवन को पढ़े। ज्ञान का



उद्देश्य केवल जानना नहीं, जागना है। जब यह जागरण होता है, तो जीवन वैसा ही रहते हुए भी बदल जाता है। किताब और स्त्री का संबंध बनने में परिवार का सहयोग बहुत जरूरी है। जब स्त्री पढ़ती है, तो वह केवल ग्रहण नहीं करती, वह भीतर ही भीतर रचने लगती है। कभी शब्दों में, कभी व्यवहार में, कभी अपने निर्णयों में। उसका जीवन धीरे-धीरे एक ऐसी कथा में बदलने लगता है, जिसे भले ही वह लिखे या न लिखे, पर वह एक अर्थपूर्ण संरचना ग्रहण कर लेती है। ❁

स्पेशल : अप्रैल-स्ट्रेस अवेयरनेस मंथ

# अपने लिए भी बदलाव की धुरी बनें स्त्रियां

वर्कप्लेस और घर की जिम्मेदारियों के बीच महिलाओं के पास अपने लिए कोई समय ही नहीं बचता है। इससे वे अस्वस्थ हो जाती हैं। महिलाओं का परिवार के साथ अपना ध्यान रखना भी जरूरी है। वे अपने जीवन में एक संतुलन बैठाएं और स्वस्थ-सुखी जीवन जिएं।

जरूरी बात

डॉ. मोनिका शर्मा



घर और बाहर दोनों मोर्चों पर जूझने वाली स्त्रियां आसानी से तनाव के घेरे में आ ही जाती हैं। वर्कप्लेस और घर की जिम्मेदारियों के बीच संतुलन बनाने की फिक्र और आपा-धापी महिलाओं को तनाव के स्याह घेरे में लिए रहती है। ऐसे में जीवन से जुड़ी भाग-दौड़ से तो दूरी नहीं बनाई जा सकती, लेकिन तनाव को समझना और इससे बचने के प्रयास बहुत जरूरी हैं।

**आवश्यक है अवेयरनेस:** हाल के वर्षों में तनाव के शिकार लोगों के आंकड़े तेजी से बढ़े हैं। हेल्थ और सेफ्टी एक्जीक्यूटिव के आंकड़ों के अनुसार 35-54 आयु वर्ग के बड़ों की देखभाल करने वाली, गृहिणी और कामकाजी भूमिका निभा रही महिलाएं पुरुषों की तुलना में काफी अधिक तनाव का अनुभव करती हैं। आंकड़े बताते हैं कि तनाव का अनुभव करने वाली महिलाओं की संख्या समान आयु के पुरुषों की तुलना में 50 प्रतिशत अधिक है। बावजूद इसके स्ट्रेस को लेकर जागरूकता का अभाव है। तनाव को स्वास्थ्य से जुड़ी समस्या समझा ही नहीं जाता। इसके कारणों पर गौर नहीं किया जाता। तनाव के कारणों और इलाज के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए सन् 1992 से हर वर्ष अप्रैल को तनाव जागरूकता माह के रूप में मनाया जाता है।



महीने भर स्ट्रेस से पैदा हो रही समस्याओं पर खुलकर बातचीत करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। साथ ही मित्रों, परिवारों, सहकर्मियों और पेशेवर लोगों के साथ अपनी मानसिक और भावनात्मक स्थिति के बारे में खुलकर बात करने का परिवेश बनाने की भी कोशिशें की जाती हैं।

**अपनी देखभाल को दें प्राथमिकता:** हमारा सामाजिक-पारिवारिक ढांचा ही ऐसा है कि महिलाएं खुद की देखभाल को कभी प्राथमिकता नहीं दे पातीं। इसके कारण घर-दफ्तर की भागम-भाग में लगी महिलाएं कई शारीरिक समस्याओं की गिरफ्त में आ जाती हैं। कमर दर्द, डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, मोटापा, थायरॉइड जैसी व्याधियां आम हो चली हैं। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे की रिपोर्ट कहती है कि देश की आधी आबादी अपने खान-पान का ध्यान नहीं रखती है। 32 से 58 वर्ष की महिलाओं के बीच हुए इस सर्वे के अनुसार 83 प्रतिशत महिलाएं किसी तरह का व्यायाम नहीं करतीं और 57 फीसदी महिलाएं खाने में फल-सब्जी का कम उपयोग करती हैं। आराम करने, किसी बात के लिए न कहने और सहजता से जीने के मामले में भी महिलाएं जरा पीछे ही हैं। वहीं एक्सरसाइज से दूरी खान-पान में लापरवाही, शरीर और मन दोनों की सेहत बिगाड़ती है। ऐसी सभी बातें तनाव की भी जड़ हैं। ऐसे में अपनी देखभाल करते हुए स्ट्रेस से जूझने के मोर्चे पर महिलाएं स्वयं अपना हाथ थामें।

**स्वयं को संभालें:** घर-परिवार और वर्कप्लेस दोनों ही जगहों पर परफेक्शन की उम्मीद, महिलाओं के लिए कितनी ही तनाव की वजह बनती हैं। बढ़ती उम्र और जिम्मेदारियों के साथ ऐसी उलझनें भावनात्मक बिखराव भी लाती हैं। इन तनाव भरी परिस्थितियों को जीते हुए बहुत-सी स्त्रियां अवसाद के स्याह अंधेरे में खो जाती हैं, जिससे नींद न आना, बात-बात पर गुस्सा आना, चिड़चिड़ापन, याददाश्त में कमी जैसी परेशानियां भी पैदा होती हैं। 2026 के ग्लोबल स्लीप सर्वे में सामने आया है कि फैमिली ड्यूटीज के कारण 39 प्रतिशत महिलाओं की नींद खराब होती है। कई महिलाएं 4 घंटे की गहरी नींद के लिए भी संघर्ष करती हैं। ग्लोबल स्लीप सर्वे के मुताबिक भारत में महिलाएं पुरुषों की तुलना में अधिक अनिद्रा से जूझ रही हैं। ऐसे में स्ट्रेस देने वाली नकारात्मक भावनाओं और परिस्थितियों से बचने के लिए जिंदादिली के साथ हर हालात को जीने का जज्बा लाएं। तनाव के घेरे में आने पर अकेले जूझने के बजाय अपनों से बात करना और पेशेवर सलाह लेना बेहद जरूरी है। ध्यान रहे कि यह तभी संभव है, जब स्त्रियां स्वयं अपने मन को संभालने को लेकर सजग होंगी। ❁

विकास के नाम पर आज जिस तरह प्राकृतिक दोहन हो रहा है, यह एक बड़ी चिंता का विषय है। समय रहते हम न चेते तो पृथ्वी का अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा। इसलिए बहुत जरूरी है, हम अपनी प्राकृतिक संपदा बचाएं, धरा हरी-भरी रहे। महिलाएं इस काम में बड़ी भूमिका निभा सकती हैं।

# सरोकारी सोच से रहेगी धरा हरी-भरी

सजगता

चैतन्या



पृथ्वी और स्त्री दोनों ही जीवन का आधार हैं। सृजन और पोषण का भाव दोनों के ही हिस्से आया है। इतना ही नहीं, धरा के समान ही महिलाएं भी बहुत सहनशील होती हैं। मां धरती अन्न, जल, वायु और सुरक्षा देकर जीवन सहेजती है। ठीक इसी तरह स्त्रियां भी रिश्तों-नातों को सींचती हैं। यही वजह है कि मदर अर्थ की रक्षा में महिलाओं की भागीदारी बहुत अहम हो जाती है। स्त्रियों में बचाने, सहेजने की एक नेचुरल समझ होती है। आज ही नहीं आने वाले कल को लेकर वे सजग रहती हैं। समझना जरूरी है कि धरती के रंग बचाने के लिए भी वर्तमान की सजगता ही आने वाले कल को सहेज सकती है। हमारी पोषक मां, धरती मां ही हमारी शक्ति है। इंसानी जीवन पृथ्वी के आंगन में ही पलता है। इसीलिए ऊर्जा के नए स्रोत तलाशने से लेकर जीवनशैली से जुड़े बदलावों तक, हर फ्रंट पर सही कवायद किए बिना भूमि के रंग सहेजना मुश्किल है।

**इस साल की थीम 'अवर पॉवर-अवर प्लेनेट':** पृथ्वी दिवस 2026 की थीम 'अवर पॉवर-अवर प्लेनेट' है। 'हमारी शक्ति, हमारा ग्रह' विषय रिन्यूएबल एनर्जी पर फोकस करता है। दो साल के लिए चुने गए इस विषय के तहत पिछले साल भी यह संदेश दिया गया था कि इस ग्रह पर बसने वाले ही इसको बचाने की शक्ति रखते हैं। साझी कोशिशें और सजगता ही पृथ्वी को एक स्वस्थ ग्रह बना सकते हैं। इन साझे प्रयासों को बल देने में स्त्रियों का रोल महत्वपूर्ण है। घर से लेकर परिवेश तक, महिलाएं अवेयरनेस लाने और बेरंग-शुष्क कुदरत को सार-संभाल के भावों की नमी लौटाने के लिए बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी को साथ ला सकती हैं। ऐसे में परिवार से हुई शुरुआत परिवेश तक बड़ा बदलाव ला सकती है।

**अनदेखी का दंश:** आखिर मां धरती की बिगड़ती सेहत को लेकर हम कब चेतेंगे? इंसानों को सशक्त बनाने वाले इस प्लेनेट की दूषित होती आबोहवा की सुध कब लेंगे? उजड़ती धरती और प्रदूषित होते हवा-पानी की चेतावनी के बावजूद हम भविष्य की चिंताओं से मुंह फेरे बैठे हैं। धरती मां अपने स्वार्थी बच्चों की हर ज्यादती सह रही है। जबकि धरती के रंग छीनने का मतलब इंसान द्वारा अपनी ही जिंदगी को बेरंग करने जैसा है। याद रहे कि जिस धरा के आंचल में हमें सब कुछ मिलता है, उसकी बेहतरी से ही मानवीय जीवन की बेहतरी भी जुड़ी है। पेड़-पौधों के बिना कुदरत का सूना आंगन और तेज रफ्तार तरक्की के नाम पर अशुद्ध होते जल-थल, वायु के साथ ही दूसरे जीव-जंतुओं की मौजूदगी के बिना इंसानों का जीवन भी कितना अधूरा-सा होगा। कहावत भी है कि 'धरा नहीं होगी तो सब धरा रह जाएगा।' प्रकृति पूजन की रीत वाले भारतीय समाज में धरती के दोहन की मानसिकता सचमुच दुःखद है। हमारे यहां तो पौराणिक और सांस्कृतिक रूप से भी पृथ्वी को देवी माना गया है। कितने ही पर्वों पर पृथ्वी और प्रकृति को ही पूजा जाता है। ऐसे में धरती की बिगड़ती आबोहवा की अनदेखी का दंश खुद इंसानों के लिए भी घातक ही है।

**जरूरतों पर भारी इच्छाएं:** तकलीफदेह है कि धरती मां के बच्चे अपनी आवश्यकताएं पूरी करने की बजाय धरा की झोली ही खाली करने लगे हैं। अपनी चाहतों के फेर में पृथ्वी की गोद सूनी करने का दुस्साहस करने लगे हैं। संसाधनों का सीमित इस्तेमाल करने के बजाय सुविधाजनक जीवनशैली से जुड़ी अंतहीन फेहरिस्त को पूरा करने के लिए कुदरत के हर हिस्से को चोट पहुंचाने लगे हैं। प्रकृति से सिर्फ अधिक से अधिक लेने-जुटाने की सोच रखने वाला इंसान लौटाने का भाव ही भुला चुका है। ऐसे में आवश्यकताओं और इच्छाओं का फर्क समझना जरूरी है। ❁



स्किन केयर

शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

# क्लीनिंग करें ऐसे फेस दिखेगा ग्लोइंग

आमतौर पर फेस वॉशिंग को स्किन केयर का सबसे ईजी स्टेप माना जाता है। साफ-सुथरी और ग्लोइंग स्किन पाने की चाहत में अधिकतर महिलाएं दिन में कई बार चेहरा धोती हैं। सही तरीके से चेहरा धोने से त्वचा ताजा, साफ और स्वस्थ दिखती है। लेकिन लगभग 80 प्रतिशत महिलाएं चेहरा धोने में गलतियां करती हैं। यही वजह है कि कई बार चेहरा धोने के बावजूद उनकी त्वचा ग्लोलेस, डल और बेजान-सी दिखती हैं, जिसकी वजह से वे टेंशन में रहती हैं।

**फेस वॉशिंग करें ऐसे:** चेहरा धोते समय की गई कुछ गलतियों की वजह से हमारी त्वचा को फायदे की बजाय नुकसान पहुंचता है और ज्यादातर महिलाएं ये गलतियां अनजाने में कर बैठती हैं।

**पहले हाथ करें साफ:** चेहरा धोने से पहले अपने हाथों को साबुन से जरूर साफ कर लें। गंदे हाथों से चेहरा धोने से गंदगी चेहरे पर फैल सकती है, जिससे चेहरे के रोमछिद्र बंद हो जाते हैं और कील, मुंहासे निकल आते हैं। इससे त्वचा संबंधी अनेक समस्याएं हो सकती हैं।

**चुनें सही फेस वॉश:** चेहरे को धोने के लिए ज्यादा फेस वॉश का उपयोग नुकसान पहुंचा सकता है। ज्यादा फेस वॉश लगाने से त्वचा का नेचुरल ऑयल खत्म हो जाता है और त्वचा रूखी-रूखी लगने लगती है। चेहरा धोने के लिए मटर के दाने के बराबर फेस वॉश काफी होता है। इसे अपनी हथेली पर डाल कर आपस में रगड़कर झाग बनाएं और साफ अंगुलियों की मदद से गीले चेहरे पर समान रूप से लगाएं। इसे आहिस्ता से गोलाकार गति में लगाएं क्योंकि इसके जोर से रगड़ने से त्वचा में घाव हो सकते हैं। इसके बाद इसे गुनगुने पानी से धो डालें। फेस वॉश का चयन करते समय अपनी स्किन टाइप का ध्यान रखें, क्योंकि गलत फेस वॉश इस्तेमाल करने से नुकसान



हो सकता है। ड्राय स्किन के लिए क्रीम आधारित फेस वॉश और सेंसिटिव स्किन के लिए माइल्ड क्लींजर उपयोग करना चाहिए।

**गुनगुना पानी है बेस्ट:** गरम पानी से चेहरा धोने से त्वचा की प्राकृतिक नमी खत्म हो जाती है। इससे बचने के लिए त्वचा ज्यादा तेल स्रावित करने लगती है जोकि कील-मुंहासों का कारण बनता है। अगर आप ठंडे पानी से चेहरा धोती हैं तो स्किन पोर्स सिकुड़ जाते हैं, जिससे चेहरा सही तरह से साफ नहीं हो पाता है। अगर आप कील मुंहासों से परेशान हैं तो ठंडे पानी से मुंह धोने से परेशानी बढ़ सकती है, क्योंकि ठंडा पानी त्वचा की सूजन जरूर कम करता है। लेकिन मुंहासों से होने वाली सूजन को कम नहीं कर सकता। इसलिए चेहरा धोने के लिए हमेशा गुनगुने पानी का इस्तेमाल करें और चेहरा रगड़ने की बजाय थपथपाकर सुखाएं। गुनगुना पानी रोमछिद्रों को खोलकर चेहरे से तेल और गंदगी को पूरी तरह हटा देता है और चेहरे का प्राकृतिक तेल और नमी भी बनाए रखता है।

**बार-बार न करें फेस क्लीन:** चेहरे को सुबह और शाम दो बार धोना बेहतर होता है। सुबह चेहरा धोने से रात की गंदगी और ऑयल क्लीन हो जाता है जबकि शाम को चेहरा धोने से दिन भर की धूल, मिट्टी और प्रदूषण हट जाता है। इससे अधिक यानी दिन में बार-बार चेहरा धोना त्वचा के लिए नुकसानदायक हो सकता है। इससे आपकी त्वचा रूखी और खिंची-खिंची सी लगती है क्योंकि बार-बार चेहरा धोने से चेहरे की त्वचा में मौजूद प्राकृतिक तेल और नमी गायब हो जाती हैं जिससे चेहरे की सुरक्षा परत कमजोर हो जाती है। ❁

हेल्दी रहने के लिए आपको यह समझना भी जरूरी है कि शरीर को प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट और फैट के अलावा किन पोषक तत्वों की भी विशेष तौर पर जरूरत होती है? इस बारे में दे रहे हैं, आपके लिए बहुत यूजफुल सजेशंस।

# न्यूट्रिएंट्स से भरपूर हो आपकी डाइट

डाइट सजेशन

राजकुमार 'दिनकर'

हमेशा हेल्दी और एनर्जेटिक रहने के लिए हमारे खाने की आदतें सही होना जरूरी है। बैलेंस्ड डाइट के लिए आप अपने भोजन को मुख्य रूप से तीन वर्ग में विभाजित कर सकते हैं। ऊर्जा देने वाला भोजन, शरीर को मजबूत बनाने वाला भोजन और रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने वाला भोजन। यहां हम आपको इसी आधार पर प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट और फैट के अलावा डाइट में शामिल किए जाने वाले जरूरी न्यूट्रिएंट्स के बारे में बता रहे हैं।

**फाइबर:** घुलनशील फाइबर वाले खाद्य जैसे-ओट्स, मटर, बींस, सेब, रसेदार फल, गाजर और जौ शरीर में कोलेस्ट्रॉल बनने से रोकते हैं और कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से



बचाते हैं। अघुलनशील फाइबर जैसे गेहूं, चोकर, नट्स, बींस, टमाटर, फूलगोभी आदि में मौजूद फाइबर, पाचन को दुरुस्त रखता है।

**मिनरल्स:** शरीर में पर्याप्त कैल्शियम की मौजूदगी का मतलब है मजबूत दांत और हड्डियां। इससे शरीर में मांसपेशियों की अच्छी वृद्धि होती है और हार्ट भी हेल्दी रहता है। कैल्शियम के लिए आपको दूध और दुग्ध उत्पादों के अलावा पालक, सफेद बींस, ब्रोकली और लाल बींस खाने चाहिए।



आयोडीन मस्तिष्क के स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है और थाइरॉयड से होने वाले बुरे प्रभावों से हमारे शरीर की रक्षा करता है। इसे आप नमक, मछली, बटर और गहरे रंग की हरी सब्जियों से हासिल कर सकते हैं।

जिंक मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य के बीच बैलेंस बनाता है। इसके लिए काजू, बादाम, मटर, अंडे, अदरक को अपने भोजन में जरूर शामिल करना चाहिए।

**एंजाइम्स रिच फूड:** कच्चे फलों में मौजूद एंजाइम्स पाचन क्रिया दुरुस्त करते हैं। खरबूजा, कोकोनट वाटर, फ्रूट सलाद, बटर मिल्क, कच्चे बादाम, सूशी जैसे खाद्य पदार्थ शरीर में एंजाइम्स के लिए हेल्पफुल होते हैं।

**एल्केलाइन फूड:** एल्केलाइन फूड्स इम्यूनिटी बढ़ाते हैं। इसके लिए ब्रोकली, बंदगोभी, फूलगोभी, स्प्राउट्स, सेलरी, शलगम और पालक खाएं। नीबू सबसे अच्छा एल्केलाइन फूड माना जाता है, जो एसिडिटी, कफ, कोल्ड, फ्लू और हर्ट बर्न से बचाता है।

**पानी:** अपने शरीर में इलेक्ट्रोलाइट्स में संतुलन के लिए प्रतिदिन 10 से 12 गिलास पानी पीना चाहिए। यह शरीर के जोड़ों के लिए लुबरीकेंट बढ़ाने में मदद करता है। पाचन क्रिया को दुरुस्त रखता है और आंखों की नमी बरकरार रखता है। इससे शरीर का तापमान नियंत्रित रहता है और शरीर से टॉक्सिन को बाहर निकालता है। इसलिए प्रतिदिन पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ और शुद्ध पानी पीना चाहिए। ❁

### भगवान परशुराम और श्रीकृष्ण लोक से जानापाव को मिलेगी राष्ट्रीय स्तर पर विशेष पहचान

# भव्य और दिव्य स्वरूप में विकसित होगी भगवान परशुराम की जन्म-स्थली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भगवान परशुराम की जन्म-स्थली जानापाव में 17.41 करोड़ की लागत से परशुराम-श्रीकृष्ण लोक विकसित किया जाएगा, जो भगवान परशुराम और भगवान श्रीकृष्ण के जीवन-दर्शन के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने वाला एक प्रमुख आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन का केन्द्र बनेगा। इस लोक के माध्यम से जानापाव को राष्ट्रीय स्तर पर एक विशिष्ट पहचान मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को भगवान परशुराम जयंती के पावन अवसर पर इंदौर जिले के जानापाव में आयोजित 'परशुराम प्रकटोत्सव' को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने भगवान परशुराम मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की समृद्धि और खुशहाली की कामना की और महाभारतकालीन अस्त्र-शस्त्रों और चक्रव्यूह की कला पर आधारित प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि सनातन परंपरा, आध्यात्मिक चेतना और विकासोन्मुख दृष्टि का समन्वित संदेश देते हुए कहा कि भगवान परशुराम का जीवन आस्था, श्रद्धा और धर्म की स्थापना के लिए समर्पण का अद्वितीय उदाहरण है। उन्होंने कहा कि हर युग में अधर्म के विरुद्ध खड़े होकर परशुराम ने धर्म की पुनर्स्थापना की और शस्त्र तथा शास्त्र दोनों में पारंगत रहकर संतुलित शक्ति का परिचय दिया।

### प्रदेश में श्रीकृष्ण पाथेय के स्थलों को भव्य तीर्थ के रूप में किया जाएगा विकसित

### जानापाव तीर्थ क्षेत्र में गंभीर व अजनार नदी को किया जाएगा पुनर्जीवित

**17.41 करोड़ की लागत से होंगे विकास कार्य**

**मुख्यमंत्री ने भगवान परशुराम की जन्म-स्थली पर की पूजा-अर्चना**



जानापाव में मुख्यमंत्री डॉ. यादव को भगवान परशुराम प्रकटोत्सव में प्रतीक स्वरूप फरसा भेंट किया गया।

### जानापाव क्षेत्र से 7 से अधिक नदियों का उद्गम हुआ: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जानापाव क्षेत्र से 7 से अधिक नदियों का उद्गम हुआ है, जिनमें प्रमुख रूप से चंबल, गंभीर, अजनार, चोरल शामिल हैं। उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत गंभीर और अजनार नदी को पुनर्जीवित करने की कार्य-योजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नदियां धरती माता की धमनियों के समान है। उनका संरक्षण, पुनर्जीवन और सतत प्रवाह सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी है। नदियों के जीवित होने से हजारों हेक्टेयर कृषि भूमि सिंचित होगी। मुख्यमंत्री ने नदी जोड़ो अभियान की सराहना करते हुए कहा कि केन-बेतवा परियोजना से बुंदेलखण्ड क्षेत्र और पार्वती-कालीसिंध परियोजना से मालवा एवं राजस्थान क्षेत्र को पेयजल, सिंचाई उद्योग और बिजली उत्पादन में व्यापक लाभ मिलेगा, जो क्षेत्रीय विकास को नई गति देगा।

### पौराणिक महत्व को दर्शाने वाला भव्य संग्रहालय बनाया जाएगा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जानापाव में प्रस्तावित लोक में पौराणिक महत्व को दर्शाने वाला एक भव्य संग्रहालय बनाया जाएगा, जिसमें शस्त्र दीर्घा, उत्पत्ति दीर्घा, स्वरूप दीर्घा, संतुलन दीर्घा और ध्यान दीर्घा के माध्यम से भगवान परशुराम और भगवान श्रीकृष्ण के जीवन के विविध आयामों को प्रस्तुत किया जाएगा। परिसर में दोनों भगवानों की कांस्य प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी, 30 फीट ऊंचा भव्य प्रवेश द्वार निर्मित होगा, कथा मंच का निर्माण किया जाएगा तथा गज़ेबो, व्यू पॉइंट, लैंडस्केपिंग और पाथ-वे सहित अन्य आधारभूत विकास कार्य किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा भगवान श्रीकृष्ण के लीला-स्थलों को श्रीकृष्ण पाथेय के रूप में विकसित कर उन्हें तीर्थ स्वरूप दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जहां-जहां भगवान श्रीकृष्ण की लीलाएं हुई हैं, उन सभी स्थानों को आस्था



और पर्यटन के प्रमुख केंद्रों के रूप में विकसित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नदी जोड़ो अभियान की सराहना करते हुए कहा कि केन-बेतवा परियोजना से बुंदेलखंड क्षेत्र और पार्वती-कालीसिंध-चंबल परियोजना से मालवा एवं राजस्थान क्षेत्र को पेयजल, सिंचाई, उद्योग और बिजली उत्पादन में व्यापक लाभ मिलेगा, जो क्षेत्रीय विकास को नई गति देगा।

### महिलाओं को हक दिलाने के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्धः सीएम डॉ. मोहन

*सीएम ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा सड़क, पुल, बांध, नहर, अस्पताल और स्कूल जैसी आधारभूत संरचनाओं का तेजी से विस्तार किया जा रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में सांदीपनि विद्यालय के माध्यम से भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य हर त्यौहार और परंपरा को समाज के साथ मिलकर उत्सव के रूप में मनाना और सांस्कृतिक जुड़ाव को मजबूत करना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महिलाओं के अधिकारों के समर्थन में अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि उन्हें उनका हक दिलाने के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने सनातन संस्कृति में माता के सम्मान और देवताओं के साथ उनके नाम के महत्व को विशेष रूप से रेखांकित किया। कार्यक्रम में परशुराम नाट्य लीला से भगवान परशुराम के विराट व्यक्तित्व को सजीव रूप में प्रस्तुत किया गया।*

### मुख्यमंत्री ने उज्जैन हेलीपैड विश्राम गृह का किया लोकार्पण

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि उज्जैन सिंहस्थ-2028 में दुनिया हमारे सनातन के वैभव को देखेगी। हमारा प्रयास है कि सिंहस्थ के विश्व स्तरीय आयोजन में श्रद्धालुओं को सभी सुविधाएं मिले और पूर्ण सनातन वैभव के साथ सिंहस्थ महापर्व-2028 का सांस्कृतिक एवं धार्मिक आयोजन सम्पन्न हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को उज्जैन में सिंहस्थ 2028 की तैयारी के अंतर्गत एक करोड़ 20 लाख की लागत से निर्मित हेलीपैड विश्राम गृह के लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस विश्राम गृह में ऑफिस कक्ष, आमजन से भेंट के लिए हॉल और पायलट के लिए भी कक्ष बनाए गए है। यह हेलीपैड उज्जैन सिंहस्थ 2028 में अतिथियों और जनप्रतिनिधियों के साथ आम जन और विशिष्ट अतिथियों के आगमन पर भेंट करने के लिए बनाया गया है। अतिथियों को एक वातानुकूलित परिसर मय बैठक व्यवस्था उपलब्ध होगी हेलीपेड एवं विश्राम गृह का निर्माण हो जाने से मुख्यमंत्री के उज्जैन आगमन पर अतिथि सत्कार के लिए आने वाले विशिष्ट अतिथियों को एक वातानुकूलित परिसर मय बैठक व्यवस्था उपलब्ध होगी। मुख्यमंत्री ने उज्जैन प्रवास के दौरान नगर निगम को 2.25 करोड़ रुपए की लागत की इलेक्ट्रिक व्हील लोडर मशीन की चाबी प्रदान की।

## सीएम डॉ. मोहन ने वर-वधू को दिया आशीर्वाद और गृहस्थी का सामान

### मुख्यमंत्री ने जिले को दी 58 करोड रुपए के सात विकास कार्यों की सौगात

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह के तहत 112 नवदंपतियों के हुए विवाह संपन्न

### उज्जैन में नगर निगम की ओर से क्षिप्रा तट स्थित कार्तिक मेला मैदान पर मुख्यमंत्री कन्या विवाह निकाह कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सामूहिक विवाह समाज में समरसता और अपनत्व की भावना बढ़ाते है। उन्होंने कहा कि वैवाहिक संस्कार एक दिन का आयोजन नहीं बल्कि अक्षय मूल्यों और अक्षय संस्कारों की स्थापना हैं। विवाह संस्कार दो परिवार को जोड़ने का प्रसंग होता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को उज्जैन में नगर निगम की ओर से क्षिप्रा तट स्थित कार्तिक मेला मैदान पर आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह निकाह कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

अक्षय तृतीया के पवित्र दिवस पर बाबा महाकाल और मां हर सिद्धि की कृपा से 112 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि उज्जैन की पावन धरा पर धर्म का सबसे अनूठा संगम हो रहा है। एक ओर बेटियों का कन्यादान कर रहे हैं वहीं दूसरी ओर सिंहस्थ 2028 के लिए विकास कार्यों की आधारशिला रखी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विवाह संस्कार जितना सरल, संस्कारित और सामाजिक सहयोग से होगा, उतना ही समाज संतुलित और मजबूत बनेगा। उन्होंने कहा कि मेरे द्वारा भी बेटे का विवाह 4 माह पूर्व सामूहिक विवाह सम्मेलन में किया गया था।



कार्यक्रम को संबोधित करते सीएम।

### 867 करोड़ की सहायता से एक लाख 57 हजार 769 विवाह हुए

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना के तहत 13 दिसंबर 2023 से 31 जनवरी 2026 तक प्रदेश में कुल 1 लाख 57 हजार 769 हितग्राहियों का विवाह एवं निकाह संपन्न कराया गया है। इसके लिए लगभग 867 करोड़ रुपए की सहायता राशि प्रदान की गई। उज्जैन में मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना के अंतर्गत पिछले दो वर्षों में कुल 641 जोड़ों का विवाह एवं निकाह संपन्न कराया गया है, जिसमें 3 करोड़ 52 लाख रुपए से अधिक की सहायता राशि राज्य सरकार की ओर से प्रदान की गई।

### मुख्यमंत्री ने हामूखेड़ी में सामूहिक विवाह सम्मेलन में 23 जोड़ों को दिया आशीर्वाद

## सामूहिक विवाह समाज में समानता, सादगी और सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देने का अनुकरणीय माध्यमः मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सामूहिक विवाह समाज में समानता, सादगी और सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देने का एक अनुकरणीय माध्यम है। आज अक्षय तृतीया का पावन अवसर है। इस मौके पर किए गए किसी भी शुभ कार्य का फल अक्षय होता है। आज का यह दिन सभी नव-विवाहित जोड़ों के लिए अत्यंत शुभ और मंगलकारी सिद्ध हो। 23 जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न हुआ रविवार को अक्षय तृतीया और परशुराम जयंती के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री ने हामूखेड़ी देवास रोड में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान 23 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्पन्न हुआ।



वर-वधू को आशीर्वाद देते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव।

### नवविवाहित कन्याओं को दोपहिया वाहन भेंट किए

मुख्यमंत्री ने मंच पर पहुंचकर सभी नव-दंपतियों को व्यक्तिगत रूप से आशीर्वाद दिया, उनके सिर पर पुष्प वर्षा की तथा उन्हें सुखद, समृद्ध और मंगलमय वैवाहिक जीवन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर नव-विवाहित कन्याओं को दोपहिया वाहन (टू-व्हीलर) भी भेंट किए गए। अतिथियों ने नव-दंपतियों को माला और स्मृति चिन्ह भेंट किए। दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने धार जिले के ग्राम सिरसोदिया में सर्वसमाज जिलास्तरीय मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह समारोह में नव दंपतियों को आशीर्वाद दिया।

### शहपुरा में 200 जोड़ों का सामूहिक विवाह व निकाह हुआ

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को जबलपुर जिले की बरगी विधानसभा क्षेत्र के शहपुरा नगर में आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना के तहत सामूहिक विवाह सम्मेलन में देवी अहिल्या एयरपोर्ट, इंदौर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सहभागिता की। इस अवसर पर शहपुरा में कुल 200 जोड़ों का सामूहिक विवाह-निकाह संपन्न हुआ। इसमें 198 जोड़ों का हिन्दू रीति-रिवाजों से तथा 2 जोड़ों का निकाह पूर्ण कराया गया।

**सीएम सैनी की अध्यक्षता में हाई पावर परचेज कमेटी की बैठक**

## ट्रांसफार्मरों के लिए 41 गैस सर्किट ब्रेकर खरीदने की मिली मंजूरी

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सैनी की अध्यक्षता में हाई पावर परचेज कमेटी की बैठक हुई। बैठक में तीन एजेंडे रखे जिसमें से दो एजेंडों को अंतिम रूप दिया गया। हाई पावर परचेज कमेटी की बैठक में हरियाणा बिजली वितरण निगम के 220 केवी के ट्रांसफार्मरों के लिए एसएफ 6 गैस सर्किट ब्रेकर की खरीद को अनुमति प्रदान की गई। इन ट्रांसफार्मरों के लिए 41 गैस सर्किट ब्रेकर खरीदें जाएंगे ताकि किसी भी आपात स्थिति में इनकी नियमित सप्लाई सुनिश्चित की जा सकेगी। इसलिए बिजली वितरण निगम को लगभग 918.4 लाख रुपए की लागत से सर्कट ब्रेकर खरीदे जाएंगे। बैठक में विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।





### उपकरणों को जलने से बचाना है गैस सर्किट ब्रेकर

गैस सर्किट ब्रेकर उच्च-वोल्टेज विद्युत प्रणालियों में एक महत्वपूर्ण सुरक्षा उपकरण है, जो फॉल्ट (जैसे शॉर्ट सर्किट या ओवरलोड) की स्थिति में बिजली के प्रवाह को तुरंत रोककर उपकरणों को नुकसान से बचाता है।

### हिसार इंटीग्रेटेड क्लस्टर के सलाहकार नियुक्त होगा


इसी प्रकार हिसार में इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर में इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने व नए शहरों के लिए प्रोग्राम मैनेजर के तौर पर काम करने हेतू सलाहकार की नियुक्ति को भी स्वीकृति प्रदान की गई। इस प्रकार हिसार में बनने वाले मेन्यूफक्चरिंग हब पर कार्य आरम्भ हो जाएगा और जनता को इस हब का जल्द ही लाभ मिलना शुरू हो सकेगा। राज्य सरकार इन नए शहरों को विकसित करने के लिए सलाहाकार नियुक्ति को स्वीकृति प्रदान की गई, जो लगातार तीन साल तक इन हबों के लिए कार्य करेंगे।

**थाने में की गई शिकायत का स्टेटस पूछने आया था पीड़ित**

## एएसआई ने फरियादी को पीटा, केस दर्ज, जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले के रतनपुर थाने में एक फरियादी की पिटाई का मामला सामने आया है। फरियादी अपने केस की जानकारी लेने थाने पहुंचा था। उसके अपने केस के बारे में एएसआई दिनेश तिवारी से पूछताछ की जिससे एएसआई भड़क गए और फरियादी की थाने के अंदर ही जमकर पिटाई कर दी। इस दौरान एएसआई ने फरियादी को जमकर गाली-गलौज दी। बताया जा रहा है कि दिनेश तिवारी ने फरियादी को 15 से 20 थप्पड़ मारे हैं। इस मारपीट का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। यह सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। पीड़ित ने खुद को स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल का रिश्तेदार बताया है।



### मारपीट का वीडियो थाने से हुआ वायरल

यह पूरी घटना 12 अप्रैल की है। इसका सीसीटीवी फुटेज थाने से ही वायरल किया गया है। घटना का वीडियो अब सामने आया है। जिसके बाद अरक दिनेश तिवारी के खिलाफ थाने में केस दर्ज किया गया है। दरअसल, रतनपुर के बनियापारा के रहने वाले विनोद जायसवाल 12 अप्रैल को अपने पुराने केस की जानकारी लेने थाने गया था। अपने केस को लेकर विनोद जायसवाल ने अरक दिनेश तिवारी से मुलाकात की और केस की जानकारी मांगी। फरियादी ने कहा कि मेरे केस की जांच रिपोर्ट को जल्द से जल्द कोर्ट में पेश किया जाए। इसी बात पर अरक दिनेश तिवारी नाराज हो गए और मारपीट शुरू कर दी।

### परतापुर एरिया कमेटी के एसीएम रैंक के नक्सली लीडर दारसु ने किया सरेंडर

**कांकेर।** जिले के अंतागढ़ में सोमवार की सुबह परतापुर एरिया कमेटी के एसीएम रैंक के नक्सली ने नक्सलियों की खोखली विचारधारा को त्यागते हुए सरकार की मुख्यधारा में जुड़ने का निर्णय लेते हुए बिना हथियार के समर्पण कर दिया है। बता दें कि कांकेर जिले में अभी कुछ दिन पहले पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई थी। इस मुठभेड़ में पुलिस ने रूपी को मार गिराया था। रूपी के मारे जाने के बाद से इस इलाके में सक्रिय 11 नक्सलियों ने अपनी जान बचाते हुए अपने घरों की ओर रुख करना शुरू कर दिया था। वहीं इन्ही नक्सलियों में एक परतापुर एरिया कमेटी के एसीएम रैंक के नक्सली लीडर दारसु जिसपर पांच लाख का इनाम था।

**भारतीय रेल**

**"सार्वजनिक अधिसूचना"**

रेलवे लाइन और परिसरों के सभी उपभोक्ताओं को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि रेलवे के निम्नलिखित खंड पर 25000 वोल्टस 50 हर्ट्ज ऐसी शिरोपरी कर्षण तारों को खंड के सामने विनिर्दिष्ट तारीख को या बाद ऊर्जित किया जायेगा। उस तारीख पर और उस तारीख से शिरोपरी कर्षण लाइन को सब समय विद्युतमय माना जायेगा और कोई अनाधिकृत व्यक्ति उस शिरोपरी लाइन की सामीप्यता में दाखिल होने या काम करने नहीं जायेगा।

| खण्ड | तारीख |
| --- | --- |
| दिल्ली–रोहतक सेक्शन में अस्थल बोहर स्टेशन पर ब्रेक वैन रिवर्सल साइडिंग। | 30.04.2026 |

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/कर्षण वितरण–II
1308/2026 दिल्ली

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### पिछले साल की सालाना वैल्यू से 12.33% ज़्यादा

## मप्र में सभी आबकारी दुकानें बिकी, 18676 करोड़ रुपए का मिलेगा राजस्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आबकारी नीति के प्रावधानों के चलते प्रदेश में सभी 3553 शराब की सभी दुकानों की बिक्री हो गई हैं। इन दुकानों से 18676.80 करोड़ कुल रेवेन्यू प्राप्त होगा। यह पिछले साल की सालाना वैल्यू से 12.33% ज़्यादा है। जबकि दूसरे सोर्स से अनुमानित इनकम 1775 करोड़ रुपए होगी।



यह दुकानों से प्राप्त कुल रेवेन्यू का 9.5% है। इन दुकानों की बिक्री से एक्साइज डिपार्टमेंट से अनुमानित रेवेन्यू कलेक्शन 20481.80 करोड़ रुपए होगा। वित्त विभाग की ओर से तय टारगेट 20279 करोड़ रुपए है। वर्ष 2026-27 के लिए आबकारी नीति के निर्धारण एवं संबंधित विषयों पर निर्णय लेने एवं आगामी वर्षों के लिए सुझाव देने कैबिनेट समिति का गठन किया गया है। मदिरा दुकानों, समूहों पर प्राप्त ऑफर पर निर्णय लेने कैबिनेट समिति की बैठक 18 अप्रैल को उप मुख्यमंत्री, वाणिज्यिक कर विभाग की अध्यक्षता में बुलाई गई थी। बैठक में आबकारी विभाग की ओर से प्रस्तुत वर्ष 2026-27 के लिए मदिरा दुकानों, समूहों के कैबिनेट समिति की ओर से निर्णय लिया गया कि 24 वें चरण में आरक्षित मूल्य से अधिकतम 65 प्रतिशत तक कम के ऑफर प्राप्त हुए हैं एवं उक्त दुकानों, समूहों के लिए पूर्व में 10 वें चरण (31 मार्च 2026) एवं 11 वें चरण (एक अप्रैल) तथा 21 वें चरण (15 अप्रैल) में प्राप्त ऑफर भी होल्ड पर रखे गए हैं। दुकान, समूह के लिए 24 वें चरण में प्राप्त ऑफर और पूर्व से होल्ड ऑफर में प्राप्त मूल्य की तुलना आबकारी नीति में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार किए जाने और उक्त दोनों में से जो भी उच्च ऑफर है, उसे स्वीकार किया जाता है।

### *वार्षिक मूल्य में छूट की अनुमति कलेक्टरों ने दी*

*आबकारी विभाग के अनुसार 10वें चरण (31 मार्च) एवं 11वें चरण (एक अप्रैल) तथा 21वें चरण (15 अप्रैल) में प्राप्त कतिपय ऑफर होल्ड पर रखे जाने के बाद बाद में स्वीकृत किए गए हैं। टेंडर ऑफर की टेंडर अवधि एवं टेंडर ऑफर स्वीकृत किए जाने की अवधि में भिन्नता होने की स्थिति में इस अवधि की वार्षिक मूल्य में छूट की अनुमति संबंधी राजपत्र के अनुरूप कलेक्टर को अधिकृत किया गया। मदिरा दुकानों के 10 वें एवं 11 वें तथा 21 वें चरण में प्राप्त उच्चतम ऑफर को आगामी चरण के लिए होल्ड पर रखते हुए, निष्पादन से शेष मदिरा दुकानों के लिए ई-टेंडर के माध्यम से ऑफर प्राप्त करने के लिए आगामी चरण में बीओक्यू में न्यूनतम ऑफर का कोई बंधन नहीं रखा जाए।*

### नदी में नहाने गए पांच दोस्तों में से दो की डूबने से मौत

**दुर्ग।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में शिवनाथ नदी में रविवार देर शाम एक दर्दनाक हादसा हो गया। जहां नहाने गए पांच दोस्तों में से दो की डूबने से मौत हो गई। घटना छातागढ़ के पास की बताई जा रही है। घटना की सूचना पुलिस और एसडीआरएफ को दी गई, जिसके बाद एसडीआरएफ की टीम ने चार घंटे में दोनों का शव बरामद कर शव को पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जानकारी के मुताबिक, नहाने के दौरान अचानक दो युवक नदी के गहरे पानी में चले गए। वहां पानी करीब 10 से 12 फीट गहरा था।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr. Pc/84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सलीम उर्फ राहुल** पुत्र रहीश, निवासी वेगाबॉन्ड रिंग रोड, वीवाईपीएस कॉलेज के पास, रानी बाग, दिल्ली, ने **FIR. No. 637/24 U/s 309(4)/317(2) भारतीय न्याय संहिता** के अंतर्गत **थाना : के.एन.के. मार्ग,दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सलीम उर्फ राहुल** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि **सलीम उर्फ राहुल** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR. No. 637/24 u/s 309(4)/317(2) भारतीय न्याय संहिता** थाना : **के.एन.के. मार्ग, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सलीम उर्फ राहुल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **05.06.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री हिमांशु सहलोथ, माननीय
जेएमएफसी–03, कमरा संख्या 213,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/4798/RD/2026
(court matter)

## चिंतन

# स्पष्ट नीति और नीयत से हो वार्ता

खाड़ी क्षेत्र में बढ़ता तनाव केवल दो देशों के बीच टकराव नहीं, बल्कि वैश्विक स्थिरता के लिए गंभीर खतरा बनता जा रहा है। इस संकट की जड़ में केवल भू-राजनीतिक हित नहीं, बल्कि जिद, शक्ति प्रदर्शन और असंतुलित कूटनीति भी शामिल है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की आक्रामक रणनीति और हर हाल में 'जीत' हासिल करने की मानसिकता ने इस संकट को और जटिल बना दिया है। ट्रंप को अपनी वह जिद छोड़नी होगी कि जीत गए हैं या जीत जाते। तभी खाड़ी का संकट दूर हो सकेगा। देखा जाए तो ट्रंप की जिद ही संकट बढ़ा रही है। इससे जहां मानवीय मदद मिलने में देरी हो रही है वहीं, जान माल की भी भारी क्षति हो रही है। ट्रंप खुद को अक्सर 'पीस मेकर' के रूप में प्रस्तुत करते हैं, लेकिन मौजूदा हालात में उनकी भूमिका कई बार इसके विपरीत नजर आती है। कई बार तो ट्रंप अशांति फैलाने वाले अधिक दिखाई देते हैं। ऐसे में उन्हें अपनी छवि बदलनी होगी। दबाव बनाकर समझौता कराने की नीति कूटनीति नहीं, बल्कि एकतरफा वर्चस्व स्थापित करने की कोशिश लगती है। यह तरीका उन देशों पर शायद काम कर सकता है जो रणनीतिक रूप से कमजोर हों, लेकिन ईरान जैसे देश के सामने यह रणनीति बार-बार विफल होती दिख रही है। ईरान ने जिस तरह से अमेरिकी ठिकानों और उसके सहयोगियों पर जवाबी कार्रवाई की है, उसने यह स्पष्ट कर दिया है कि वह दबाव में झुकने वाला नहीं है। इससे साफ है कि ईरान के पास भी कुव्वत है कि वह खाड़ी क्षेत्र में अमेरिका को भारी नुकसान पहुंचा सकता है। यह केवल सैन्य प्रतिक्रिया नहीं, बल्कि एक संदेश है कि वह अपनी संप्रभुता और सम्मान के साथ ही किसी भी समझौते की मेज पर आएगा। अब जरूरी है कि अमेरिका बड़प्पन दिखाए और वार्ता करे। तभी इस समस्या का समाधान हो सकेगा। ट्रंप प्रशासन की यह सोच कि दबाव और प्रतिबंधों के जरिए ईरान को झुकाया जा सकता है, अब तक कारगर साबित नहीं हुई है। इसके उलट, इसने ईरान को और अधिक आक्रामक बना दिया है। यह समझना जरूरी है कि आधुनिक कूटनीति में केवल शक्ति प्रदर्शन से समाधान नहीं निकलते। सम्मान, संवाद और संतुलन ही स्थायी शांति का आधार होते हैं। एक महाशक्ति होने के नाते अमेरिका की जिम्मेदारी केवल अपने हितों की रक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि वैश्विक स्थिरता बनाए रखने की भी है। ऐसे में ट्रंप को यह समझना होगा कि 'जीत' और 'समझौता' दो अलग-अलग अवधारणाएं हैं। जहां जीत में एक पक्ष का वर्चस्व होता है, वहीं समझौता बराबरी और पारस्परिक सम्मान पर आधारित होता है। यह भी स्पष्ट हो चुका है कि ईरान में सत्ता परिवर्तन की उम्मीद, जिस पर अमेरिकी रणनीति आधारित थी, पूरी नहीं हुई। अली खामेनेई के नेतृत्व में ईरान ने न केवल अपनी स्थिति बनाए रखी, बल्कि यह भी दिखाया कि वह बाहरी दबावों के सामने झुकने को तैयार नहीं है। यह स्थिति अमेरिका के लिए एक स्पष्ट संकेत है कि अब रणनीति में बदलाव की आवश्यकता है। बिना शर्त संवाद, पारस्परिक सम्मान और वास्तविक मुद्दों को समझने की इच्छा ये तीनों तत्व किसी भी सफल कूटनीति के आधार होते हैं। अंततः, खाड़ी का यह संकट भी उसी मोड़ पर खड़ा है। यदि समय रहते अमेरिका और ईरान बराबरी और सम्मान के साथ वार्ता की मेज पर नहीं आते, तो इसके परिणाम केवल दोनों देशों तक सीमित नहीं रहेंगे। स्पष्ट नीति, साफ नीयत और संतुलित कूटनीति यही वह रास्ता है, जो इस संकट को टाल सकता है। वरना 'सोचेंगे' जैसे शब्द इतिहास के सबसे कमजोर बहाने बनकर रह जाएंगे।

# सुरक्षा उपायों के अनदेखी का नतीजा है औद्योगिक दुर्घटनाएं



विचार
डॉ. संजय शुक्ला

बीते 14 अप्रैल को छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले के सिंघीतराई स्थित में वेदांता समूह के पावर प्लांट के बॉयलर में हुए विस्फोट के कारण अब तक 24 मजदूरों की मौत हो गई है वहीं लगभग दो दर्जन से ज्यादा श्रमिक जीवन और मृत्यु के बीच संघर्ष कर रहे हैं। हादसे की गंभीरता के मद्देनजर मृतकों के संख्या में इजाफा होने का अंदेशा है। सरकार द्वारा हादसे की जांच की घोषणा के बाद वेदांता समूह के प्रबंधव सहित 10 लोगों के खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज कर लिया गया है। महत्वपूर्ण तथ्य यह कि राज्य में औद्योगिक हादसों के इतिहास पर गौर करें तो सबसे भीषण दुर्घटनाएं वेदांता समूह के ईकाईयों में ही घटी है। साल 2009 में कोरबा के वेदांता-स्टरलाइट पॉवर प्लांट चिमनी गिरने से 40 मजदूरों की मौत हो गई थी। छत्तीसगढ़ के औद्योगिक इकाइयों में बॉयलर फटने या अन्य हादसों में मजदूरों के मरने या गंभीर रूप से घायल होने के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। केंद्रीय श्रम मंत्रालय द्वारा जारी सूचना अनुसार बीते पांच सालों में देश भर में 6,500 श्रमिकों ने औद्योगिक दुर्घटनाओं में जान गंवाया है जो औसतन प्रतिदिन 3 मौतों का संकेत देता है।

भारत में अतीत में अनेक बड़े औद्योगिक दुघर्टनाएं हुई है जिसमें 1984 में भोपाल के यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री में गैस रिसाव के चलते 3,700 लोग मारे गए तथा हजारों घायल हुए। मृतकों में बुजुर्ग, युवा, महिलाएं और छोटे बच्चे भी शामिल थे। इस गैस त्रासदी का अभिशाप आज भी बहुत लोग भोग रहे हैं। इसी तरह 1975 में चासनाला कोयला खदान दुर्घटना में 700 लोगों की मौत हुई। साल 209 में कोरबा निर्माणाधीन चिमनी ढहने से 45 श्रमिकों की मौत हुई। देश में सबसे ज्यादा औद्योगिक दुर्घटनाओं वाले पांच राज्यों की सूची में छत्तीसगढ़ भी शुमार है। इसके अलावा दिल्ली, महाराष्ट्र, गुजरात और राजस्थान है जहां औद्योगिक हादसों के मामले ज्यादा दर्ज किए गए हैं।

इधर छत्तीसगढ़ विधानसभा में सरकार की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक 2023 से 2026 यानि बीते 3 वर्षों के दौरान उद्योगों में हादसों की वजह से 296 मौतें हुई हैं वहीं 248 से ज्यादा श्रमिक घायल हुए। आंकड़ों पर गौर करें तो राज्य के उद्योगों में दुर्घटनाओं की वजह से औसतन हर चार दिन में एक श्रमिक की मौत हुई है जो चिंताजनक है। अमूमन हर हादसे के बाद जहां शासन-प्रशासन द्वारा दुर्घटना की जांच के लिए न्यायिक जांच समिति गठित कर दी जाती है वहीं दूसरी ओर उद्योग प्रबंधन में मृतकों और घायलों को चंद पैसे मुआवजा देकर अपने कर्तव्यों की इतिश्री मान लेती है। हर हादसे के बाद मजदूर संगठन अपना आक्रोश प्रदर्शित करने के लिए औद्योगिक इकाइयों के सामने धरना-प्रदर्शन कर अपनी औपचारिकता पूरी कर लेती है तो दूसरी ओर राजनीतिक दल भी मीडिया में सरकार का लानत-मलामत कर अपना सियासी धर्म निभा लेता है। लेकिन इस बीच सिर्फ बच जाता है तो हादसे में मारे गए मजदूरों के परिवारों की सिसकियां और अपंग मजदूर के लिए जीवन भर की लाचारी।



धान का कटोरा छत्तीसगढ़ की एक प्रमुख पहचान औद्योगिक राज्य की भी है जिसके चलते राज्य में बड़े, मझोले और छोटे उद्योगों की अच्छी खासी तादाद मौजूद है। सरप्लस बिजली, प्रचुर खनिज संसाधन, सुगम कनेक्टिविटी, सस्ती मजदूरी और शांतिपूर्ण कानून - व्यवस्था के चलते राज्य में कोयला आधारित लौह और बिजली संयंत्रों तथा सीमेंट प्लांट का जाल बिछा हुआ है। देश के सभी शीर्ष औद्योगिक घरानों के उद्योग यहां स्थापित हैं। आंकड़े के मुताबिक छत्तीसगढ़ में 7, 324 कारखाने स्थापित हैं जिसमें से 948 'खतरनाक' और 32 'अत्यंत खतरनाक ' श्रेणी के हैं। विचारणीय है कि छत्तीसगढ़ जहां औद्योगिक विकास की दौड़ में देश के शीर्ष राज्यों को लगातार पीछे छोड़ रहा है वहीं औद्योगिक हादसों के मामले में राज्य की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। इन औद्योगिक हादसों की प्रमुख वजह औद्योगिक सुरक्षा मानकों की अनदेखी एवं तकनीकी खामियां, उद्योग प्रचालन नियमों का उल्लंघन, श्रमिकों के पास व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (पीपीई) एवं प्रशिक्षण का अभाव है। औद्योगिक दुर्घटनाओं के बढ़ते मामलों के मद्देनजर औद्योगिक स्वास्थ्य और सुरक्षा तथा श्रम विभाग की कार्यप्रणाली भी सवालों के घेरे में है। देश और प्रदेश के अधिकांश औद्योगिक प्रतिष्ठानों में श्रमिक दो तरीकों से नियोजित होते हैं और यह सब श्रम कानूनों से बचने के लिए किया जाता है। देश के सार्वजनिक क्षेत्रों के प्रतिष्ठान से लेकर निजी उद्योगों में तकनीकी और प्रशासनिक अधिकारी प्रबंधन द्वारा नियुक्त होते हैं वहीं बड़ी संख्या में ठेकेदारों के अंतर्गत ' कांट्रेक्ट लेबर' अनुबंधित होते हैं। भले ही श्रम कानूनों में ठेका मजदूरों के वेतन, बीमा, चिकित्सा और सुरक्षा के प्रावधान मौजूद हैं लेकिन सबसे ज्यादा हक इन्हीं श्रमिकों का मारा जाता है।

छत्तीसगढ़ में नब्बे के दशक तक प्रसिद्ध मजदूर नेता शंकर गुहा नियोगी के अगुवाई वाले छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा 'छमुमो' की अच्छी- खासी धमक थी। यह संगठन मजदूरों के हितों के लिए काफी संघर्षशील था इसके अलावा इसने मजदूरों के बीच सामाजिक दायित्वों के निर्वहन की दिशा में नशामुक्ति, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी बेहतर काम किया था। अपने प्रभाव वाले इलाके में छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा एक राजनीतिक ताकत के तौर पर उभर रहा था तथा मोर्चा का अनेक लोकसभा और विधानसभा क्षेत्र में खासा प्रभाव भी था। मजदूर आंदोलनों और ट्रेड यूनियनों के लिए वह इतिहास का काला दिन था जब छत्तीसगढ़ के शीर्ष श्रमिक नेता शंकर गुहा नियोगी की 28 सितंबर 1991 को गोली मारकर हत्या कर दी गई। कॉमरेड नियोगी की हत्या के साथ ही छत्तीसगढ़ में मजदूर आंदोलन की आवाज मद्धम पड़ गई।

बहरहाल इसमें दोराय नहीं कि देश और प्रदेश के आर्थिक विकास के लिए उद्योग एक अनिवार्य आवश्यकता है। छत्तीसगढ़ जैसे विकासशील राज्य में उद्योगों के विस्तार से रोजगार और व्यापार के काफी अवसर बढ़े हैं जिससे आर्थिक विकास को गति मिल रही है। चिंताजनक यह भी कि औद्योगिक विकास की इस दौड़ में श्रमिकों की सुरक्षा कहीं न कहीं पीछे छूट रही है जिस पर विचार आवश्यक है। अहम सवाल यह कि औद्योगिक दुर्घटनाओं के बाद प्रशासन और एजेंसियों द्वारा किए जाने वाले जांच के नतीजों और सुझावों के प्रति आखिरकार सरकार कितना संजीदा है? दरअसल उद्योगों में हादसों में मजदूरों के मौत के बाद जिस मुस्तैदी से पुलिस और प्रशासनिक अमला सक्रिय होता है लेकिन बाद में वह कार्रवाई के नाम पर उद्योग प्रबंधन से मुआवजा या नौकरी के लिए समझौता कराकर मामले को ठंडा करा देता है फलस्वरूप प्रतिष्ठान के उद्योगपति और अधिकारी कार्रवाई से बच जाते हैं। औद्योगिक सुरक्षा से जुड़े विशेषज्ञों की मानें तो समय रहते यदि श्रमिकों की सुरक्षा और श्रम कानूनों के पालन की दिशा में सख्त कदम नहीं उठाया गया तो भविष्य में ऐसी घटनाएं लगातार बढ़ती जाएगी जिससे औद्योगिक मजदूरों में असंतोष बढ़ेगा। मजदूर आंदोलनों के इतिहास पर गौर करें तो ऐसे आंदोलनों ने आर्थिक विकास पर काफी गहरा असर डाला है फलस्वरूप वहां बेरोजगारी और गरीबी बढ़ी है। छत्तीसगढ़ सहित अन्य हिस्सों में मजदूर आंदोलनों के चलते अनेक उद्योगों में जहां तालाबंदी हो गई अथवा इसे अन्य राज्यों में विस्थापित होना पड़ा है। लिहाजा आज जरूरत उद्योग धंधों के विकास के साथ ही प्रतिष्ठानों में श्रमिक सुरक्षा नियमों को सख्ती से लागू करने की है।

औद्योगिक दुर्घटनाओं के प्रभावी रोकथाम के लिए श्रमिकों को मशीन संचालन और सुरक्षा नियमों का व्यापक प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए। अधिकतर औद्योगिक दुर्घटनाओं के लिए कारखानों के मशीनरी का नियमित रखरखाव, सुधार और जांच प्रक्रिया में कोताही नजर आयी है लिहाजा प्रबंधन को इस दिशा में संवेदनशील और गंभीर होने की दरकार है। इसके अलावा कारखानों में आपातकालीन स्थिति में श्रमिकों के त्वरित उपचार हेतु चौबीस घंटे एंबुलेंस युक्त सुसज्जित चिकित्सा केंद्र और प्रशिक्षित स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित करनी होगी। कारखानों में सुरक्षा नियमों के सख्ती से अनुपालन के लिए औद्योगिक स्वास्थ्य और सुरक्षा अमले को फैक्ट्रियों के नियमित निरीक्षण और श्रमिकों के स्वास्थ्य जांच को प्राथमिकता में लाना होगा। औद्योगिक प्रतिष्ठानों में स्वच्छ पेयजल और अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता से श्रमिक सुरक्षा संभव हो सकेगा। इसके अलावा उद्योगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण अभियान और प्रदूषण निवारण यंत्रों के समुचित संचालन के प्रति सजग होना चाहिए।उद्योग प्रबंधन को श्रमिकों को गुणवत्तायुक्त व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण 'पीपीई' जैसे मास्क, दस्ताने, एप्रन, हेलमेट आदि की अनिवार्यता सुनिश्चित करने के लिए मैकेनिज्म लागू करना होगा। उपरोक्त उपायों से जहां मजदूरों और औद्योगिक प्रबंधन के बीच विश्वास बढ़ेगा वहीं देश भी खुशहाल बनेगा।

(ये लेखक के अपने विचार हैं।)

## कूटनीति

महेन्द्र तिवारी



# होर्मुज में भारतीय जहाजों पर फायरिंग के मायने?

होर्मुज जलडमरूमध्य की भौगोलिक स्थिति इसे वैश्विक राजनीति के केंद्र में खड़ा करती है और 18 अप्रैल की घटना ने इस तथ्य को एक बार फिर निर्विवाद रूप से प्रमाणित कर दिया है। उस दिन की सुबह जब भारत के ध्वज वाले दो व्यापारिक पोतों पर ईरानी गनबोट्स द्वारा गोलाबारी की गई, तो यह केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं थी, बल्कि एक विशाल अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक संकट का संकेत था। इस घटना के पीछे के सत्य को समझने के लिए हमें उस समय की जटिल भू-राजनीतिक परिस्थितियों और समुद्री व्यापार के महत्त्व को गहराई से देखना होगा। होर्मुज जलडमरूमध्य एक ऐसा संकरा समुद्री मार्ग है जहां से विश्व की लगभग 20 प्रतिशत तेल और प्राकृतिक ईंधन की आपूर्ति होती है। भारत जैसे विकासशील राष्ट्र के लिए, जो अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं के लिए 90 प्रतिशत तक आयात पर निर्भर है, इस मार्ग की सुरक्षा सीधे तौर पर राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी हुई है। 18 अप्रैल को जब भारतीय तेलवाहक पोत लगभग 20 लाख बैरल कच्चा तेल लेकर इस मार्ग से गुजर रहे थे, तब अचानक हुई फायरिंग ने वैश्विक बाजारों में हलचल मचा दी। यद्यपि इस हमले में किसी भी नाविक की जान नहीं गई और न ही पोत को कोई स्थायी क्षति पहुंची, परंतु इसके रणनीतिक परिणाम अत्यंत गंभीर थे। जहाजों के चालक दल ने जैसे ही आपातकालीन संकेत भेजे, स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पोतों का मार्ग बदलना पड़ा और उन्हें सुरक्षित जलक्षेत्र की ओर वापस लौटना पड़ा। इस घटना का समय अत्यंत संवेदनशील था क्योंकि अप्रैल 2026 में ही अमेरिका ने ईरान के विरुद्ध कड़ा समुद्री प्रतिबंध और नाकाबंदी लागू की थी। इस वैश्विक दबाव के प्रत्युत्तर में ईरान ने घोषणा की थी कि यदि उसके आर्थिक हितों को अवरुद्ध किया गया, तो वह इस महत्वपूर्ण जलमार्ग को किसी के लिए भी सुरक्षित नहीं रहने देगा। इसी पृष्ठभूमि में भारतीय पोतों को लक्ष्य बनाना एक प्रकार का रणनीतिक संदेश था जो न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया के लिए एक चेतावनी के समान था। इस घटना की जड़ें मार्च 2026 से चली आ रही अस्थिरता में भी निहित हैं। उस महीने के दौरान भी कई अंतरराष्ट्रीय जहाजों पर मानवरहित विमानों और प्रक्षेपास्त्रों से हमले हुए थे, जिसमें दुर्भाग्यवश कुछ भारतीय नाविकों को अपने प्राण गंवाने पड़े थे। उन घटनाओं के बाद से ही समुद्री बीमा कंपनियों ने इस क्षेत्र को उच्च जोखिम वाला क्षेत्र घोषित कर दिया था, जिससे माल ढुलाई की लागत में भारी वृद्धि हुई थी। 18 अप्रैल की फायरिंग ने इस असुरक्षा को और अधिक गहरा कर दिया। भारतीय विदेश मंत्रालय ने इस पर अत्यंत तीव्र और स्पष्ट प्रतिक्रिया दी। नई दिल्ली में ईरान के राजदूत को तुरंत तलब किया गया और उन्हें भारत की गहरी चिंता से अवगत कराया गया। भारत के विदेश सचिव ने अपने आधिकारिक वक्तव्य में बिना किसी संकोच के यह स्पष्ट किया कि भारतीय नाविकों और व्यापारिक हितों की सुरक्षा पर कोई भी समझौता संभव नहीं है। भारत का यह कड़ा रुख इस बात का प्रमाण था कि अब वह वैश्विक स्तर पर अपने अधिकारों की रक्षा के लिए सैन्य और कूटनीतिक दोनों मोर्चों पर सक्रिय है। इस संकट के दौरान भारतीय नौसेना ने अपनी तत्परता का प्रदर्शन करते हुए ऑपरेशन ऊर्जा सुरक्षा को और अधिक विस्तारित किया। कुछ गोपनीय विवरणों से यह भी संकेत मिले कि ईरान के भीतर प्रशासनिक और सैन्य नेतृत्व के मध्य इस विषय पर मतभेद थे कि इस जलमार्ग का उपयोग किस सीमा तक एक हथियार के रूप में किया जाना चाहिए। एक पक्ष जहां इसे कूटनीतिक सौदेबाजी का साधन मानता था, वहीं दूसरा पक्ष इसे पूर्णतः अवरुद्ध करने के पक्ष में था। इन आंतरिक विरोधाभासों ने स्थिति को और अधिक अनिश्चित बना दिया था। इस अनिश्चितता का प्रभाव वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भी पड़ा। अप्रैल 2026 के उन दिनों में कच्चे तेल की कीमतों में अभूतपूर्व उछाल देखा गया, जिससे विश्व भर के शेयर बाजारों में अस्थिरता व्याप्त हो गई। भारत के लिए यह स्थिति दोहरी चुनौती थीः एक ओर ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना और दूसरी ओर ईरान के साथ अपने पारंपरिक मित्रवत संबंधों को बचाए रखना। भारत ने अपनी कूटनीति का परिचय देते हुए संतुलन बनाए रखा। इसके परिणामस्वरूप ईरान ने भी बाद में नरम रुख अपनाते हुए भारत के साथ संबंधों की महत्ता को स्वीकार किया और वार्ता के माध्यम से समाधान निकालने पर सहमति व्यक्त की। यह संपूर्ण घटनाक्रम इस सत्य को उजागर करता है कि भविष्य में समुद्री मार्ग ही शक्ति प्रदर्शन के मुख्य केंद्र होंगे। अब युद्ध केवल भूमि तक सीमित नहीं रह गए हैं, बल्कि आर्थिक नाकाबंदी और व्यापारिक मार्गों पर नियंत्रण आधुनिक युद्धनीति के प्रमुख अंग बन चुके हैं।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## हमारी बहुत सी परेशानियों का कारण मोह



संकलित
दर्शन

श्रीरामचरितमानस और अन्य ग्रंथों का जीवन में महत्व समझें। आप कह सकते हैं कि भागदौड़ भरे जीवन में ग्रंथ पढ़ने का समय कहां से निकाले? मैं कहता हूं कि आज के इस दौर में तो इंटरनेट के जरिए भी बहुत से ग्रंथ पढ़ कर अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त किया जा सकता है। ये ग्रंथ हमारे गुरु हैं। कलिकाल में समस्याओं के समाधान का एक बड़ा साधन और उपाय हरि नाम है। स्वयं भगवान शिव राम नाम जपते हैं। राम परम तत्व हैं। हमारी बहुत सी परेशानियों का कारण हमारा मोह है। मोह रूपी रावण को राम ने मारा था। हमारे भीतर महामोह का महिषासुर बैठा है। महिषासुर का वध राम ने नहीं, मां काली ने किया था। इसे मारने के लिए हम राम कथा का सहारा लें। राम कथा एक ओर जहां काली के रूप में कराल है, तो वहीं चंद्रमा की किरणों की तरह उसमें कोमलता-शीतलता भी है। प्रसन्न रहना है तो प्रत्येक व्यक्ति पर, प्रत्येक बात और प्रत्येक परिस्थिति पर संदेह करने की आदत छोड़नी होगी। एक समय सती ने शिव की बातों का विश्वास नहीं किया और भगवान की परीक्षा लेने लगीं। इस कारण अंत में उन्हें शिव वियोग का सामना करना पड़ा। शंकर विश्वास हैं। भक्ति में संशय का कोई स्थान नहीं। विश्वास जीवन है, संशय हमें नाश तक ले जाता है। एक बात और, किसी भी विपरीत परिस्थिति या किसी भी कठिनाई को विपत्ति मत समझें। श्रीरामचरितमानस की प्रसिद्ध पंक्ति है- कह हनुमंत बिपति प्रभु सोई। जब तव सुमिरन भजन न होई।।

## क्या भगवान का अस्तित्व है?



संकलित
प्रेरणा

एक बार एक व्यक्ति नाई की दुकान पर अपने बाल कटवाने गया। तभी नाई ने कहा- मैं भगवान के अस्तित्व को नहीं मानता और इसीलिए तुम मुझे नास्तिक भी कह सकते हो। तुम ऐसा क्यों कह रहे हो व्यक्ति ने पूछा। नाई ने कहा- बाहर जब तुम सड़क पर जाओगे तो तुम समझ जाओगे कि भगवान का अस्तित्व नहीं है। अगर भगवान होते, तो क्या इतने सारे लोग भूखे मरते? क्या इतने सारे लोग बीमार होते? व्यक्ति ने थोड़ा सोचा लेकिन वह वाद-विवाद नहीं करना चाहता था। नाई ने अपना काम खत्म किया और वह व्यक्ति नाई को पैसे देकर दुकान से बाहर आ गया। वह जैसे ही नाई की दुकान से निकला, उसने सड़क पर एक लंबे-घने बालों वाले एक व्यक्ति को देखा जिसकी दाढ़ी भी बढ़ी हुई थी और ऐसा लगता था शायद उसने कई महीनों तक अपने बाल नहीं कटवाए थे। वह व्यक्ति वापस मुड़कर नाई की दुकान में दुबारा घुसा और उसने नाई से कहा- क्या तुम्हें पता है? नाइयों का अस्तित्व नहीं होता। नाई ने कहा- तुम कैसी बेकार बातें कर रहे हो? क्या तुम्हे मैं दिखाई नहीं दे रहा? मैं यहां हूं और मैं एक नाई हूं। और मैंने अभी अभी तुम्हारे बाल काटे है। व्यक्ति ने कहा- नहीं! नाई नहीं होते हैं। अगर होते तो क्या बाहर उस व्यक्ति के जैसे कोई भी लंबे बाल व बढ़ी हुई दाढ़ी वाला होता? नाई ने कहा- अगर वह व्यक्ति किसी नाई के पास बाल कटवाने जाएगा ही नहीं तो नाई कैसे उसके बाल काटेगा?

## अंतर्मन




## आज की पाती

### गलत खानपान से बढ़ता मोटापा

हमारे देश के लोगों में मोटापा बढ़ता जा रहा है। इससे जानलेवा बीमारियों के बढ़ने का खतरा ज्यादा होता है। आज हमने अपनी जीवनशैली और खानपान की आदतों को बिगाड़ कर अपने स्वास्थ्य से खिलवाड़ करना शुरू कर दिया है। मोटापा भी कुदरत के विरुद्ध खानपान और जीवनशैली अपनाने से बढ़ता है। लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और हमारे देश की सरकारें, स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन बहुत से अभियान चलाते हैं। योग गुरु भी इसके लिए काम करते हैं, लेकिन हम उनकी बातों की तरफ ध्यान नहीं देते हैं और फिर गलत खानपान और जीवनशैली अपना कर अपना स्वास्थ्य खराब कर लेते हैं। कुछ लोगों ने अपने खानपान और जीवनशैली की आदत को बिगाड़ कर अपने स्वास्थ्य को खराब करने का काम किया है। *- पवन सिन्हा, बेमेतरा*

## ट्रेंड

### कृषि समृद्धि की आधारशिला



कृषि हमारी समृद्धि की आधारशिला है और हमारे किसान भाई-बहन देश के अन्नदाता। इनका परिश्रम और समर्पण ही राष्ट्र की प्रगति को सुनिश्चित करता है।
कृषिर्धन्या कृषिर्मेध्या जन्तूनां जीवनं कृषिः।
अन्नदः सर्वदश्चैव तस्माच्छ्रेष्ठतरो हि सः॥
**-नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

### ऑल-पार्टी मीटिंग बुलाएं



अगर सरकार महिला आरक्षण लागू करना चाहती तो वह ऑल-पार्टी मीटिंग बुलाए और सबसे पूछे कि इसे कैसे लागू करें? लेकिन मोदी सरकार ने पार्लियामेंट का सेशन बुलाया ताकि दिखा सके कि उसे महिला आरक्षण की परवाह है। सच तो यह है कि मोदी के खाने व दिखाने के अलग-अलग दांत हैं।
**-मल्लिकार्जुन खरगे,** कांग्रेस अध्यक्ष

### बंगाल विकास की राह पर चले



पिछले 15 वर्षों में बंगाल ने केवल 'खेल' देखा है, लेकिन अब समय आ गया है कि राज्य विकास की राह पर चले। राज्य की बदहाल कानून व्यवस्था और बढ़ते भ्रष्टाचार ने आमजन को परेशान किया है। बंगाल की जनता अब बदलाव के लिए मन बना चुकी है और ममता को बदलकर ही रहेगी।
**-योगी आदित्यनाथ,** सीएम, यूपी

### रबींद्रनाथ टैगोर की जमीन



अरे ये पश्चिम बंगाल रबींद्रनाथ टैगोर की जमीन है। बाबर की जमीन नहीं है। लेकिन ममता दीदी के कारण कोई भी आकर बोल सकता है कि बाबर की मस्जिद बनाऊंगा। असम में ये बोलकर देखो। तुरंत थाने जाना पड़ेगा। **-हिमंता बिस्वा सरमा,** सीएम, असम

## करंट अफेयर

# संयुक्त राष्ट्र महासचिव के लिए चार उम्मीदवारों में मुकाबला




संयुक्त राष्ट्र का अगला महासचिव बनने के लिए चार उम्मीदवारों के बीच मुकाबला है और वे अपनी दावेदारी पेश करने के लिए इस सप्ताह संगठन के 193 सदस्यों के राजदूतों के प्रश्नों के उत्तर देंगे। यह संख्या 10 वर्ष पहले जब एंतोनियो गुतारेस का संयुक्त राष्ट्र प्रमुख के रूप में चयन हुआ था, तब की तुलना में काफी कम है। चिली की पूर्व राष्ट्रपति मिशेल बेचेलेट मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों के राजदूतों के समक्ष तीन घंटे के प्रश्नोत्तर सत्र में सबसे पहले शामिल होंगी। इस पद के उम्मीदवारों में बेचेलेट समेत दो महिलाएं और लातिन अमेरिका के तीन उम्मीदवार शामिल हैं। बेचेलेट के बाद अर्जेंटीना के संयुक्त राष्ट्र परमाणु प्रमुख राफेल मारियानो ग्रोसी का नंबर आएगा। संयुक्त राष्ट्र व्यापार प्रमुख रेबेका ग्रिंसपैन बुधवार को महासभा कक्ष में प्रश्नों का उत्तर देंगी और अंत में सेनेगल के पूर्व राष्ट्रपति मैकी साल पेश होंगे। इस पद के लिए 2016 में 13 उम्मीदवारों ने दावेदारी पेश की थी और मुकाबला काफी कड़ा था। ऐसे में सवाल है कि उम्मीदवारों की संख्या कम होने का क्या कारण है। इसका एक कारण यह है कि 2026 की दुनिया गहरे ध्रुवीकरण और संघर्षों से घिरी हुई है और मौजूदा परिस्थितियां 2016 के अपेक्षाकृत अधिक शांत वैश्विक माहौल से काफी अलग हैं।

## ऑफ बीट

# साइकिल चलाना पैदल चलने से चार गुना ज्यादा प्रभावी

साइकिलिंग के माध्यम से लोग चलने या दौड़ने की तुलना में कम ऊर्जा खपत पर तेज और दूर तक सुविधाजनक तरीके से सफर करने में सक्षम होते हैं।



लेकिन आखिर पैदल चलने की तुलना में साइकिलिंग इतनी आसान क्यों लगती है? इसका जवाब छिपा है उस सुव्यवस्थित जैव-यांत्रिकी में जो साइकिल का हमारे शरीर के साथ तालमेल बनाती है। लेकिन यह सरलता एक ऐसी इंजीनियरिंग को छिपाए हुए है, जो मानव शरीर की संरचना और क्रिया प्रणाली से बिल्कुल मेल खाती है। जब हम चलते या दौड़ते हैं तो असल में हमारा झुकाव एक नियंत्रित तरीके से आगे की ओर रहता है और हर कदम पर खुद को संभालते हैं। हमारे पैरों को हर कदम पर एक बड़े दायरे में आगे बढ़ाना पड़ता है, हर कदम पर पैरों को गुरुत्वाकर्षण के विरुद्ध ऊपर उठाना पड़ता है। सिर्फ इस क्रिया में ही शरीर की बहुत सारी ऊर्जा खर्च होती है। साइकिल पर, आपके पैर बहुत छोटी गोलाकार गति में घूमते हैं। हर क्रिया पर अपने पूरे पैर का वजन उठाने के बजाय, आप बस अपनी जांघों और पिंडलियों को एक संकुचित पैडल वाली साइकिल पर घुमाते हैं। इस वजह से शारीरिक ऊर्जा की बचत तुरंत महसूस होती है। लेकिन असली दक्षता यह है कि मानव ताकत ऐसी ऊर्जा में बदल जाती है जो साइकिल को आगे बढ़ाती है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# पश्चिम बंगाल का माहौल बदल गया है और 4 मई को यहां कमल खिलेगाः नवीन

## भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने पश्चिम बंगाल के पूर्व मेदिनीपुर में जनसभा को संबोधित

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने सोमवार को पश्चिम बंगाल के पूर्व मेदिनीपुर में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए राज्य से भ्रष्ट टीएमसी सरकार को हटाकर प्रचंड बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बनाने का आह्वान किया। इसके उपरांत भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने एगरा और केशियारी में भव्य रोड शो भी किया। कार्यक्रमों के दौरान मंच पर महिषादल विधानसभा क्षेत्र जिला अध्यक्ष मलय सिन्हा, जिला प्रभारी अनुपम मल्लिक, महिषादल से प्रत्याशी सुभाष चंद्र पांजा, एगरा से प्रत्याशी दिव्येंदु अधिकारी, केशियारी से प्रत्याशी भद्रा हेम्ब्रम समेत अन्य पदाधिकारी व नेतागण उपस्थित रहे।

नवीन ने कहा कि ममता बनर्जी ने मां, माटी और मानुष के नाम पर सरकार बनाई थी, लेकिन आज न मां सुरक्षित है, न माटी सुरक्षित है और न मानुष सुरक्षित है। पश्चिम बंगाल में संदेशखाली से लेकर आरजी कर मेडिकल कॉलेज तक यदि मां को किसी ने प्रताड़ित किया है, तो वह तृणमूल कांग्रेस की सरकार ने किया है।

### पश्चिम बंगाल की मां-बहनें सुरक्षित नहीं

नवीन ने कहा कि एक महिला मुख्यमंत्री होने के बावजूद अगर पश्चिम बंगाल की मां-बहनें सुरक्षित नहीं हैं, तो मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को कुर्सी से हटा देना चाहिए और अब वह समय आ गया है। महिषादल की 2023 की वह घटना भी सबको याद है जब मां शीतला मंदिर में तृणमूल कांग्रेस ने राजनीतिक रूप से वहां के लोगों को परेशान करने का कार्य किया था। वहां के लोगों और परिवारजनों को प्रसाद लेने से रोका गया, 23 अप्रैल और 29 अप्रैल का दिन ऐसे सनातन विरोधियों को सजा देने का दिन है।

### मां सरस्वती और मां काली की मूर्तियों को तोड़ा गया

उन्होंने कहा कि दिसंबर 2025 की आधी रात में मां सरस्वती और मां काली की मूर्तियों को तोड़ा गया, मूर्तिकारों के रोजगार को क्षति पहुंचाई गई। पश्चिम बंगाल में मां सुरक्षित नहीं है और यहां की माटी को टीएमसी ने अपमानित करने का काम किया, यहां की माटी पर बांग्लादेशी घुसपैठियों को बसाने का काम किया। साथ ही साथ यहां के मानुष को रोजगार देने के बजाय उन्हें पलायन के लिए मजबूर किया गया। ममता बनर्जी नंदीग्राम के आंदोलन से सत्ता में आईं लेकिन ममता बनर्जी ने नंदीग्राम से कुछ सीखा नहीं।

ममता बनर्जी 'मां, माटी और मानुष' के नाम पर सत्ता में आई थीं, लेकिन मां, माटी और मानुष को सबसे अधिक प्रताड़ित करने का कार्य ममता बनर्जी ने ही किया


भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन एगरा और केशियारी में भव्य रोड शो करते हुए

### टीएमसी को सजा देने का वक्त आ गया

नवीन ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूरे देश में महिलाओं को अधिकार दिलाने के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम लेकर आए, महिलाओं को हिस्सेदारी दिलाने के लिए प्रयास किया तो टीएमसी के सांसदों ने उस आरक्षण का विरोध किया है। आज हम अपनी महिला शक्ति से आग्रह करते हैं कि ऐसी सरकारें, जो यहां की महिलाओं को अधिकार छीनती है, जो महिलाओं को असुरक्षित वातावरण देती है, उसे सजा देने का समय आ गया है। अगर यहीं मुस्लिम आरक्षण देने की बात होती तो ममता बनर्जी के सांसद सौ कदम चलकर सुप्रीम कोर्ट और संसद भवन में जाते और मुस्लिम आरक्षण की वकालत करते, लेकिन जब महिलाओं को आरक्षण देने की बात आई तो उन्होंने विरोध किया।

### डबल इंजन की सरकार बनाने का समय आया

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा आज 2026 में पूरी तरह से पश्चिम बंगाल का माहौल बदल गया है। पश्चिम बंगाल लंबे समय तक कभी कम्युनिस्टों, कभी कांग्रेस और अब टीएमसी के शासन के दौर से गुजरता रहा है, जिसका असर राज्य के विकास पर पड़ा है। इस ग्रहण से राज्य को मुक्ति दिलाने और 4 मई को भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकार बनाने का समय आ गया है। यह समय अपनी माटी के लोगों को आगे बढ़ाने का है। हमने बंगाल में माता-बहनों, युवाओं तथा किसानों के लिए बेरोजगारी भत्ता और सम्मान से जुड़ी विभिन्न योजनाओं को संकल्प पत्र में शामिल किया है।

### पीएम तय कार्यक्रम के बिना रुके, तो कैमरा कैसे मौजूद

ममता का आरोप



पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने आरोप लगाया कि राज्य में चुनाव प्रचार के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी का अचानक 'झालमुरी' खरीदने के लिए रुकना 'नाटक' था। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने बीरभूम जिले के मुरारई विधानसभा क्षेत्र में एक चुनावी रैली को संबोधित करने के दौरान प्रधानमंत्री का नाम लिए बगैर कहा कि यह सब नाटक है। चुनाव प्रचार के दौरान पीएम पूर्व में तय कार्यक्रम के बिना अचानक रुके, उस समय वहां कैमरा कैसे मौजूद था? पूरा वाकया पहले से तय था। उन्हें जेब में 10 रुपये का नोट लिए देखा गया। क्या इस पर विश्वास किया जा सकता है?

### हमारा विरोध केवल परिसीमन विधेयक के खिलाफ थाः खरगे



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कूचबिहार में दावा किया कि पीएम नरेंद्र मोदी ने ही 2029 से विधायिकाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण लागू करने वाले संविधान संशोधन विधेयक को खत्म कर दिया, जबकि विपक्ष ने केवल परिसीमन विधेयक का विरोध किया था। हम हमेशा महिलाओं के अधिकार और कल्याण सुनिश्चित करने के पक्ष में रहे हैं। सरोजिनी नायडू, इंदिरा गांधी और सोनिया गांधी कांग्रेस की नेता रही हैं।

## तमिलनाडु में केंद्र पर राहुल गांधी का आरोप

# भाजपा ने मणिपुर को 'आग में झोंका' कांग्रेस और नफरत नहीं फैलाने देगी

**एजेंसी, तिरुनेलवेली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने तमिलनाडु के तिरुनेलवेली में चुनावी रैली में आरोप लगाया कि भाजपा ने देश के अल्पसंख्यकों को डराया-धमकाया और मणिपुर राज्य को 'आग में झोंक' दिया। उन्होंने आश्वासन दिया कि उनकी पार्टी नफरत नहीं फैलाने देगी। अन्नाद्रमुक वह पुरानी पार्टी नहीं रही। आज यह खोखली हो गई है क्योंकि इसके नेताओं ने समझौता कर लिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार में वे (अन्नाद्रमुक) आकंठ डूब गए हैं और वे भाजपा की इच्छा के विरुद्ध कुछ नहीं कर सकते। पीएम मोदी और अमित शाह ने तमिलनाडु राज्य पर कब्जा करना चाहते। करने के लिए उनका इस्तेमाल किया है।



### तमिलनाडु में नहीं चलने देंगे भाजपा का बिहार मॉडल

राहुल गांधी ने तमिलनाडु के थूथुकुडी में कहा कि भाजपा तमिलनाडु में भी यही बिहार मॉडल दोहराना चाहती है। वे तमिलनाडु में ऐसी सरकार चाहते हैं जिसे वे पूरी तरह अपने इशारों पर नचा सकें। वे यहां एक ऐसा मुख्यमंत्री चाहते हैं जो वही करे जो भाजपा कहे। राहुल ने साफ शब्दों में कहा कि वे तमिलनाडु में भाजपा को कभी भी ऐसी कठपुतली सरकार नहीं बनाने देंगे।

### विजय के रोड शो में बिगड़ी कई समर्थकों की तबीयत



तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के बीच अभिनेता से नेता बने विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कड़गम (टीवीके) ने जोरदार चुनावी अभियान शुरू कर दिया है। विजय ने पोननेरी विधानसभा क्षेत्र के पंचट्टी इलाके में बड़ा रोड शो किया, जहां भारी भीड़ उमड़ी और लोगों ने उनका जोरदार समर्थन किया। भीड़ और तेज धूप के कारण कई समर्थकों की तबीयत बिगड़ गई। एक महिला समर्थक को पार्टी कार्यकर्ताओं ने तुरंत प्राथमिक उपचार दिया।

## खबर संक्षेप

### जेएनयू में कर्मचारियों के बच्चों का कोटा 5% बढ़ाया



**नई दिल्ली।** जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) ने आने वाले शैक्षणिक सत्र से अपने शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों के बच्चों के लिए एक बड़ा फैसला लिया है। विश्वविद्यालय ने सभी स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में 5 प्रतिशत अतिरिक्त सीटों का आरक्षण लागू करने को मंजूरी दे दी है।

### आरकॉम को दो वरिष्ठ अधिकारी गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने बताया कि अनिल अंबानी समूह की कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशंस (आरकॉम) के दो वरिष्ठ अधिकारियों को कथित बैंक धोखाधड़ी मामले में गिरफ्तार किया है। अधिकारियों की पहचान आरकॉम के उपाध्यक्ष अनिल कालिया और संयुक्त अध्यक्ष डी. विश्वनाथ के रूप में की है।

### केजरीवाल की अर्जी हाईकोर्ट से खारिज



**नई दिल्ली।** दिल्ली आबकारी नीति मामले में दिल्ली हाईकोर्ट से अरविंद केजरीवाल को राहत नहीं मिली है। हाईकोर्ट की जज जस्टिस स्वर्ण कान्ता शर्मा ने मामले की सुनवाई से खुद को अलग करने से इनकार कर दिया है। दिल्ली हाईकोर्ट ने अरविंद केजरीवाल समेत अन्य आरोपियों की अर्जी को खारिज कर दिया है।

### आईआईटी के साथ ड्रोन से तेज डिलीवरी संभव



**नई दिल्ली।** देश में ड्रोन के जरिए हवाई मार्ग से सामान पहुंचाने की नई तकनीक को परखा गया। इसमें एक बड़ी अंतरराष्ट्रीय कूरियर कंपनी और मद्रास का प्रमुख तकनीकी संस्थान एक साथ आए। इस परीक्षण का मकसद यह देखना था कि भीड़भाड़ वाले माहौल में ड्रोन के जरिए सामान कितनी तेजी और सुरक्षित तरीके से पहुंचा सकता है।

## महिला आरक्षण संशोधन विधेयक पारित नहीं होने पर एनडीए का विपक्षी दलों पर हमला तेज

# नायडू बोले- विरोधी दलों ने महिलाओं के साथ किया अन्याय, माफी मांगें

कई राज्यों में एनडीए ने 'जन-आक्रोश महिला रैली' आयोजित की

तेलुगु देशम पार्टी के प्रमुख एन. चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि पीएम मोदी ने महिलाओं के लिए जो 33 प्रतिशत आरक्षण किया है, वह देश के लिए सबसे प्रगतिशील निर्णयों में से एक है। उन्होंने महिला सशक्तिकरण के साथ विश्वासघात किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

महिला आरक्षण संशोधन विधेयक पारित नहीं होने पर एनडीए में शामिल भाजपा और उसके सहयोगी दलों ने पूरे देश में कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों पर हमले तेज कर दिए हैं। आंध्र प्रदेश के सीएम तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के प्रमुख एन. चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि पीएम मोदी ने महिलाओं के लिए जो 33 प्रतिशत आरक्षण किया है, वह देश के लिए सबसे प्रगतिशील निर्णयों में से एक है। कांग्रेस, द्रुमक और अन्य राजनीतिक दलों ने महिलाओं के साथ अन्याय किया। हर महिला को इस पर चर्चा और बहस करनी होगी। अब उन्हें महिलाओं से माफी मांगनी होगी। उन्होंने महिला सशक्तिकरण के साथ विश्वासघात किया। उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा द्रमुक सरकार में दूरदर्शिता की कमी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) पार्टियां सुधारों की 'हमेशा से विरोधी' रही हैं और राज्य की जनता को उन्हें हराना चाहिए। नायडू ने सत्तारूढ़ द्रमुक पर आरोप लगाया कि तमिलनाडु राज्य में एमके स्टालिन के नेतृत्व वाली सरकार केंद्र सरकार के सहयोग का लाभ उठाने में विफल रही है।

महाराष्ट्र में एक करोड़ महिलाओं के हस्ताक्षर के लिए बड़ा अभियान


आंध्र प्रदेश के सीएम एन. चंद्रबाबू नायडू प्रदर्शन के दौरान संबोधित करते हुए

### सीएम फडणवीस का आरोप: विपक्ष की 'पिछड़ी मानसिकता' के चलते महिलाओं के अधिकारों की 'भ्रूणहत्या'



महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने आरोप लगाया कि विपक्ष की 'पिछड़ी मानसिकता' ने भारत में महिलाओं के प्रतिनिधित्व के एक ऐतिहासिक क्षण की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन अब राज्य भर की महिलाओं से एक करोड़ हस्ताक्षर एकत्र करने के लिए एक व्यापक जनसंपर्क अभियान शुरू करेगा, जिसका उद्देश्य जनमत का निर्माण करना और विपक्ष के महिला विरोधी रुख को उजागर करना है। उन्होंने विपक्षी दलों पर निर्वाचित निकायों में महिलाओं के अधिकारों की 'भ्रूणहत्या' करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने अपनी प्रतिगामी मानसिकता के कारण महिला आरक्षण विधेयक की हत्या कर दी।

### राजस्थान में 'जन आक्रोश'

#### 17 अप्रैल को विपक्ष ने 'काला पन्ना' बनाकर छोड़ दियाः सीएम शर्मा



राजस्थान के जयपुर में भाजपा ने लोकसभा में महिला आरक्षण से संबंधित संशोधन विधेयक का समर्थन नहीं करने पर विपक्ष के खिलाफ प्रदर्शन किया और 'नारी के सम्मान में जन आक्रोश महिला पदयात्रा' निकाली। सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि 17 अप्रैल को ऐतिहासिक दिन बनने वाला था जब लोकसभा में महत्वपूर्ण संविधान संशोधन विधेयक पर चर्चा के बाद मतदान हुआ, लेकिन विपक्ष ने इसे 'काला पन्ना' बनाकर छोड़ दिया। उन्होंने 'महिला विरोधी मानसिकता' वाले लोगों को सबक सिखाने का आह्वान किया।

### बिहार सीएम का निशाना: विपक्ष नहीं चाहता महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी बढ़े

बिहार के सीएम सम्राट चौधरी ने सोमवार को कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) समेत अन्य विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि विपक्षी पार्टियां नहीं चाहतीं कि सामान्य और गरीब वर्ग की महिलाएं सांसद और विधायक बनें।



#### पीएम और नीतीश ने महिलाओं के लिए काम किया

चौधरी ने कहा कि विपक्षी दलों ने दशकों से महिलाओं के आरक्षण में बाधा डाली है, जबकि केंद्र और बिहार में राजग सरकारें महिलाओं के उत्थान के लिए काम करती रही हैं। नीतीश कुमार और पीएम नरेंद्र मोदी ने महिलाओं की सुरक्षा और प्रगति के लिए काम किया है, मैं उसी काम को आगे बढ़ाऊंगा।

## कांग्रेस महासचिव जयराम का तंज

# एजेंडा महिला आरक्षण का नहीं मुद्दे में पीएम का 'संरक्षण' छिपा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि महिला आरक्षण की आड़ में मोदी सरकार द्वारा उठाए गए परिसीमन के कदम को नाकाम करना 'बुलडोजर राजनीति' की हार है। केंद्र सरकार का एजेंडा महिला आरक्षण नहीं, बल्कि पीएम नरेंद्र मोदी का 'संरक्षण' है। कांग्रेस ने मांग की कि केंद्र सरकार संसद के मानसून सत्र या मई के अंत में एक विधेयक लाकर मौजूदा लोकसभा सीटों के आधार पर महिला आरक्षण को तत्काल लागू करे। जयराम रमेश ने कहा कि महिला आरक्षण के मुद्दे पर महिलाएं भाजपा के प्रचार के झांसे में नहीं आएंगी।

### कांग्रेस अध्यक्ष की मांग को अनसुना किया

जयराम रमेश ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम को सितंबर 2023 में सर्वसम्मति से पारित किया गया था, लेकिन कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की इस मांग को अनसुना कर दिया गया कि इसे 2024 के आम चुनाव से लागू किया जाए। अचानक, 16 अप्रैल की रात को अधिनियम अधिसूचित किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जातीय जनगणना को ठंडे बस्ते में डालना चाहती है। हम लोकसभा की मौजूदा संख्या के आधार पर विधायिकाओं में महिला आरक्षण को तत्काल लागू करने की मांग करते हैं। सरकार अगर इससे पहले ऐसा करना चाहती है तो उसे मानसून सत्र के दौरान या मई के अंत में एक संशोधन विधेयक लाना होगा।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 सीआरपीसी/84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मुकेश, पुत्र बाबू लाल निवासी मकान नंबर एस-74/80, हरिजन कैंप पुष्प भवन, खानपुर, नई दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 567/2020 दिनांक 05.11.2020 धारा 33 दिल्ली एक्साइज एक्ट, थाना जैतपुर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **मुकेश** मिल नहीं रहा है और समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **मुकेश** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 567/2020 दिनांक 05.11.2020 धारा 33 दिल्ली एक्साइज एक्ट, थाना जैतपुर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मुकेश** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **28.05.2026** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री छवि बंसल
एलडी. न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-11, दक्षिण-पूर्वी, कोर्ट नं.09
मेन बिल्डिंग, साकेत कोर्ट, नई दिल्ली
DP/4851/SE/2026


# हरियाणा की अनाज मंडियों में अव्यवस्था, किसानों की समस्याओं का समाधान करे सरकारः सैलजा

## सांसद बोलीः पोर्टल में तकनीकी खामियां हैं, सर्वर बार-बार डाउन हो रहा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

खरीद प्रकिया प्रभावित



हरियाणा की अनाज मंडियों में किसानों को आ रही समस्याओं पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए सिरसा से सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश में गेहूं खरीद व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित नहीं हो पा रही है, जिससे किसानों को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि कई मंडियों से लगातार यह शिकायतें सामने आ रही हैं कि पोर्टल में तकनीकी खामियां हैं, सर्वर बार-बार डाउन हो रहा है और किसानों के अंगूठों का मिलान नहीं हो पा रहा। इसके कारण न केवल खरीद प्रक्रिया प्रभावित हो रही है बल्कि किसानों की फसल बिक्री भी अटक रही है।

कुमारी सैलजा ने कहा कि वर्तमान व्यवस्था में किसानों को पहले ऑनलाइन प्रक्रिया में उलझाया गया और अब तकनीकी समस्याओं के चलते उन्हें और कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कई स्थानों पर बारदाना की कमी, उठान में देरी और भुगतान में विलंब जैसी समस्याएं भी देखने को मिल रही हैं। उन्होंने सरकार से अपील की कि इन समस्याओं का तत्काल समाधान किया जाए ताकि किसानों को राहत मिल सके। साथ ही उन्होंने कहा कि खरीद प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और समयबद्ध बनाया जाना चाहिए तथा मंडियों में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जानी चाहिए। कुमारी सैलजा ने विश्वास दिलाया कि कांग्रेस पार्टी किसानों के हितों के प्रति प्रतिबद्ध है और उनकी समस्याओं को गंभीरता से उठाती रहेगी, ताकि उन्हें न्याय और उचित सुविधा मिल सके।


**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.PC. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त, **रितिक उर्फ गोलू पुत्रः** विनोद कुमार, **पताः** म. न. T-189, गली नं. 15, पंजाबी बस्ती, बलजीत नगर, आनंद पर्वत, दिल्ली, ने **FIR No.:138/2019, U/s: 452/323/427/34 IPC,** थानाः **आनंद पर्वत, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **रितिक उर्फ गोलू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **रितिक उर्फ गोलू** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No.:138/2019, U/s: 452/323/427/34 IPC,** थानाः आनंद पर्वत, दिल्ली, के उक्त अभियुक्त, **रितिक उर्फ गोलू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.05.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री अंकुर पंघाल
न्यायिक मजिस्ट्रेट, प्रथम श्रेणी—05
पश्चिम, कमरा नंबर 336A,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली
DP/4537/CD/2026
(Court Matter)

# कोयला ट्रेडिंग के लिए मिलेगा नया डिजिटल प्लेटफॉर्म, सेबी ने दी मंजूरी

## कोल एक्सचेंज बनाएगी एमसीएक्स, 100 करोड़ रुपए होगा शुरूआती निवेश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अभी तक देश में दो एक्सचेंज थे, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई)। लेकिन, जल्द ही एक और एक्सचेंज खुलने वाला है, जिसे बाजार नियामक सेबी से हरी झंडी भी मिल चुकी है। कॉरपोरेट मंत्रालय ने पहले ही इस एक्सचेंज के लिए अनुमति दे दी थी।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज यानी एमसीएक्स ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि सेबी ने उसकी अनुषंगी इकाई कोयला एक्सचेंज कंपनी में निवेश करने की मंजूरी दे दी है। उसे 17 अप्रैल को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (एसईबीआई) से निवेश की मंजूरी मिली है।

### कोयले की खरीद होगी पारदर्शी

एमसीएक्स की यह नई इकाई बाजार-आधारित कीमतों पर कोयले की डिलिवरी के लिए एक पारदर्शी, मानकीकृत डिजिटल मंच प्रदान करेगी और निर्धारित समय सीमा पूरी होने के बाद भारतीय कोयला नियंत्रक संगठन को आवेदन प्रस्तुत करेगी। यह कदम एमसीएक्स के मौजूदा ऊर्जा डेरिवेटिव कारोबार को और मजबूत करता है, जिसमें कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस पर अनुबंध और पिछले साल शुरू किया गया बिजली वायदा अनुबंध शामिल है।




### आम आदमी को भी होगा फायदा

एमसीएक्स के अनुसार, कोयला एक्सचेंज का उद्देश्य एक विनियमित, प्रौद्योगिकी-आधारित बाजार बनाना है जो ईंधन के लिए कुशल मूल्य निर्धारण को सक्षम बनाएगा। यह भारत के बिजली उत्पादन और औद्योगिक क्षेत्रों के लिए महत्वपूर्ण है। इस एक्सचेंज के बाद कोयले की आपूर्ति आसान हो जाएगी और आम आदमी को भी इसका फायदा होगा। कोयले की कम कीमत पर सप्लाई और पहुंच होने से बिजली उत्पादन सस्ता होगा और जनता को भी कम कीमत पर बिजली मिल सकेगी। साथ ही उत्पादन बेहतर होने से कटौती भी कम होगी।

# श्याम स्टील का महाराष्ट्र में स्टील प्लांट स्थापित करने के लिए एमओयू



**मुंबई।** कोलकाता स्थित श्याम स्टील ने महाराष्ट्र सरकार के साथ चंद्रपुर जिले में एक बड़े पैमाने के विनिर्माण संयंत्र की स्थापना के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। यह परियोजना रू. 10,115 करोड़ के महत्वपूर्ण निवेश से जुड़ी है, जो राज्य के औद्योगिक परिदृश्य को बड़ा प्रोत्साहन देगी। प्रस्तावित संयंत्र से 8,000 से अधिक रोजगार अवसर उत्पन्न होने की उम्मीद है, जिससे क्षेत्रीय आर्थिक विकास और आजीविका सृजन में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। इस एमओयू पर महाराष्ट्र के माननीय मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की गरिमामयी उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए, जो राज्य सरकार की उच्च मूल्य वाले औद्योगिक निवेश आकर्षित करने की प्रतिबद्धता को पुनः स्थापित करता है। यह रणनीतिक निवेश महाराष्ट्र को औद्योगिक विकास के लिए एक पसंदीदा गंतव्य के रूप में स्थापित करता है और भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि में योगदान देते हुए श्याम स्टील की विस्तार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। चंद्रपुर में प्रस्तावित यह संयंत्र स्टील विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करेगा, अवसंरचना विकास को गति देगा और क्षेत्र में सामाजिक-आर्थिक प्रगति को तेज करेगा। इस अवसर पर डॉ. पी. अनबलगन, प्रधान सचिव (उद्योग, निवेश एवं सेवाएं), पुरुषोत्तम बड़िवाला, निदेशक, श्याम स्टील, सिद्धार्थ बड़िवाला, निदेशक, श्याम स्टील, दीपक चौधरी, अध्यक्ष यू.के. राणा, सीईओ गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## आयोग ने वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही की रिपोर्ट में कहा

# पश्चिम एशिया संकट से भारत के व्यापार और वृहद आर्थिक स्थिरता को जोखिमः नीति रिपोर्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नीति आयोग ने सोमवार को कहा कि पश्चिम एशिया में तनाव से चालू खाते का घाटा (कैड) बढ़ने और विनिमय दर पर दबाव पड़ने से भारत की व्यापार और वृहद आर्थिक स्थिरता को जोखिम है। आयोग ने वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही के लिए 'ट्रेड वॉच' रिपोर्ट में कहा कि पश्चिम एशिया में अस्थिरता ने भारत-खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की प्रगति को धीमा कर दिया है। इससे व्यापार विविधीकरण और बाजार पहुंच प्रभावित हुई है। नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी ने रिपोर्ट जारी करते हुए कहा, ''यह स्पष्ट होना चाहिए कि एफटीए एकतरफा नहीं होते और न ही होने चाहिए। कहने का तात्पर्य यह है कि जिस तरह हम इन्हें बाजार पहुंच के साधन के रूप में देख रहे हैं, उसी तरह अन्य लोग भी इन्हें बाजार पहुंच के साधन के रूप में देखते हैं।'' बेरी ने कहा कि कठिन परिस्थितियों में भी भारत का वस्तु व्यापार मजबूत बना हुआ है और तमाम आशंकाओं के बावजूद, 2025 जैसे बेहद अनिश्चित वर्ष में भी सेवा व्यापार विशेष रूप से मजबूत रहा है। उन्होंने कहा, ''व्यापार अर्थशास्त्रियों के लिए, निर्यात की तुलना में आयात कहीं अधिक महत्वपूर्ण है।''

### विनिमय दर पर दबाव पड़ने से आर्थिक अस्थिरता



### पूंजी की लागत को कम करने का दिया सुझाव

रिपोर्ट में वित्तीय पहुंच का विस्तार करने और पूंजी की लागत को कम करने का भी सुझाव दिया गया है। इसके तहत एमएसएमई के लिए बिना गारंटी कर्ज, क्रेडिट गारंटी, ब्याज सब्सिडी और आपूर्ति श्रृंखला वित्त का सुझाव दिया गया है। इसमें कारोबार सुगमता और डेटा प्रणाली में सुधार करने की भी बात कही गयी है।

### अलग आंकड़े तैयार किए जाने चाहिए

इसके तहत सीमा शुल्क/डीजीएफटी प्रक्रियाओं को सरल बनाना, पुनर्‌आयात/निर्यात प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करना और साक्ष्य-आधारित नीति और निगरानी के लिए अलग-अलग रत्न एवं आभूषण आंकड़े तैयार किये जाने चाहिए।

### आयात हमें प्रतिस्पर्धी बनने बाध्य करते हैं

बेरी ने कहा, ''आयात ही हमें प्रतिस्पर्धी बनने के लिए बाध्य करते हैं, इसलिए हमें बाजार पहुंच के साथ-साथ आयात का भी स्वागत करना चाहिए।'' नीति आयोग के उपाध्यक्ष ने कहा पिछले 20 साल में भारत ने औसतन छह प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है, जो इसकी वृहद आर्थिक स्थिरता को दर्शाता है।

### जीआई ब्रांड वाले उत्पादों को बढ़ावा दिया जाए

रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है कि भारत के रत्न एवं आभूषण क्षेत्र को मध्यम मूल्य से उच्च मूल्य के निर्यात की ओर बढ़ना चाहिए। डिजाइन-आधारित विनिर्माण, संकुल अनुसंधान एवं विकास और हल्के, फैशन और पुरुषों के आभूषणों को लक्षित करते हुए भौगोलिक संकेतक (जीआई)-ब्रांड वाले उत्पादों को बढ़ावा देना चाहिए।

### कारोबार सुगमता को मजबूत करना होगा

रिपोर्ट के अनुसार, ''भारत के रत्न एवं आभूषण क्षेत्र को कारोबार सुगमता और कच्चे माल की उपलब्धता को मुक्त व्यापार समझौतों के अनुरूप मजबूत करना चाहिए, शुल्क वापसी/ रिफंड को सुव्यवस्थित करना और कच्चे माल की आपूर्ति में सुधार करना चाहिए ताकि कच्चे माल की लागत कम हो और एमएसएमई का लाभ बढ़े।''

# चांदी 4,300 रुपये चढ़ी और सोना 800 रुपये मजबूत

**नई दिल्ली।** खुदरा कारोबारियों और स्टॉकिस्ट की तरफ से ताजा खरीदारी आने से राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को चांदी 4,300 रुपये चढ़कर 2.57 लाख रुपये प्रति किलो हो गई जबकि सोना 800 रुपये की तेजी के साथ 1.57 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। अखिल भारतीय सराफा संघ के मुताबिक, चांदी 4,300 रुपये उछलकर 2,57,300 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) पर पहुंच गई, जो शुक्रवार को 2,53,000 रुपये प्रति किलोग्राम थी। वहीं, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 800 रुपये बढ़कर 1,57,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) हो गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 1,56,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, वैश्विक बाजार में रुख नरम रहा। हाजिर चांदी 1.35 प्रतिशत गिरकर 79.71 डॉलर प्रति औंस रह गई, जबकि सोना 0.52 प्रतिशत गिरकर 4,805.09 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के जिंस विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, ''सप्ताह की शुरुआत में सोना कमजोर रुख के साथ खुला, जो सप्ताहांत में भू-राजनीतिक और व्यापक आर्थिक परिस्थितियों में बदलाव को दर्शाता है।'' उन्होंने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास स्थिति तेजी से बिगड़ी है। कोटक सिक्योरिटीज की प्रमुख (जिंस शोध) कायनात चैनवाला ने कहा कि अमेरिकी खुदरा बिक्री, आवास बिक्री, साप्ताहिक बेरोजगारी दावे और उपभोक्ता विश्वास जैसे आंकड़ों पर निवेशकों की नजर रहेगी।

## ऑटोग्राफ कलेक्शन होटल्स ने नूरमहल के साथ किया डेब्यू

**नई दिल्ली।** ऑटोग्राफ कलेक्शन होटल्स, जो मैरियट बोनवॉय के वैश्विक पोर्टफोलियो का हिस्सा है, ने भारत में अपने पहले होटल नूरमहल, दिल्ली एनसीआर करनाल के उद्घाटन की घोषणा की है। यह 176 कमरों वाला होटल ऐतिहासिक ग्रैंड ट्रंक रोड पर स्थित है और भारत में मैरियट बोनवॉय का 19वां ब्रांड बन गया है। किरण एंडिकॉट, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, साउथ एशिया, मैरियट इंटरनेशनल का कहना है कि ऑटोग्राफ कलेक्शन होटल्स एक स्पष्ट दृष्टि का परिणाम हैं, जिन्हें दिल से डिजाइन किया गया है और जो अपने स्थान की मजबूत पहचान को दर्शाते हैं। नूरमहल इन सभी गुणों को साकार करता है, जिससे यह भारत में इस ब्रांड की आदर्श शुरुआत बनता है। यह लॉन्च हमारे देश में मैरियट बॉनवॉय के 19वें ब्रांड की शुरुआत का भी प्रतीक है, जो हमारे पोर्टफोलियो के निरंतर विकास और विस्तार को दर्शाता है। आज भारतीय यात्री ऐसे ठहराव की तलाश में हैं।

## एसुस ने अपने ड्रॉप ज़ोन नेटवर्क को 22 स्टोर्स तक बढ़ाया

**नई दिल्ली।** एसुस इंडिया ने अपने ड्रॉप ज़ोन पहल को मिल रही सकारात्मक प्रतिक्रिया को देखते हुए, इस प्रोग्राम का विस्तार 22 अतिरिक्त स्टोर्स तक कर दिया है। इसके साथ ही कंपनी ने देशभर में सुलभ, पारदर्शी और तेज आफ्टर-सेल्स सपोर्ट देने के अपने वादे को और मजबूत किया है। कस्टमर एक्सपीरियंस को बेहतर बनाने के लिए शुरू की गई ड्रॉप ज़ोन पहल के तहत, ग्राहक अब अपने लैपटॉप सर्विस के लिए सीधे एसुस एक्सक्लूसिव स्टोर्स पर जमा कर सकते हैं, जिससे उन्हें अलग से सर्विस सेंटर जाने की जरूरत नहीं पड़ती है। यह विस्तार खासतौर पर ग्राहकों की पहुँच, सर्विस में लगने वाले समय और ट्रैकिंग से जुड़ी परेशानियों को कम करने के लिए किया गया है, विशेष रूप से उभरते शहरों में। फेज 2 के तहत यह उक्त नेटवर्क का विस्तार दिल्ली एनसीआर, हरियाणा, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में किया गया है।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/ क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने अवसंरचना और ट्रैक आधुनिकीकरण में उपलब्धियां हासिल की




**मालीगांव।** पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान ट्रैक आधुनिकीकरण, रखरखाव तथा सुरक्षा में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ दर्ज की हैं, जिससे अपने इतिहास में कई नए बेंचमार्क स्थापित किए हैं। ये उपलब्धियाँ पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे की परिचालन दक्षता, यात्री सुरक्षा तथा इंफ्रास्ट्रक्चर की विश्वसनीयता को और बेहतर बनाने के प्रति उसकी निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं। एक प्रमुख तकनीकी उपलब्धि वित्तीय वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही के दौरान फ्लैश बट वेल्ड्स की जांच के लिए फेज्ड एरे अल्ट्रासोनिक टेस्टिंग (पीएयूटी) को शुरू किए जाने के साथ हासिल किया गया। इस पहल पर आगे बढ़ते हुए, वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान कुल 53,544 वेल्ड का परीक्षण किया गया, जिससे उन्नत निरीक्षण तकनीकों के माध्यम से ट्रैक सुरक्षा तथा विश्वसनीयता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई।

## के. आर. मंगलम विश्वविद्यालय में 'सोलिस्टा 2026' का भव्य आयोजन




**गुरुग्राम।** के. आर. मंगलम विश्वविद्यालय में आयोजित वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव 'सोलिस्टा 2026' का आयोजन अत्यंत भव्य एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम विशेष रूप से नवप्रवेशित विद्यार्थियों (फ्रेशर्स) के स्वागत हेतु आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण प्रसिद्ध पंजाबी गायिका जैसमिन की लाइव प्रस्तुति रही। उनकी ऊर्जावान परफॉर्मेंस ने पूरे वातावरण को संगीत और उत्साह से सराबोर कर दिया। उनके लोकप्रिय गीतों पर उपस्थित छात्र-छात्राओं ने भरपूर आनंद लिया और पूरे परिसर में उल्लास का माहौल बना रहा। इसके अतिरिक्त, डीजे श्रेया ने अपने सशक्त संगीत से कार्यक्रम में और अधिक ऊर्जा का संचार किया। उनके प्रस्तुत किए गए ट्रैक्स पर विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक नृत्य किया, जिससे कार्यक्रम की रौनक और बढ़ गई। 'सोलिस्टा 2026' ने विश्वविद्यालय में सांस्कृतिक समृद्धि, सहभागिता और आपसी समन्वय की भावना को सुदृढ़ किया। इस सफल आयोजन ने एक बार पुनः यह सिद्ध किया कि के. आर. मंगलम विश्वविद्यालय शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियों में भी उत्कृष्टता की ओर अग्रसर है।

## उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में घरेलू शेयर बाजार लगभग स्थिर बंद

**मुंबई (एजेंसी)।** बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बीच सोमवार को निवेशकों के सतर्क रुख अपनाने से घरेलू शेयर बाजार उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में लगभग स्थिर रुख के साथ बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 26.76 अंक की मामूली बढ़त के साथ 78,520.30 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 78,942.45 के ऊपरी और 78,203.30 के निचले स्तर तक भी गया। वहीं, निफ्टी 11.30 अंक यानी 0.05 प्रतिशत बढ़कर 24,364.85 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में ट्रेंट, भारतीय स्टेट बैंक, एशियन पेंट्स, एनटीपीसी, बजाज फाइनेंस और इंटरग्लोब एविएशन (यानी इंडिगो) के शेयर प्रमुख रूप से लाभ में रहे। इसके उलट लार्सन एंड टुब्रो, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, एचसीएल टेक और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर नुकसान में रहे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 4.76 प्रतिशत बढ़कर 94.68 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर विवाद गहराने से वैश्विक बाजारों में अस्थिरता बढ़ी है। हालांकि, निवेशक पश्चिम एशिया के हालिया घटनाक्रम को पूर्ण संघर्ष की शुरुआत के बजाय संभावित वार्ता रणनीति के रूप में देख रहे हैं।'' इसके साथ ही नायर ने कहा कि संघर्ष विराम समाप्त होने की समयसीमा नजदीक होने से बाजार में सतर्कता बनी हुई है। व्यापक बाजार में छोटी कंपनियों के बीएसई स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक में 0.15 प्रतिशत की गिरावट आई जबकि मझोली कंपनियों का मिडकैप 0.12 प्रतिशत के नुकसान में रहा।

## बुनियादी उद्योगों का उत्पादन मार्च माह में 0.4 प्रतिशत घटा

**नई दिल्ली।** कोयला, कच्चा तेल, उर्वरक और बिजली के उत्पादन में गिरावट से मार्च में बुनियादी उद्योगों के उत्पादन में 0.4 प्रतिशत की गिरावट आई। पांच महीने में पहला मौका है जब इसमें गिरावट आई है। सोमवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली। इस साल फरवरी में, आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों में 2.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।

**NOTICE**

I, Mrs. Neeta Sharma W/o Shri Narendra Sharma has to inform that I have misplaced the Original Allotment Letter and Share Certificate of Flat No.B-27, Moonlight Apartments, Plot No.70, I.P. Extension, Patparganj, Delhi-110092 and the same are not traceable by my best efforts.

Neeta Sharma

## राशिफल

**मेष** — परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में वृद्धि के साथ स्थान परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी।

**वृष** — कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। व्यर्थ की भागदौड़ बढ़ सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन** — लाभ में में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कर्क** — सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान केंद्रित करें। मान-सम्मान बढ़ेगा। बातचीत में संतुलन बनाए रखें। वाणी में कठोरता का प्रभाव हो सकता है।

**सिंह** — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**कन्या** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव हो सकते हैं।

**तुला** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें।

**वृश्चिक** — पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यभार में वृद्धि होगी। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। आय में वृद्धि होगी।

**धनु** — जीवनसाथी से नोकझोंक हो सकती है। कुटुम्ब में मान-सम्मान की प्राप्ति के योग हैं। लंबी यात्रा पर जाना हो सकता है। सुखद परिणाम मिलेंगे।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। खर्चों की अधिकता रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कुंभ** — नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। मान-सम्मान मिलेगा। शासन-सत्ता का सहयोग रहेगा। कला एवं संगीत में रुचि बढ़ेगी। खर्च अधिक रहेंगे।

## रुपया 19 पैसे कमजोर होकर 93.10 प्रति डॉलर

**मुंबई।** पश्चिम एशिया में फिर से तनाव बढ़ने के बीच अमेरिकी डॉलर की मांग में तेजी और कच्चे तेल में मजबूती रहने से सोमवार को रुपया शुरुआती बढ़त गंवाकर 19 पैसे टूटकर 93.10 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य पर गतिरोध बने रहने से वैश्विक आपूर्ति प्रभावित हुई है और ईरान एवं अमेरिका के बीच ताजा टकराव के कारण डॉलर की मांग बढ़ने से रुपये पर दबाव बना रहा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 92.73 पर खुला।

## ईरान-अमेरिका तनाव से फिर कच्चे तेल की कीमतों में उछाल, 96.25 डॉलर प्रति बैरल

**न्यूयॉर्क।** ईरान और अमेरिका के बीच जारी गतिरोध के कारण टैंकरों को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने से रोके जाने के बाद रविवार को शुरुआती कारोबार में कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी दर्ज की गई। यह फारस की खाड़ी का वह महत्वपूर्ण जलमार्ग है, जो वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति के लिए अत्यंत अहम माना जाता है। 'शिकागो मर्केंटाइल एक्सचेंज' में कारोबार शुरू होने के बाद अमेरिकी कच्चे तेल की कीमत 6.4 प्रतिशत बढ़कर 87.88 डॉलर प्रति बैरल हो गई। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड की कीमत 6.5 प्रतिशत बढ़कर 96.25 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य कार्यशाला प्रबंधक कार्यलय, रेल कोच नवीनीकरण कारखाना, सोनीपत उत्तर रेलवे, निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा करते है।


| निविदा संख्या | 365135 |
|---|---|
| कार्य का नाम और कार्य स्थान | |
| "वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनसेट के लिए व्यापक अनुरक्षण अनुबंध" | |
| अनुमानित लागत | रुपये 258,47,55,662.29 /– जीएसटी @ 18 % सहित |
| बयाना राशि | रुपये 5,16,95,100.00 /– |
| निविदा फार्म का मूल्य | शून्य |
| कार्य अवधि | बहत्तर महीने |
| प्री–बीड कॉनफेरेंस की तिथि और समय | दिनांक 04.05.2026 11:00 बजे। |
| निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि | दिनांक 03.06.2026 15:00 बजे तक। |
| निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने के लिए इंटरनेट साइट | उपरोक्त निविदा IREPS साईट पर उपलब्ध है जो कि है www.ireps.gov.in |

यदि हिन्दी व इंग्लिश के नोटिस में कोई विरोधाभास है, तो इंग्लिश का नोटिस ही मान्य होगा।

पत्र सं. 6S-Efile-337396Tender दिनांक : 28.01.2026 1297/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## शब्द पहेली - 6202



**बाएँ से दाएं**


1. द्वेष, झगड़ा, रार-3
4. बुरकापोश-5
8. गागर, घड़ा-3
9. प्याऊ (उर्दू-3)
10. पैंदा, तला-2
12. बरस, वर्ष-2
13. सतत, लगातार-5
16. मजार, समाधि-4
17. उदारता, बड़प्पन-4
18. वायदा, कसम-2
19. महीना, माह-2
20. हमसफर-4
23. आदेश, आज्ञा-4
25. कहानी लेखक-5
28. गधा, गर्दभ-2
29. श्रवणेंद्रिय-2
31. बारिश, वर्षा-3
33. देवर्षि-3
35. दया करना-3,2
36. चिंतन

**ऊपर से नीचे**

1. कुपुत्र-3
2. अधिकार-2
3. सलाह, राय-4
4. अफसोस, खेद-4
5. शीतकालीन फसल-2
6. दलहन-2
7. ठंडा, सर्द-3
11. जिज्ञासा, उत्साह-3
12. बारिश का मौसम-3
13. धारावाही, अविराम, सीरियल-5
14. रीत, परंपरा-2
15. जीवनसाथी, हमराही-5
21. मोर-3
22. जल, नीर-2
24. पीहर-3
26. गजशाला, हाथी घर-4
27. करतब, करामात-4
28. उपभोग, खर्च-3
30. नेत्र, चक्षु, आंख-3
31. सवारी गाड़ी-2
32. रहन, गिरवी वस्तु-2
34. ताकत, जोर, बल-2

**शब्द पहेली -6201 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | न | मो | ह | न | | र | वा | ना | हो | ना |
| न | | म | क | र | | त | ल | ना | | का |
| मो | ह | | | गि | | ज | | | क | म |
| ह | म | | आ | स | ल | गा | ना | | मा | या |
| क | ल | र | व | | क्ष्य | | म | त | ल | ब |
| | | | भ | ला | | जो | र | | | |
| ज | ग | म | ग | | मौ | | ख | चा | ख | च |
| मी | ल | | त | म | त | मा | ना | | र | म |
| न | त | | | हा | | ल | | | ल | क |
| दा | | म | चा | न | | खा | रि | श | | दा |
| र | म | णी | य | ता | | ना | ट | क | का | र |



## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| पंजाब | 6 | 5 | 0 | 11 |
| बेंगलुरु | 6 | 4 | 2 | 8 |
| राजस्थान | 6 | 4 | 2 | 8 |
| हैदराबाद | 6 | 3 | 3 | 6 |
| दिल्ली | 5 | 3 | 2 | 6 |
| गुजरात | 6 | 3 | 3 | 6 |
| मुंबई | 6 | 2 | 4 | 4 |
| चेन्नई | 6 | 2 | 4 | 4 |
| लखनऊ | 6 | 2 | 4 | 4 |
| कोलकाता | 7 | 1 | 5 | 3 |

ऑरेंज कैप



हेनरिक क्लासेन
283 रन
हैदराबाद

पर्पल कैप



अंशुल कंबोज
13 विकेट
चेन्नई

# आरआर की लगातार दूसरी हार से टूटे वैभव

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 में रविवार को राजस्थान रॉयल्स को लगातार दूसरी हार का सामना करना पड़ा। कोलकाता नाइट राइडर्स ने उसे 4 विकेट से शिकस्त देकर टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत हासिल की। टीम की हार के बाद 15 साल के वैभव सूर्यवंशी काफी निराश दिखे। उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह बाउंड्री के पास जमीन पर सिर झुकाए बैठे हुए हैं और उनकी आंखों से आंसू छलक रहे है। इस हार के बाद वैभव सूर्यवंशी काफी दुखी थे और उनका रोते हुए एक वीडियो भी वायरल हुआ है। विपक्षी केकेआर के फील्डिंग कोच दिशांत याज्ञनिक उनके पास पहुंचते हैं और बगल में बैठकर उनकी हिम्मत बढ़ाते हैं।



**वैभव के बालसुलभ इमोशंस गहरे :** वैभव सूर्यवंशी अभी है भी तो महज 15 साल के। उनके अंदर बालसुलभ इमोशंस गहरे बैठे हैं। जब भी उनकी टीम हारती है या वह आउट होते हैं तो वह बहुत निराश दिखते हैं। रविवार के मैच में सूर्यवंशी ने अच्छा प्रदर्शन किया था। उन्होंने 28 गेंदों में 46 रन की पारी खेली थी। आईपीएल में कोई बल्लेबाज 160 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से 40+ का स्कोर बनाता है तो उसे शानदार ही कहेंगे, लेकिन वैभव सूर्यवंशी के स्टैंडर्ड के लिहाज से ये थोड़ा कम लगेगा।

### सूर्यवंशी दिखे निराश और थके-हारे

अच्छे प्रदर्शन के बाद भी टीम के हारने पर सूर्यवंशी काफी निराश नजर आए। वह बाउंड्री रोप के नजदीक अकेले बैठे थे। बिल्कुल निराश। थके-हारे। टूटे-टूटे से। केकेआर के फील्डिंग कोच दिशांत याज्ञनिक ने उन्हें इस हाल में देखा तो वह उनके पास गए। बगल में बैठ गए और कंधे पर हाथ रखकर उन्हें हिम्मत दिलाते दिखे।

# पहली जीत के बाद खिलाड़ियों के निकले आंसू

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स ने आखिरकार आईपीएल 2026 में अपनी पहली जीत हासिल की। इसके बाद कोलकाता के ड्रेसिंग रूम में खिलाड़ियों आंसू निकल गए। इस जीत के बाद कोलकाता के ड्रेसिंग रूम का माहौल बदल गया। माहौल इतना इमोशनल हो गया, जितना तो 2024 में खिताबी जीत के बाद भी नहीं था। अजिक्य रहाणे की अगुआई वाली कोलकाता ने रविवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ एक कम स्कोर वाले रोमांचक मैच में चार विकेट से जीत हासिल की थी। सीजन की पहली जीत के बाद कोलकाता के खिलाड़ी काफी इमोशनल हो गए। जीत के बाद स्टार स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने ड्रेसिंग रूम का हाल बताया। उन्होंने बताया कि ड्रेसिंग रूम में खिलाड़ियों की आंखों में आंसू थे। उन्होंने कहा कि यह बहुत, बहुत ज़्यादा अहम है। मैं आपको बता सकता हूं कि आज ड्रेसिंग रूम में मैंने कई लोगों की आंखों में आंसू देखे, जो हमने उस साल भी नहीं देखे थे जब हमने 2024 में आईपीलए जीता था।



### हेड कोच नायर को जीत का क्रेडिट

वरुण ने इस बात पर जोर दिया कि इस जीत का नतीजा मिलना, इसे ज़्यादातर जीतों से कहीं ज़्यादा अहम बनाता है। इसका मुख्य श्रेय हेड कोच अभषिक नायर और कोचिंग स्टाफ को जाता है, क्योंकि उन्होंने बाहरी शोर का खलिाड़ियों पर कोई असर नहीं पड़ने दिया। चक्रवर्ती ने कहा कि पिछले कुछ सप्ताह में केकेआर का काफी मजाक उड़ाया गया है और उसकी बहुत आलोचना हुई है, जिसका असर यकीनन खिलाड़ियों के मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ सकता है। मजबूत इरादे रखना ही सफलता की कुंजी है और इसे हासिल करने के लिए केकेआर को अपनी पूरी ताक़त झोंकनी होगी।

## खबर संक्षेप

### डीपी वर्ल्ड प्लेयर्स चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे शीर्ष खिलाड़ी



**नूंह।** वीर अहलावत, ओम प्रकाश चौहान और मनु गंडास जैसे शीर्ष घरेलू गोल्फरों सहित लगभग 130 पेशेवर खिलाड़ी 'क्लासिक गोल्फ एंड कंट्री क्लब' में शुरू होने वाली एक करोड़ रुपए पुरस्कार राशि वाले 'डीपी वर्ल्ड प्लेयर्स चैंपियनशिप' में खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगे। मौजूदा सत्र (2026) में 'डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट' में शीर्ष पर चल रहे सप्तक तलवार, खालिन जोशी, हनी बैसोया और अंगद चीमा भी खिताब के दावेदारों में शामिल हैं। श्रीलंका के एन थंगाराजा टूर्नामेंट में भाग लेने वाले प्रमुख विदेशी खिलाड़ी होंगे। मेजबान क्षेत्र गुरुग्राम और नूंह का प्रतिनिधित्व ध्रुव श्योराण और तपेंद्र घई जैसे खिलाड़ी करेंगे।

### पीएसए चैलेंजर का सूरजचंद ने जीता खिताब

**चेन्नई।** भारत के सूरज कुमार चंद ने दक्षिण कोरिया के जियोंगमिन रियू को सीधे गेम में हराकर



एचसीएल स्क्वाश पीएसए चैलेंजर टूर खिताब जीत लिया है। दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी ने आठवीं वरीयता प्राप्त प्रतिद्वंद्वी को 11-5, 11-9, 11-3 से हराया। मिस्र की सातवीं वरीयता प्राप्त रोकैया ओथमैन ने मलेशिया की दूसरी वरीयता प्राप्त हरलीन तान को 12-10, 11-7, 9-11, 11-7 से हराकर महिला खिताब जीता।

### जोबर्ग लेडीज ओपन में 36वें स्थान पर प्रणवी

**जोहानिसबर्ग।** गोल्फर प्रणवी उर्स अंतिम दौर में एक अंडर 72 के स्कोर से जोबर्ग लेडीज ओपन में



संयुक्त 36वें स्थान पर रहीं। टूर्नामेंट में कट हासिल करने वाली एकमात्र भारतीय प्रणवी ने अंतिम दौर में दो बर्डी ओर एक ईगल किया लेकिन तीन बोगी भी कर गई, जिससे उनका स्कोर एक अंडर रहा। चार अन्य भारतीय खिलाड़ी दीक्षा डागर, त्वेसा मलिक, अवनि प्रशांत और हिताशी बक्शी कट हासिल करने में नाकाम रहीं। इस बीच फ्रांस की अगाथे लेस्ने ने पांच अतिरिक्त होल में कर्स्टन रुडगेली को पछाड़कर खिताब जीता।

### असम रणजी टीम के मुख्य कोच बने पोवार

**मुंबई।** मुंबई और बड़ौदा के पूर्व प्रथम श्रेणी क्रिकेटर किरण पोवार



को 2026-27 के घरेलू सत्र के लिए असम की पुरुष टीम का नया मुख्य कोच बनाया गया है। बाएं हाथ के 50 साल के पूर्व खिलाड़ी किरण मुंबई, बड़ौदा और असम के लिए खेले हैं। वह भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर और महिला टीम के पूर्व मुख्य कोच रमेश पोवार के बड़े भाई हैं। पिछले सत्र में किरण मुंबई की अंडर-23 टीम के प्रभारी थे और यह सीनियर टीम के साथ उनका पहला कार्यकाल होगा, जिसमें वह प्रभारी होंगे।


## आईपीएल : लगातार 4 मैच हारने के बाद जीती मुंबई

# तिलक वर्मा का शतक, इंडियन्स ने गुजरात टाइटंस को 99 रन से रौंदा

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

तिलक वर्मा के नाबाद तूफानी शतक के बाद अश्वनी कुमार की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से मुंबई इंडियन्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में सोमवार को यहां लगातार चार हार के क्रम को तोड़ते हुए गुजरात टाइटंस को 99 रन से हराया जो मौजूदा सत्र में रनों के लिहाज से किसी भी टीम की सबसे बड़ी जीत है। तिलक ने आईपीएल के अपने पहले शतक के दौरान 45 गेंद में आठ चौकों और सात छक्कों से नाबाद 101 रन की पारी खेलने के अलावा कप्तान हार्दिक पंड्या (15 रन, 16 गेंद, एक चौका) के साथ पांचवें विकेट के लिए 81 और नमन धीर (45) के साथ चौथे विकेट के लिए 52 रन की साझेदारी भी की जिससे मुंबई इंडियन्स ने पांच विकेट पर 199 रन बनाए। इसके जवाब में टाइटंस की टीम अश्वनी कुमार (24 रन पर चार विकेट), अल्लाह गजनफर (17 रन पर दो विकेट) और मिचेल सेंटनर (16 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 15.5 ओवर में 100 रन पर सिमट गई और कभी लक्ष्य के करीब पहुंचने की स्थिति में भी नहीं दिखी। टाइटंस की ओर से वाशिंगटन सुंदर ने सर्वाधिक 26 रन बनाए जबकि उनके अलावा शाहरुख (17), कप्तान शुभमन गिल (14) और कागिसो रबाडा (12) ही दोहरे अंक में पहुंच पाए। तिलक की पारी की बदौलत मुंबई की टीम अंतिम चार ओवर में 73 रन जोड़ने में सफल रही। टाइटंस की ओर से रबाडा सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 33 रन देकर तीन विकेट चटकाए। सिराज ने 25 जबकि कृष्णा ने 54 रन देकर एक-एक विकेट हासिल किया।

अश्विनी कुमार को 4 विकेट





### मुंबई-199/5 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| डिकॉक का एवं बो रबाडा | 13 |
| मालेवार पगबाधा बो रबाडा | 02 |
| नमन धीर का रबाडा बो प्रसिद्ध | 45 |
| सूर्यकुमार यादव बो रबाडा | 15 |
| तिलक वर्मा नाबाद | 101 |
| हार्दिक का फिलिप्स बो सिराज | 15 |
| शेरफेन रदरफोर्ड नाबाद | 01 |

अतिरिक्तः 07

कुलः20 ओवर में पांच विकेट परः 199 रन

विकेट पतनः 1-10, 2-25, 3-44, 4-96, 5-177

गेंदबाजीः सिराज 4-0-25-1, रबाडा 4-0-33-3, अशोक 3-0-38-0, राशिद 4-0-31-0, प्रसिद्ध 4-0-54-1, सुंदर 1-0-13-0

### गुजरात-100/10 (15.5)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| सुदर्शन का भगत बो बुमराह | 00 |
| शुभमन का नमन बो अश्वनी | 14 |
| जोस बटलर पगबाधा बो पंड्या | 05 |
| सुंदर का नमन बो सेंटनर | 26 |
| फिलिप्स का एवं बो सेंटनर | 06 |
| तेवतिया का डिकॉक बो अश्वनी | 08 |
| शाहरुख का नमन बो अश्वनी | 17 |
| राशिद का स्थानापन्न बो अश्वनी | 04 |
| रबाडा स्टं डिकॉक बो गजनफर | 12 |
| अशोक शर्मा नाबाद | 01 |
| सिराज पगबाधा बो गजनफर | 00 |

अतिरिक्तः 07

कुलः15.5 ओवर में सभी विकेट खोकरः 100 रन

गेंदबाजीः बुमराह 3-0-15-1, पंड्या 1-0-18-1, भगत 2-0-10-0, अश्वनी 4-0-24-4, गजनफर 2.5-0-17-2, सेंटनर 3-0-16-2

### हैदराबाद की नजर जीत पर, दिल्ली के हौसले भी बुलंद

**हैदराबाद।** पिछले दो मैच में शानदार प्रदर्शन करने वाली सनराइजर्स हैदराबाद की टीम मंगलवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ होने वाले आईपीएल के मैच में घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाने की कोशिश करेगी। दोनों टीम के अभी छह-छह अंक है लेकिन सनराइजर्स का नेट रन रेट बेहतर है और इसलिए वह चौथे स्थान पर काबिज है। कप्तान पैट कमिंस की अनुपस्थिति में सनराइजर्स की गेंदबाजी कमजोर नजर आ रही थी लेकिन उसने धीरे-धीरे इसमें सुधार कर लिया है। कमिंस भी टीम से जुड़ गए हैं लेकिन वह इस मैच में नहीं खेल पाएंगे।वहीं अक्षर पटेल की अगुवाई में दिल्ली कैपिटल्स के हौसले बुलंद है। राहुल और मिलर अपने श्रेष्ठ फॉर्म में हैं।

## विश्व सीरीज कार्टिंग

# 11 वर्षीय अतिका का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन डब्ल्यूएसके में सेकेंड पोजीशन



**लोनाटो ।** भारतीय रेसिंग की नई सनसनी 11 वर्षीय अतिका मीर ने विश्व सीरीज कार्टिंग (डब्ल्यूएसके) की पहली रेस में दूसरा स्थान हासिल किया, जो किसी भारतीय का इस श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। फॉर्मूला वन अकादमी से सहायता पाने पहली भारतीय और ओकेएनजे श्रेणी (12-14 वर्ष की आयु) में विश्व स्तर पर सर्वोच्च रैंकिंग वाली महिला रेसर अतिका ने साउथ गार्डा कार्टिंग में डब्ल्यूएसके यूरो सीरीज राउंड दो की शुरुआती रेस में शानदार प्रदर्शन किया। यह दूसरा अवसर है जबकि डब्ल्यूएसके में ओकेएनजे श्रेणी की किसी रेस में किसी महिला खिलाड़ी ने दूसरा स्थान हासिल किया।

अतिका ने यूरोपीय सर्किट पर अपने शानदार प्रदर्शन से सबका ध्यान अपनी तरफ खींचा है। उनकी इस रेस के दौरान दर्शकों में मर्सिडीज एफवन के बॉस टोटो वोल्फ और उनके स्टार ड्राइवर जॉर्ज रसेल भी मौजूद थे। अतिका ने अभ्यास सत्र में भी अच्छा प्रदर्शन किया और पोल पोजीशन हासिल करने वाले ड्राइवर से केवल एक सेकंड के दसवें हिस्से से पीछे रहीं।

# टूर्नामेंट आज से शुरू, दांव पर दो गोल्ड

**काहिरा।** भारतीय जूनियर निशानेबाज मंगलवार से शुरू होने वाले आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप में इस सत्र में पहली बार किसी प्रतियोगिता में भाग लेंगे, जिसके पहले दिन महिला 10 मीटर एयर राइफल और पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल में पदकों का फैसला होगा। भारत इस प्रतियोगिता में 71 खिलाड़ियों को उतारेगा, जिसमें 58 खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ के सदस्य रविवार को काहिरा पहुंच गए थे। प्रतियोगिता के पहले दिन की शुरुआत पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए 25 मीटर पिस्टल प्रेसिजन चरण के साथ होगी। इसके साथ ही स्कीट में पुरुषों और महिलाओं के वर्ग में शुरुआती चरण के निशाने भी लगाए जाएंगे।

### आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप





### शम्भावी क्षीरसागर के प्रदर्शन पर नजर

भारत ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में छह निशानेबाजों को उतारा है, जिनमें एशियाई जूनियर रिकॉर्ड धारक और 2025 की आईएसएसएफ विश्व कप चैंपियन शम्भावी क्षीरसागर के प्रदर्शन पर सभी की निगाह टिकी रहेगी। उनके अलावा अनुष्का थोकुर, मान्यता सिंह, अनीशा शर्मा, अन्वी राठौड़ और पनाह भुगरा भी अपनी चुनौती पेश करेंगी।


### हॉकी इंडिया कोचिंग शिविर के लिए चुने गए 36 खिलाड़ी

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने बेंगलुरु के भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) केंद्र में 20 अप्रैल से 9 मई तक लगाए जाने वाले सीनियर पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 36 संभावित खिलाड़ियों की घोषणा की। इस कोचिंग शिविर में टीम संयोजन, फिटनेस और मैच की परिस्थितियों की तरह अभ्यास सत्र आयोजित करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। यह शिविर इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत को इस साल एफआईएच प्रो लीग 2025-26 के यूरोपीय चरण, विश्व कप और एशियाई खेलों में भाग लेना है। इस शिविर में उन विभागों की पहचान की जाएगी, जिनमें टीम को और बेहतर बनने की जरूरत है।

# ईटीपीएल में टीम खरीदकर ब्रांड एम्बेसडर बने गेल

**मुंबई।** पहली यूरोपीय टी20 प्रीमियर लीग (ईटीपीएल) ने स्कॉटलैंड की 'ग्लास्गो मुगाफियंस' फ्रेंचाइजी की घोषणा की, जिसमें वेस्टइंडीज के क्रिकेटर क्रिस गेल सह मालिक और वैश्विक ब्रांड दूत होंगे। बॉलीवुड अभिनेता अभिषेक बच्चन के सह स्वामित्व वाली ईटीपीएल का पहला सत्र 26 अगस्त से 20 सितंबर के बीच खेला जाएगा, जिसमें छह फ्रेंचाइजी के बीच 33 मैच छह शहरों ग्लास्गो, एम्सटर्डम, एडिनबर्ग, डबलिन, बेलफास्ट और रोटरडम में खेले जाएंगे। लीग के अनुसार ग्लास्गो टीम का स्वामित्व तंशा बत्रा के पास होगा जबकि मुगाफी ग्रुप संस्थापक साझेदार रहेगा। गेल इसके सह मालिक और वैश्विक ब्रांड दूत होंगे।

■ पहला सत्र 26 अगस्त से 20 सितंबर तक






### ईटीपीएल की विश्व स्तर पर चर्चा : गेल

गेल ने कहा,' ईटीपीएल की विश्व स्तर पर चर्चा हो रही है। मैंने दुनिया भर में फ्रेंचाइजी लीग खेला है और मुझे यकीन है कि यह लीग खास होगी।' वहीं ग्लास्गो टीम के बारे में अभिषेक बच्चन ने कहा,' हम मुगाफी ग्रुप और क्रिस गेल का इस सफर में स्वागत करते हुए आनंदित हैं। यूरोप क्रिकेट के लिए सबसे रोमांचक नए क्षेत्रों में से एक है, जहां खेल संस्कृति, विविधता और अपार संभावनाएं हैं। हम इस लीग के माध्यम से नई प्रतिभाओं को मंच देंगे और यूरोप को विश्व क्रिकेट का केंद्र बनाएंगे ।

## हैरी केन ने दागा सत्र का 32वां गोल

# बायर्न का दबदबा, 13वीं बार बुंडेसलीगा पर कब्जा

**म्यूनिख।** बायर्न म्यूनिख ने स्टटगार्ट पर 4-2 से आसान जीत हासिल करके पिछले 14 साल में 13वीं बार जर्मन फुटबॉल लीग बुंडेसलीगा का खिताब अपने नाम किया। बायर्न म्यूनिख की इस जीत के नायक भी हैरी केन रहे, जिन्होंने दूसरे हाफ में स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान पर उतरने के बाद सत्र का अपना 32वां गोल किया। इससे पहले राफेल गुएरेरो (31वें), निकोलस जैक्सन (33वें) और अलफांसो डेविस (37वें) ने सात मिनट के अंदर तीन गोल करके बायर्न म्यूनिख को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया था। स्टटगार्ट की तरफ से क्रिस फ्यूरिच (21वें) और चेमा आंद्रेस (88वें) ने गोल किए। इस जीत के साथ बायर्न म्यूनिख ने जर्मन लीग के चार राउंड शेष रहते हुए दूसरे स्थान पर मौजूद बोरुसिया डॉर्टमुंड पर 15 अंकों की अजेय बढ़त बना ली है।



### प्रीमियर लीग की खिताबी दौड़ रोमांचक

**मैनचेस्टर।** स्टार स्ट्राइकर एर्लिंग हालैंड कि दूसरे हाफ में किए गए गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी ने आर्सेनल को 2-1 से हराकर प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में खिताब की दौड़ को रोमांचक बना दिया है। इस जीत से इस सिटी के 32 मैच में 67 अंक हो गए हैं जबकि शीर्ष पर काबिज आर्सेनल के 33 मैच में 70 अंक हैं। तीसरे और चौथे नंबर पर काबिज मैनचेस्टर यूनाइटेड और एस्टन विला के समान 58 अंक हैं। मैनचेस्टर सिटी को बुधवार को रेलीगेशन के खतरे से जूझ रही बर्नली के खिलाफ मैच खेलना है और संभावना है कि पेप गार्डियोला की टीम इस मैच में जीत हासिल करके आर्सेनल की बराबरी पर पहुंच जाएगी और पांच दौर के मैच शेष रहते हुए बढ़त हासिल कर लेगी।





### लियोन ने किया उलटफेर, पीएसजी को हराया

**पेरिस।** ब्राजील के फॉरवर्ड एंड्रिक ने एक गोल किया और एक गोल करने में मदद की, जिससे लियोन ने शीर्ष पर काबिज पेरिस सेंट जर्मन (पीएसजी) को 2-1 से हराकर फ्रांसीसी फुटबॉल प्रतियोगिता लीग 1 में तीसरा स्थान हासिल करके चैंपियंस लीग के लिए क्वालीफाई करने की अपनी संभावनाओं को मजबूत किया। पीएसजी की इस सत्र में लीग में यह पांचवीं हार है, जिससे दूसरे स्थान पर काबिज लेंस की खिताब जीतने की उम्मीदें बढ़ गई हैं। पीएसजी अब लेंस से केवल एक अंक आगे है। पीएसजी ने हालांकि उससे एक मैच कम खेला है। पीएसजी के 28 मैच में 63 जबकि लेंस के 29 मैच में 62 अंक हैं। लियोन के 30 मैच में 54 अंक हैं।




# होर्मुज में फंसे नाविकों पर जायसवाल बोले- ईरान से हो रही लगातार बातचीत

*विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि खाड़ी क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच भारत पूरी तरह सतर्क है और प्रधानमंत्री के निर्देश पर गल्फ देशों के साथ लगातार संपर्क में है*

## खाड़ी क्षेत्र में बढ़ता तनाव, भारतीय नाविकों की सुरक्षा में जुटा विदेश मंत्रालय

### होर्मुज पर बरकरार तकरार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत सरकार ने खाड़ी क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच ऊर्जा आपूर्ति, समुद्री सुरक्षा और भारतीय नागरिकों की मदद को लेकर स्थिति स्पष्ट की है। केंद्र सरकार ने कहा है कि देश में घरेलू गैस, बंदरगाह संचालन और आवश्यक सेवाएं सामान्य रूप से जारी हैं, जबकि विदेश मंत्रालय लगातार भारतीय नागरिकों और नाविकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में जुटा है।

### भारत ने इस मामले को गंभीरता से उठाया



### भारतीय जहाजों की सुरक्षित आवाजाही पर जोर

*जायसवाल ने कहा कि भारत ईरान और अन्य देशों के संपर्क में है ताकि होर्मुज से भारतीय जहाजों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने बताया कि शनिवार को हुई फायरिंग की घटना की जानकारी मिलते ही भारत ने इस मामले को गंभीरता से उठाया।*

### ईरान ने होर्मुज को लेकर फिर दी धमकी


ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों को रोकने के अपने वादे जोर देते हुए कहा कि जब तक ईरानी बंदरगाहों पर अमेरिका की नाकेबंदी जारी रहेगी, वह जहाजों को रोकता रहेगा। इस बीच, मध्यस्थ इस हफ्ते युद्धविराम खत्म होने से पहले आगे की बातचीत पक्की करने की कोशिश में लगे हुए हैं। इस दोहरी नाकेबंदियों ने पाकिस्तान की अगुवाई में हो रही मध्यस्थता की कोशिशों को मुश्किल बना दिया है और यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या युद्धविराम को बुधवार की तय समय सीमा से आगे बढ़ाया जा सकता है। गालिबफ, जो अमेरिका के साथ बातचीत में ईरान के मुख्य वार्ताकार हैं, उन्होंने कहा कि तेहरान इस अहम जलमार्ग से गुजरने वाले व्यापारिक जहाजों को रोकता रहेगा। यह बयान तब आया जब शनिवार को ईरान की नौसेना ने वहां से गुजरने की कोशिश कर रहे जहाजों पर गोलियां चलाईं थीं।

### भारतीय नाविकों की सुरक्षा पर ईरानी राजदूत ने दिया आश्वासन

उन्होंने कहा कि भारतीय पक्ष ने ईरान के राजदूत को तलब किया और विदेश सचिव स्तर पर बैठक कर गहरी चिंता जताई। भारत ने साफ कहा कि भारतीय नाविकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और समुद्री मार्गों पर बिना किसी बाधा के आवाजाही होनी चाहिए। जयसवाल के मुताबिक, ईरानी राजदूत ने आश्वासन दिया कि भारत की चिंताओं को तेहरान स्थित संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारतीय जहाजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए संपर्क लगातार जारी है।

### भारतीय नेवी ने होर्मुज के पास सिक्योरिटी बढ़ाई

## स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में भारतीय जहाजों के लिए एडवाइजरी जारी



18 अप्रैल को स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में ईरानी गाड्र्स ने दो भारतीय जहाजों पर गोली चलाई। इसके बाद भारतीय नेवी ने होर्मुज के पास सिक्योरिटी बढ़ा दी है। नई एडवाइजरी जारी हुई है कि लारक द्वीप से दूर रहें। नौसेना की अनुमति मिलने पर ही आगे बढ़ें। 11 जहाज पार हो चुके हैं। देश गरिमा को एस्कॉर्ट किया जा रहा है। 14 जहाज अभी फारस की खाड़ी में फंसे हैं। भारतीय नौसेना के सात युद्धपोत तैनात हैं। 18 अप्रैल को स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में ईरानी गाड्र्स ने दो भारतीय जहाजों पर गोली चला। इसके बाद भारतीय नौसेना ने तुरंत एक्शन लिया और होर्मुज के पास सुरक्षा का जाल और मजबूत कर दिया। अब भारतीय झंडे वाले सभी जहाजों को नई चेतावनी दी गई है कि वे फारस की खाड़ी में फंसे रहकर लारक द्वीप के पास न जाएं। सिर्फ नेवी की अनुमति मिलने पर ही आगे बढ़ें। भारतीय नौसेना सभी भारतीय जहाजों की सुरक्षा को सबसे पहले रख रही है। अभी 14 भारतीय जहाज फारस की खाड़ी में फंसे हुए हैं। होर्मुज पार करने का इंतजार कर रहे हैं।

### देश के जहाजों को नौसेना की चेतावनी, लार्क द्वीप से बनाए रखें दूरी

# दो जहाजों पर हुई गोलीबारी के बाद भारतीय नौसेना ने होर्मुज में बढ़ाया सुरक्षा घेरा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पिछले दिनों होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरते वक्त ईरान की नौसेना (इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर, आईआरजीसी) द्वारा भारत के दो वाणिज्यिक जहाजों पर की गई गोलीबारी के बाद इस अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में भारतीय नौसेना ने देश के जहाजों का सुरक्षा घेरा काफी कड़ा कर दिया है। साथ ही बल ने जहाजों को यह चेतावनी भी दी है कि वो लार्क द्वीप से दूरी बनाकर रखें और वैश्विक जलमार्ग से निकलते वक्त उसकी अनुमति मिलने के बाद ही आगे बढ़ें। नौसेना की तरफ से इस पूरे मामले में इलाके से बाहर निकलने वाले अपने सभी जहाजों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान की जा रही है। वहीं, भारत ने फारस की खाड़ी में मौजूद अपने वाणिज्यिक जहाजों की सुरक्षा के लिए एक परामर्श भी जारी किया है। यहां बता दें कि लार्क द्वीप होर्मुज के सबसे संकरे भाग में मौजूद ईरान की बड़ी तेल अवसंरचना का हिस्सा है। जहां उसने सुरक्षा को बेहद चाक- चौबंद कर दिया है। भारतीय नौसेना को भी वहां से दूरी बनाए रखने को कहा गया है।

### 10 जहाजों ने पार की होर्मुज, इंतजार में हैं 14

इन सबके बीच कुछ वैश्विक मीडिया रिपोर्ट की मानें तो अब तक कुल 10 भारतीय जहाजों ने सुरक्षित रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य को पार कर लिया है। जबकि फारस की खाड़ी में 14 जहाज ऐसे हैं। जो होर्मुज को पार करने का इंतजार कर रहे हैं। नौसेना इलाके में भारतीय ध्वज वाले अपने सभी जहाजों के संपर्क में बनी हुई है और उन्हें जलडमरूमध्य को उसकी अनुमति के बिना पार न करने को कह रही है। अनुमानित आंकड़ों के मुताबिक, वर्तमान में नौसेना ने फारस की खाड़ी में अपने लगभग 7 जंगी युद्धपोतों को तैनात किया है। पूर्व में यह संख्या दो से तीन के बीच बनी हुई थी और नौसेना होर्मुज से ओमान की खाड़ी पर पहुंचने पर स्वदेशी जहाजों को सुरक्षा मुहैया कराती थी।

### ऊर्जा सुरक्षा अभियान की अहम भूमिका

ऊर्जा सुरक्षा अभियान के तहत नौसेना की यह कवायद जारी है। गौरतलब है कि बीते 18 अप्रैल को ईरानी नौसेना द्वारा जग अर्नव और सनमार हेराल्ड नामक जिन दो जहाजों पर ईरान की आईआरजीसी ने गोलीबारी की थी। हाल ही में सोशल मीडिया में एक वीडियो भी सामने आया था।

जिसमें जहाज के कैप्टन ईरानी नौसेना को यह कहते हुए सुनाई पड़ रहे हैं कि वो भारतीय ध्वज वाले जहाज हैं और उन्होंने होर्मुज को पार करने की अनुमति ली है, होर्मुज की निकास सूची में उनका नंबर दूसरा है। इस घटना में गनीमत यह रहा कि दोनों जहाजों में सवार चालक दल के किसी सदस्य को कोई चोट नहीं आई है। लेकिन उन्हें मजबूरी में वापस होर्मुज की ओर लौटना पड़ा।

### होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरते वक्त अनुमति मिलने के बाद ही आगे बढ़ें



### 22 अप्रैल को मुंबई पहुंचेगा 'देश गरिमा' टैंकर

यहां चौकाने वाली एक बात यह भी है कि गोलीबार की यह घटना एक ऐसे समय में सामने आई है। जब ईरान ने बीते कई मौकों पर भारत को अपने मित्र देश की सूची में शामिल करने और अमेरिका के साथ चल रहे उसके युद्ध के बीच सभी व्यापारिक जहाजों की सुरक्षित आवाजाही को बरकरार रखने का वादा भी किया था। गोलीबारी की घटना वाले दिन ही 'देश गरिमा' नामक भारत के एक अन्य जहाज ने होर्मुज को सुरक्षित पार कर लिया था। अब इस जहाज के 22 अप्रैल तक मुंबई पहुंचने की संभावना है। अरब सागर के इलाके में जहाज को भारतीय नौसेना के युद्धपोतों द्वारा सुरक्षा प्रदान की जा रही है।

### राजदूत को तलब कर जताया विरोध

भारतीय जहाजों पर की गई गोलीबारी को लेकर भारत ने नई दिल्ली में तैनात ईरान के राजदूत को तलब कर उन्हें जल्द से जल्द इस मामले में देश के पक्ष को अपने वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष रखने की अपील की है। जिसका आधार विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री और राजदूत डॉ. फतहली की बीच हुई एक बैठक है।

### उद्देश्य भारत-सऊदी अरब के रणनीतिक सहयोग को मजबूत करना

# अजित डोभाल पहुंचे सऊदी अरब, रियाद में मंत्रियों से हुई मुलाकात

एजेंसी ▶▶ रियाद



राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल रविवार को एक दिवसीय आधिकारिक दौरे पर रियाद पहुंचे। इस दौरे का उद्देश्य भारत-सऊदी अरब के रणनीतिक सहयोग को मजबूत करना माना जा रहा है। अजित डोभाल ने ऊर्जा, सुरक्षा और क्षेत्रीय स्थिरता के मुद्दों पर सऊदी अरब के शीर्ष नेतृत्व के साथ कई बैठकें कीं। डोभाल का किंग खालिद इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर सऊदी अरब में भारत के राजदूत डॉ. सुहेल खान और सऊदी अरब के डॉ. सऊद अल-साती (डिप्टी मिनिस्टर फॉर पॉलिटिकल अफेयर्स) ने स्वागत किया। इसके बाद, अजीत डोभाल ने सऊदी के विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान से मुलाकात की। दोनों पक्षों ने पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक परिवर्तनों पर विचार किया। इस चर्चा में कोऑपरेशन और रीजनल डेवलपमेंट पर बातचीत की गई। अजित डोभाल की सऊदी अरब में यह मीटिंग ऐसे समय में हुई है, जब भारत और सऊदी अरब पारंपरिक कच्चे तेल के अलावा नवीकरणीय ऊर्जा, ग्रीन हाइड्रोजन और सप्लाई चेन मजबूती के लिए सहयोग बढ़ा रहे हैं। मीटिंग में ऊर्जा मंत्री अब्दुलअजीज बिन सलमान और सऊदी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार डॉ. मूसाएद अल-ऐबन भी मौजूद थे।

### 3 मुख्य बिंदुओं पर हुई चर्चा

- बताया जा रहा है कि चर्चा में तीन मुख्य बिंदुओं पर बात हुई, इसमें द्विपक्षीय संबंध, क्षेत्रीय सुरक्षा स्थिति और म्यूचुअल इंटरेस्ट से जुड़े मुद्दे शामिल हैं। प्रिंस फैसल और डॉ. अल-ऐबन के साथ बातचीत में संयुक्त सहयोग और रीजनल डेवलपमेंट पर फोकस किया गया।
- भारत और सऊदी अरब ने नौसेना अभ्यास, इंटेलिजेंस शेयरिंग और साइबर सुरक्षा वार्ता सहित डिफेंस और काउंटर-टेरर कोऑपरेशन को लगातार संस्थागत रूप दिया है।
- अजित डोभाल की यह यात्रा 2019 में स्थापित स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप काउंसिल में निरंतर गति का संकेत देती है, जिसकी सह-अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान करते हैं।

## जापान में 7.4 की तीव्रता का भूकंप आया 'सुनामी' की चेतावनी ने बढ़ाई आशंका

एजेंसी ▶▶ टोक्यो



जापान में सोमवार को 7.4 की तीव्रता का भूकंप आया है। मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार सोमवार दोपहर को देश के उत्तर-पूर्वी तट के पास 7.4 की शुरुआती तीव्रता वाला भूकंप आया। इस तीव्रता का भूकंप बहुत ज्यादा नुकसान कर सकता है। भूकंप के बाद इवाते आओमोरी और होक्काइडो प्रांतों में 3 मीटर (9.84 फीट) तक ऊंची सुनामी आने की चेतावनी दी है। ऐसे में बड़े नुकसान का अंदेशा जताया जा रहा है। हालांकि अभी तक जानमाल के नुकसान की कोई जानकारी सामने नहीं आई है। इस भूकंप का केंद्र प्रशांत महासागर में था और यह 10 किलोमीटर की गहराई पर आया था। जापान के भूकंपीय तीव्रता पैमाने पर इस भूकंप की तीव्रता ऊपरी 5 मापी गई। ये इतनी तेज थी कि लोगों का इधर-उधर चलना-फिरना मुश्किल हो गया।

## फर्जी पासपोर्ट बनवाकर लश्कर का आतंकी देश छोड़ सऊदी अरब भागा



एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) का आतंकवादी उमेर हारिस उर्फ 'खरगोश' भारत से भाग गया है। वह जयपुर से सज्जाद नाम से जारी जाली पासपोर्ट के जरिए देश से भागा है। वह भारत छोड़ने के बाद सऊदी अरब में जाकर छिपा है। सज्जाद के बारे में दावा किया गया है कि वह राजस्थान का निवासी है। जम्मू-कश्मीर पुलिस की ओर से दर्ज किया गया मामला संभवतः राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को सौंपा जाएगा।

## सीबीआई के 23 अधिकारियों को उत्कृष्ट सेवा के लिए पुलिस पदक से किया सम्मानित

# साइबर अपराध बड़ी चुनौती, पुलिस और न्यायपालिका को मिलकर करना होगा मुकाबला: चीफ जस्टिस सूर्यकांत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶

सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने आज भारत मंडपम में आयोजित 22वें डी.पी. कोहली स्मृति व्याख्यान को संबोधित करते हुए कहा कि साइबर अपराध आज एक तेज़ी से बढ़ता, सीमाओं से परे और गुमनाम खतरा बन चुका है, जो पारंपरिक कानून-व्यवस्था तंत्र के लिए बड़ी चुनौती है।

यह व्याख्यान सीबीआई द्वारा उसके संस्थापक निदेशक डीपी कोहली की स्मृति में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य न्यायाधीश ने सीबीआई के 23 अधिकारियों और कर्मचारियों को उत्कृष्ट सेवा के लिए पुलिस पदक भी प्रदान किए।

"**विश्वास से बनती है संस्थाओं की ताकत:** अपने संबोधन में न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि किसी भी संस्था की असली ताकत उसके अधिकार में नहीं, बल्कि जनता के विश्वास में निहित होती है। उन्होंने कहा कि साइबर अपराध अब केवल वित्तीय नुकसान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह लोगों की गरिमा, स्वतंत्रता और सार्वजनिक विश्वास को भी प्रभावित करता है। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि जहां साइबर अपराध रियल-टाइम में अंजाम दिए जाते हैं, वहीं संस्थागत प्रतिक्रिया अक्सर धीमी और बिखरी हुई होती है, जिसे बदलने की आवश्यकता है। तकनीक आधारित और समन्वित प्रतिक्रिया पर जोर मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि अब समय आ गया है कि कानून-प्रवर्तन एजेंसियां रियल-टाइम, समन्वित और तकनीक-आधारित रणनीति अपनाएं। उन्होंने बैंकों, टेलीकॉम कंपनियों, डिजिटल प्लेटफॉर्म और जांच एजेंसियों के बीच बेहतर सूचना साझाकरण की आवश्यकता बताई। उन्होंने ऑटोमेटेड डिटेक्शन सिस्टम, अर्ली वॉर्निंग मैकेनिज्म और इंटीग्रेटेड कमांड सिस्टम विकसित करने पर बल दिया। साथ ही डिजिटल फॉरेंसिक, साइबर इंटेलिजेंस और विशेष प्रशिक्षण को मजबूत करने की जरूरत भी बताई।

### "डिजिटल दुनिया अवसरों का महासागर, पर खतरे भी छिपे"



डिजिटल परिदृश्य की तुलना एक विशाल महासागर से करते हुए उन्होंने कहा कि इसमें अपार अवसर हैं, लेकिन साइबर अपराधियों के रूप में कई छिपे खतरे भी मौजूद हैं। ऐसे में समाज की सुरक्षा के लिए पुलिस और न्यायपालिका को दो मजबूत स्तंभ के रूप में मिलकर कार्य करना होगा।

### 'अभय' चैटबॉट लॉन्च

कार्यक्रम के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने 'अभय' नामक एक एआई आधारित चैटबॉट लॉन्च किया। यह टूल नागरिकों को आधिकारिक नोटिस की सत्यता जांचने में मदद करेगा और साइबर ठगी से बचाव में सहायक होगा। यह पहल खासतौर पर उन मामलों को ध्यान में रखते हुए लाई गई है, जहां सीबीआई के नाम पर फर्जी नोटिस भेजकर "डिजिटल अरेस्ट" जैसे फ्रॉड किए जाते हैं।

**कोहली के योगदान को किया याद:** कार्यक्रम में डीपी कोहली के योगदान को भी याद किया गया। उन्होंने 1963 में सीबीआई की स्थापना से पहले स्पेशल पुलिस एस्टैब्लिशमेंट के महानिरीक्षक के रूप में कार्य किया और बाद में 1968 तक सीबीआई के निदेशक रहे। उनके नेतृत्व में संगठन की नींव पड़ी। वर्ष 2000 से हर साल उनके सम्मान में यह व्याख्यान आयोजित किया जाता है।

### इन अधिकारियों को मिला सम्मान

सीबीआई के कुल 23 अधिकारियों/कर्मचारियों को उत्कृष्ट सेवा के लिए पुलिस पदक से सम्मानित किया गया, जिनमें प्रमुख रूप से शामिल हैं—राजीव रंजन (संयुक्त निदेशक), सुधा सिंह, अश्विन आनंद शेनवी, जया लक्ष्मी रामानुजम (आईपीएसअधिकारी), अमृत पाल सिंह (डिप्टी लीगल एडवाइजर), विवेक और सूरज मजूमदार (डीएसपी), सहित इंस्पेक्टर, सब-इंस्पेक्टर, एएसआई, हेड कॉन्स्टेबल और कॉन्स्टेबल स्तर के कई अधिकारी।

### कार्यक्रम में शामिल हुए वरिष्ठ अधिकारी

इस कार्यक्रम में सुप्रीम कोर्ट और विभिन्न उच्च न्यायालयों के न्यायाधीश, केंद्रीय सतर्कता आयोग और लोकपाल के वरिष्ठ अधिकारी, केंद्र सरकार के सचिव, इडी और एनआईए जैसी एजेंसियों के प्रमुख तथा केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम का देशभर में लाइव वेबकास्ट भी किया गया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109